✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजय मयूख

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 13 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 9 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# मोदी सरकार के 12 वर्ष : विकास, सुधार और आत्मनिर्भर भारत की यात्रा

– कमल किशोर –

**नयी दिल्ली।** समय की धारा में कुछ कालखंड ऐसे होते हैं जो केवल वर्षों की गणना तक सीमित नहीं रहते, बल्कि राष्ट्र के इतिहास में परिवर्तन के अध्याय बनकर दर्ज होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपने बारह वर्ष पूरे किए। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं बल्कि उन संकल्पों, प्रयोगों और प्रयासों की यात्रा का पड़ाव है जिसने भारत को नई आकांक्षाओं और नए आत्मविश्वास से परिचित कराया। इन वर्षों में भारत ने स्वयं को केवल एक विकासशील राष्ट्र के रूप में नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी स्वतंत्र पहचान गढ़ने वाले आत्मविश्वासी देश के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। शासन की अवधारणा में तकनीक का समावेश हुआ, गांवों की पगडंडियों से लेकर महानगरों की चमचमाती सड़कों तक विकास की नई रेखाएं खिंचीं और करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव की नई संभावनाएं जागृत हुईं। यह कालखंड उस भारत का साक्षी रहा जिसने डिजिटल क्रांति को जन-आंदोलन का रूप दिया। बैंकिंग सेवाओं से दूर रहने वाला व्यक्ति भी आर्थिक मुख्यधारा से जुड़ा। सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंचाने की व्यवस्था ने प्रशासनिक पारदर्शिता को नई दिशा दी। विकास अब केवल सरकारी दस्तावेजों की भाषा नहीं रहा बल्कि जनजीवन की अनुभूति का हिस्सा बनने लगा। बुनियादी ढांचे का विस्तार इस यात्रा का महत्वपूर्ण अध्याय रहा। राजमार्गों, रेलमार्गों, हवाई अड्डों और आधुनिक परिवहन साधनों ने बदलते भारत की तस्वीर को और स्पष्ट किया। ऊर्जा, संचार और जलापूर्ति के क्षेत्र में हुए विस्तार ने दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की किरणें पहुंचाने का प्रयास किया। यह वह दौर था जब आत्मनिर्भरता केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प के रूप में उभरी। सामाजिक कल्याण की अनेक योजनाओं



ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने की कोशिश की। गरीबों के लिए आवास, किसानों के लिए सहायता, महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए किए गए प्रयासों ने विकास को मानवीय संवेदनाओं से जोड़ने का प्रयास किया। महामारी जैसी वैश्विक चुनौती के समय भारत की सामूहिक शक्ति और संगठन क्षमता भी सामने आई। राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक चेतना के क्षेत्र में भी कई ऐसे निर्णय लिए गए जिन्होंने व्यापक विमर्श को जन्म दिया। निस्संदेह, बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक असमानता और समावेशी विकास जैसे प्रश्न आज भी समाधान की प्रतीक्षा में हैं। किंतु यह भी सत्य है कि पिछले बारह वर्षों में भारत की विकास यात्रा ने एक नया आत्मविश्वास अर्जित किया है। यह वह आत्मविश्वास है जो भविष्य के भारत-विकसित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत-की आधारशिला बनने का दावा करता है।

## आर्थिक सुधार और वित्तीय समावेशन

मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में आर्थिक क्षेत्र के संरचनात्मक सुधार शामिल हैं। वर्ष 2017 में लागू वस्तु एवं सेवा कर को 'एक देश, एक कर' की अवधारणा को साकार करने वाला कदम माना गया। इससे देश की कर प्रणाली को एकीकृत करने और कारोबार को सरल बनाने में सहायता मिली। प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से 55 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए जिससे करोड़ों लोगों को पहली बार औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस युपीआई ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी देशों में शामिल कर दिया। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत हुई, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और रिसाव में कमी आई। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रहा है। नाममात्र जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### शिवचंद्र राम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजद के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने पार्टी के अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। बिहार विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवारों के चयन के बाद उन्होंने यह फैसला लिया। बिहार विधान परिषद की सीटों के लिए राजद ने सुनील कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया है। सोमवार को सुनील सिंह ने पार्टी की ओर से नामांकन भी दाखिल कर दिया। इसके बाद शिवचंद्र राम की नाराजगी खुलकर सामने आ गई। उन्होंने अपने इस्तीफ़े में कहा कि यह फैसला उन्होंने भारी मन से लिया है।

### दो भाइयों को मारी गोली, एक की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा दियारा इलाके में आज दो लोगों को गोली मारी गई। इस गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया है। मृतक की पहचान बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा रजौली लक्ष्मण टोल निवासी भरत राय के पुत्र अजीत राय के रूप में की गई है। इस गोलीबारी में अजीत का भाई दीपक राय घायल हो गया है। घायल का कहना है कि पुलिस के सामने 15 राउंड गोली चली लेकिन पुलिस ने कोई मदद नहीं की और भाग गई। घटना की सूचना मिलने पर एसपी मनीष मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।

### बिहार में आठ आइपीएस अधिकारियों का तबादला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है जबकि एक आईपीएस को अतिरिक्त प्रभार मिला है। इस तबादले में नागरिक सुरक्षा के आईजी पंकज कुमार राज को आईजी एससीआरबी की जिम्मेदारी दी गयी है। उनको रेलवे आईजी का अतिरिक्त प्रभार मिला है। इनके साथ ही एस प्रेमलथा को मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का आईजी, सुधीर कुमार पोरिका को एससीआरबी का डीआईजी, कुमार गौतम को बी-सैप पांच का समादेष्टा, सुशांत कुमार सरोज को एटीएस का डीआईजी, दीपक रंजन को सीआईडी का डीआईजी, मनीष कुमार सिन्हा को अश्वारोही विशेष सशस्त्र पुलिस का समादेष्टा और अजय कुमार को विशेष सुरक्षा दल के समादेष्टा की जिम्मेदारी दी गयी है। संजय कुमार को बी-सैप के आईजी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# बिहार विधान परिषद चुनाव : सभी दस प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पर्चा

## जदयू-भाजपा के चार-चार और लोजपा (आर) एवं राजद से एक-एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान परिषद के लिए होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन सभी 10 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा। एनडीए की तरफ से 9 और महागठबंधन से एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। 10 सीटों पर 10 उम्मीदवारों के नामांकन के कारण सभी की जीत तय है। नौ सीटों पर सामान्य चुनाव और एक सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन किया गया गया। इस क्रम में जदयू-भाजपा के चार-चार और लोजपा (आर) से एक कैंडिडेट ने नामांकन किया जबकि राजद से भी एक



प्रत्याशी ने पर्चा भरा। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से संजय मयूख, पवन सिंह, अनिल ठाकुर और शीला पंडित ने नॉमिनेशन किया जबकि जनता दल यूनाइटेड की तरफ से निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी प्रजापति और ललन प्रसाद (उपचुनाव) ने नामांकन किया। वहीं लोजपा (आर) की तरफ अशरफ अंसारी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसके अलावे राजद से सुनील कुमार सिंह ने भी पर्चा भरा। बिहार विधान परिषद के इस चुनाव में एक सीट के लिए 25 विधायकों की वोट की जरूरत है। ऐसे में 201 विधायकों के साथ एनडीए के नौ उम्मीदवार बिहार विधान परिषद की सीट आसानी से बिना चुनाव हुए जीत जाएंगे। वहीं एक सीट राष्ट्रीय जनता दल के खाते में आसानी से चली जाएगी। वहीं पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने

# ट्रक-बस में टक्कर, आंध्र प्रदेश के तीन श्रद्धालुओं की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में जीटी रोड (एनएच-19) पर रविवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं से भरी एक टूरिस्ट बस को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस की एक तरफ की पूरी बॉडी उखड़ गई। इस दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक यात्री घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश के करीब 40 श्रद्धालु धार्मिक पर्यटन पर निकले थे। रविवार की रात वे बोधगया से वाराणसी के लिए बस से रवाना हुए थे। बस मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेड़िया और देव मोड़ के बीच भवानी होटल के पास पहुंची ही थी कि आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस चालक ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। हादसे में आंध्र प्रदेश के नेल्लूर जिले के संगमा गांव निवासी 50 वर्षीय हजरतय्या, 43 वर्षीय पद्मावती और 64 वर्षीय पशुलेटी वेंकटेश की मौत हो गई। सदर अस्पताल, औरंगाबाद में चिकित्सकों ने इन तीनों को मृत घोषित किया। घायलों में सुभानम्मा, नरेंद्र रेड्डी, प्रसाद समेत लगभग 20 यात्री शामिल हैं जिनमें 7-8 की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने बचाव कार्य शुरू किया। मुफस्सिल थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। औरंगाबाद मुफस्सिल थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# नितिन नवीन एवं वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों संग संवाद हेतु कमल किशोर को आमंत्रण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



- नई दिल्ली के भारत मंडपम में 9 जून को होगा कार्यक्रम
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की तरफ से मिला आमंत्रण

**नई दिल्ली/औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 9 जून को दिल्ली स्थित भारत मंडपम के समिट हॉल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों के साथ मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में बिहार से नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आमंत्रित किया है। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख डॉ. संजय मयूख ने बताया कि यह 12 वर्ष विश्वास के, विकास के तथा जनकल्याण के समर्पित हैं, जिसमें सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। डॉ. मयूख ने कहा कि मोदी सरकार ने इन वर्षों में जनधन योजना से लेकर डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान और कोरोना काल में तेज टीकाकरण जैसे अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं। यह संवाद कार्यक्रम देशभर के चुनिंदा संपादकों और वरिष्ठ पत्रकारों के साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर केंद्रित होगा। कमल किशोर को यह आमंत्रण बिहार की पत्रकारिता की राष्ट्रीय पहचान का संकेत माना जा रहा है।

# नहर में पलटी सफारी, चार युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अरवल।** सदर थाना क्षेत्र के सोन कैनाल मुख्य पथ पर गांधी मैदान के समीप रविवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया। तेज रफ्तार सफारी वाहन अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया जिससे यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात करीब 12 बजे सफारी वाहन सोन कैनाल रोड पर तेज गति से जा रहा था। इसी दौरान मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी नहर में जा गिरी। वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि सभी युवक स्थानीय विधायक से मिलने अरवल आए थे और देर रात वापस लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। मृतकों की पहचान राहुल कुमार (30) पिता रमेश विश्वकर्मा, निवासी देवकली, बिहटा, मनोज कुमार (36) पिता चतुर्भुज चौधरी, निवासी रानीपुर, रानीतालाब, निशंक राज (23) पिता त्रिभवन राम, निवासी अम्हारा तथा अमन राज (28) निवासी पटना के रूप में की गई है। डीएसपी कुमार संजय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिहार कैबिनेट की बैठक में 25 फैसलों पर लगी मुहर

## पेंशनधारियों के लिए 3662 करोड़ मंजूर, किसानों के लिए फिर लागू होगी फसल बीमा योजना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की नई योजना विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार इस योजना को 1 जुलाई 2026 से पूरे बिहार में लागू करेगी। कैबिनेट ने गोपालगंज के सासामूसा चीनी मिल को फिर से चालू करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। इसके लिए गन्ना किसानों का वर्षों से लंबित बकाया भुगतान करने की मंजूरी दी गई है। किसानों को करीब 43 करोड़ रुपये की राशि देने का रास्ता साफ हो गया है। बैठक में डकरानाला पंप नहर योजना के अधूरे कामों को पूरा करने के लिए 251 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा सिंधवारणी जलाशय और उससे जुड़ी मुख्य नहर के मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य के लिए लगभग 197 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। हर साल आने वाली बाढ़ की चुनौती को देखते हुए सरकार ने बाढ़ नियंत्रण और नदी प्रबंधन से जुड़े कार्यों के लिए बड़ी राशि जारी करने की अनुमति दी है। इसके तहत बाढ़ प्रबंधन, भूमि अधिग्रहण और नदी संरक्षण कार्यों के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन 2.0 के तहत केंद्र सरकार के साथ समझौता करने पर भी सहमति दे दी है। इस योजना का उद्देश्य लोगों तक बेहतर पेयजल सुविधा पहुंचाना है। अमृत 2.0 मिशन के तहत बिहारशरीफ, हाजीपुर, बेगूसराय और सहरसा में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़े प्रोजेक्ट मंजूर किए गए हैं। बेगूसराय में सीवरेज नेटवर्क और एसटीपी निर्माण के लिए सबसे अधिक राशि स्वीकृत की गई है। वहीं हाजीपुर, बिहारशरीफ और सहरसा में भी जलापूर्ति से जुड़े महत्वपूर्ण काम किए जाएंगे। सरकार (शेष पृष्ठ 11 पर)




CMYK

# एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत तय, संख्या बल हमारे साथ : संजय सरावगी

## विधान परिषद चुनाव में एनडीए पूरी तरह एकजुट, सभी प्रत्याशी होंगे विजयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव 2026 के लिए एनडीए के सभी नौ उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीए पूरी तरह एकजुट, संगठित और मजबूत है। उन्होंने विश्वास जताया कि गठबंधन के सभी उम्मीदवार विजयी होंगे तथा विधान परिषद में एनडीए की ताकत और अधिक बढ़ेगी। सोमवार को एनडीए के सभी नौ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पवन सिंह, डॉ. संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित ने नामांकन किया। वहीं जदयू की ओर से निशांत कुमार, डॉ. भारती मेहता, शिवानी प्रजापति और ललन प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से अशरफ अंसारी ने अपना नामांकन पत्र भरा। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में जो कार्य किए हैं, उसी का परिणाम है कि गठबंधन के प्रति जनप्रतिनिधियों और जनता का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद चुनाव में भी यह विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि एनडीए के पास स्पष्ट संख्या बल है और सभी सहयोगी दल पूरी मजबूती के साथ एक-दूसरे के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन के प्रत्याशी विभिन्न सामाजिक वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा उनके अनुभव और कार्यक्षमता का लाभ बिहार को मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी उम्मीदवार निर्विरोध अथवा भारी समर्थन के साथ विजयी होकर सदन में पहुंचेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कार्यकुशलता से बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एनडीए सरकार ने राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, रोजगार और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।


# ममता बनर्जी की तानाशाही नीतियों से त्रस्त होकर टीएमसी में मची भगदड़ : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने तृणमूल कांग्रेस में मची राजनीतिक उथल-पुथल और दिल्ली में आयोजित विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की बैठक पर तीखा हमला बोला है। श्री पांडेय ने तृणमूल कांग्रेस के कई सांसदों द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद में अलग गुट की व्यवस्था करने और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कुशासन की समाप्ति के बाद अब उनकी राजनीतिक पारी का भी अंत अब तय हो चुका है। श्री पांडेय ने कहा कि ममता बनर्जी की तानाशाही, तुष्टीकरण और विकास विरोधी नीतियों से अब उनकी ही पार्टी के सांसद और विधायक पूरी तरह से ऊब चुके हैं। टीएमसी के सांसदों का लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखना और एनडीए में शामिल होने की इच्छा जताना यह साफ करता है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और देश के विकास मॉडल पर पूरा भरोसा है। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी टीएमसी के कई बड़े नेता ममता बनर्जी की जनविरोधी नीतियों के कारण पार्टी का साथ छोड़ चुके हैं और टीएमसी के राज्यसभा सांसद भी इस्तीफा दे रहे हैं। ये इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि पार्टी के भीतर असंतोष का ज्वालामुखी फूट चुका है। टीएमसी अब ताश के पत्तों की तरह ढह रही है। श्री पांडेय ने दल्ली में कांग्रेस की अगुवाई में हुई 'इंडिया' गठबंधन की बैठक पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गठबंधन देश के विकास के लिए नहीं, बल्कि केवल अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए किया जा रहा एक ढोंग है। दिल्ली में जुटने वाले इन नेताओं के पास देश के विकास के लिए न तो कोई विजन है और न ही कोई नीति।

# विधायकों द्वारा दिए गए विशेषाधिकार हनन मामलों की विधानसभा अध्यक्ष ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के कार्यालय कक्ष में सोमवार को विशेषाधिकार हनन की सूचनाओं से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोहनियां की विधायक संगीता कुमारी तथा चनपटिया के विधायक अभिषेक रंजन द्वारा क्रमशः नगर परिषद कुदरा (कैमूर) की कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज और चनपटिया के कार्यपालक पदाधिकारी हेमंत कुमार के विरुद्ध दी गई विशेषाधिकार हनन की सूचनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आरोपित पदाधिकारियों एवं संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने आरोपित अधिकारियों का पक्ष सुनने तथा विभागीय मंतव्य की समीक्षा करने के बाद संबंधित जिलाधिकारियों से विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों का सहयोगात्मक और सम्मानजनक व्यवहार सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा प्रशासनिक दक्षता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आकांक्षाओं के प्रतिबिंब होते हैं। विधायिका और कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय एक सुव्यवस्थित शासन व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका को विधायिका के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करना चाहिए, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके और आम जनता को उनका समुचित लाभ प्राप्त हो। बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, अपर सचिव मनोज कुमार, आरोपित पदाधिकारी तथा विधानसभा सचिवालय के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खान सर की अग्रिम जमानत याचिका दाखिल, सुरक्षा कर्मियों की जमानत अर्जी पर हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हत्या के प्रयास एवं शस्त्रों के अवैध इस्तेमाल के मामले में जहां एक ओर आज खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक फैसल खान उर्फ खान सर की ओर से पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई तो वहीं दूसरी ओर जेल में बंद दो सुरक्षाकर्मियों की नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत में खान सर की ओर से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई। अग्रिम जमानत याचिका उनके वकील अरविंद मउआर की ओर से दाखिल की गई जिस पर सुनवाई 09 जून 2026 को होगी। दूसरी ओर इसी मामले में जेल में बंद दो अभियुक्त सुरक्षाकर्मी दीपक कुमार और तालेबर सिंह की नियमित जमानत याचिका पर उनकी ओर से वकील अरविंद मउआर ने प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी अनुराग वर्मा की अदालत में बहस की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने पुलिस से मामले में इकठ्ठा किए गए सिलसिलेवार सबूतों की मांग की है। नियमित जमानत अर्जी पर अगली सुनवाई 10 जून 2026 को होगी। गौरतलब है कि खान सर के कोचिंग संस्थान के नजदीक हुई गोलीबारी के वायरल वीडियो के आधार पर कदमकुआं थाना की पुलिस ने खान सर और उनके दो सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ बीएनएसएस और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कदम कुआं थाना में कांड संख्या 418/2026 दर्ज किया है।

# दोषी अधिकारियों पर गिरेगी गाज, शिकायतों के निपटारे में नहीं होगी देरी : मंत्री

## नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने की समीक्षा, दिए कई अहम निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को विभाग में आरोप एवं निगरानी संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित शिकायतों, आरोपों तथा निगरानी मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा एवं विधान परिषद के सदस्यों द्वारा अधिकारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। श्री मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दे जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं से जुड़े होते हैं। इसलिए ऐसी शिकायतों के निपटारे में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों के निष्पादन हेतु एक स्पष्ट एवं प्रभावी मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए तथा उसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान हो सके। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को सभी लंबित मामलों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों एवं आरोपों की जांच प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक मोड में संचालित किया जाए, ताकि दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग में नियम विरुद्ध कार्यप्रणाली, भ्रष्टाचार एवं लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी स्तर पर अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि शिकायतों की जांच निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं पारदर्शी ढंग से की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां दोष सिद्ध हो वहां कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, वहीं असत्य अथवा आधारहीन शिकायतों के मामलों पर भी गंभीरता से विचार किया जाए, ताकि कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदारी से कार्य कर रहे अधिकारियों का मनोबल प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करना भी सुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि सुशासन, जवाबदेही एवं पारदर्शिता को मजबूत बनाने के लिए शिकायतों का त्वरित समाधान अत्यंत आवश्यक है। जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए विभागीय कार्यप्रणाली में जवाबदेही, समयबद्धता और संवेदनशीलता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाते हुए जनता एवं जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करें।

# निवेशकों को बड़ी राहतः एसआइपीबी सचिवालय बना राज्य का एकल नोडल एजेंसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक निवेश को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में राज्य मंत्रिपरिषद ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद द्वारा बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 2016 की धारा 10 के अंतर्गत राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय को एकल नोडल एजेंसी के रूप में प्राधिकृत करने, इससे संबंधित विभागों के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति एवं क्लियरेंस हेतु मानक संचालन प्रक्रिया के निर्धारण के लिए राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद को प्राधिकृत करने की स्वीकृति दी गई है। इससे बहु-एजेंसी विनियामक व्यवस्था के कारण वर्तमान प्रशासनिक जटिलताएं दूर होगी तथा परियोजनाओं का समयवद्ध क्रियान्वयन हो सकेगा। प्रतिनियुक्त अधिकारियों का औद्योगिक विकास आयुक्त के प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण, अनुशासनिक अधीनता एवं पर्यवेक्षण से त्वरित क्लियरेंस की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। क्लियरेंस जारी करने हेतु औद्योगिक विकास आयुक्त द्वारा आवश्यकता अनुसार विभागों एवं वैधानिक निकायों के सक्षम नोडल अधिकारियों को शामिल या उपवर्जित करने के संबंध में प्रतिनियुक्तियों के औपचारिक आदेश जारी किया जा सकेगा। राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद द्वारा व्यापक मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार किया जाएगा। यह निर्णय बिहार सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों तथा 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# रौशन आनंद की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खान ग्लोबल स्टडीज के सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट के मामले में जेल में बंद ज्ञान बिंदु कोचिंग संस्थान के निदेशक रौशन आनंद की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद आज पटना की एक अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी अनुराग वर्मा की अदालत में रौशन आनंद की ओर से बहस करते हुए उनके वकील विजय आनंद ने अपने मुवक्किल को निर्दोष बताया और उन पर लगाये गये आरोपों को निराधार बताते हुए जमानत पर मुक्त किए जाने की प्रार्थना की। खान ग्लोबल स्टडीज की ओर से वकील अरविंद मउआर ने जमानत अर्जी का विरोध किया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। प्राथमिकी के अनुसार मामले के अभियुक्तों पर खान ग्लोबल स्टडीज में प्रवेश कर एक सुरक्षाकर्मी को खींचकर बाहर सड़क पर लाने और उसके साथ मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने रौशन आनंद, अभिषेक कुमार और गौरव कुमार को गिरफ्तार कर 03 जून 2026 को जेल भेजा था। मामले की प्राथमिकी कदमकुआं थाना में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कांड संख्या 410/26 के रूप में दर्ज की गई है।

# केवाइपी केंद्र संचालक अफवाहों और धन उगाही करने वालों से रहें सावधान : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली।** केवाईपी केंद्रों के संचालन से संबंधित वर्तमान परिस्थितियों को लेकर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने बिहार के सभी केवाईपी केंद्र संचालकों से सतर्क एवं सजग रहने की अपील की है। डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोग एवं अवसरवादी तत्व केंद्र संचालकों की चिंताओं का लाभ उठाकर उन्हें गुमराह करने तथा विभिन्न बहानों से धन उगाही करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सभी केंद्र संचालकों को सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित केवाईपी (कुशल युवा कार्यक्रम) का महत्व बना हुआ है और केंद्र संचालकों को किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देना चाहिए। किसी भी प्रकार की गलत जानकारी फैलाकर आर्थिक लाभ लेने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों से दूरी बनाए रखना आवश्यक है। डॉ. झा ने बिहार के सभी केवाईपी केंद्र संचालकों से अपील की कि वे इस विषय से संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था या केंद्र संचालक को किसी प्रकार की राशि का भुगतान न करें। यदि कोई व्यक्ति किसी समस्या के समाधान, केंद्र संचालन या अन्य किसी बहाने से धन की मांग करता है तो उसकी सूचना संबंधित अधिकारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र संचालकों को एकजुट होकर अपने अधिकारों एवं हितों की रक्षा करनी चाहिए तथा केवल अधिकृत एवं विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही विश्वास करना चाहिए।


# मंत्री अरुण शंकर प्रसाद पर हमला मामले में खजौली थानाध्यक्ष और चौकीदार निलंबित, सात गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के काफिले पर हुए हमले और उसमें शामिल एक वाहन को क्षतिग्रस्त करने के मामले में मधुबनी पुलिस ने खजौली थाना क्षेत्र के ठाहर गांव से तीन महिला और तीन पुरुष को देर रात्रि में गिरफ्तार कर लिया। वहीं मुख्य साजिशकर्ता सुनील कुमार सिंह को नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खजौली थाना में क्षेत्र हुए घटना में विफल खजौली थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह एवं ठाहर गांव के चौकीदार को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुल 17 लोगों को नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें अभी तक साजिशकर्ता सुनील कुमार सिंह, खजौली थाना क्षेत्र के ठाहर गांव निवासी वीणा देवी, बद्री मंडल, शितला देवी, रंजू देवी, विवेक कुमार यादव, राजदेव यादव, सुनील कुमार सिंह शामिल हैं। इन सभी की गिरफ्तारी सीसीटीवी कैमरे के फोटो के आधार पर की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अन्य आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में स्पीडी ट्राईल चलाकर सभी आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

# भारतीय रेल ने तीन सेक्शन में 163 किमी चालू करके कवच 4.0 सेफ्टी रोलआउट में लाई तेज़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** भारतीय रेल ने आज अपने नेटवर्क के तीन सेक्शन में कवच वर्जन 4.0 (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) के 163 रूट किलोमीटर चालू किए, जो रेल सेफ्टी को मज़बूत करने में एक और बड़ा मील का पत्थर है। नए चालू किए गए सेक्शन में धनबाद और पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के सरमाटांर से निमियाघाट (76 किमी), फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड (43 किमी) और सासाराम से फ़ेसर (44 किमी) सेक्शन शामिल हैं। पूर्व मध्य रेल के दीन दयाल उपाध्याय मंडल में कवच सिस्टम को शामिल किया गया है। इस कमीशनिंग के साथ, इंडियन रेलवे हाई-डेंसिटी रूट पर ट्रेन प्रोटेक्शन, ऑपरेशनल सेफ्टी और रिलायबिलिटी बढ़ाने के लिए स्वदेशी कवच सिस्टम के डिप्लॉयमेंट में तेज़ी ला रहा है। आज के शामिल होने के बाद,कवच वर्जन 4.0 को पूर्व मध्य रेल में कुल 256.3 रूट किलोमीटर पर कमीशन किया गया है। इसमें पूर्व मध्य रेल का मानपुर-सरमाटांर (93.3 किमी) सेक्शन भी शामिल है। पूर्व मध्य रेल के धनबाद और पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के सरमाटांर से निमियाघाट, फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड और सासाराम से फ़ेसर के लेटेस्ट कमीशन किए गए 163 रूट किमी सेक्शन पर कवच 4.0 के साथ ट्रेन ऑपरेशन शुरू हो गया है। फ़ेसर-सासराम सेक्शन पर कवच युक्त पहली ट्रेन 15137 बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस सफलतापूर्वक चलायी गयी। यह फ़ेसर से 03:02 बजे गुजरी और सासाराम 03:50 बजे पहुंची। भभुआ-पंडित दीन दयाल उपाध्याय/फ्लाईओवर केबिन सेक्शन पर यह भभुआ से 04:39 बजे निकली और पंडित दीन दयाल उपाध्याय/एफओसी से 05.20 बजे गुजरी।

# फिल्म नीति में कलाकारों के लिए अनुदान से होगा रोजगार का सृजन : मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार से फिल्म अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह ने सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 के तहत बिहार में फिल्म की शूटिंग करने पर निर्माता को 4 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी देने का प्रावधान है। इसके अलावा फिल्म में बिहार के कलाकारों को काम देने पर उन्हें भुगतान की गई राशि का 50 फीसदी अतिरिक्त अनुदान दिया जाता है जिससे बिहार के कलाकारों को राज्य में ही काम मिल रहा है। डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि फिल्म नीति का निर्माण विभिन्न राज्यों की फिल्म नीतियों का अध्ययन करने के बाद फिल्म निर्माताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। साथ ही बिहार में शूटिंग होने वाली फिल्मों के निर्माताओं और कलाकारों से उनका फीडबैक लिया जा रहा है। उसके अनुसार कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में अबतक 50 से अधिक फिल्मों की शूटिंग की अनुमति दी गई है जिनमें से ज्यादातर फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि निर्माताओं को शूटिंग परमिशन के लिए अलग-अलग विभागों में आवेदन की आवश्यकता नहीं है। फिल्म निगम के माध्यम से वे ऑनलाइन परमिशन प्राप्त कर सकते हैं।

# शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जमीन मापी की दर में दो गुणा की बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मौजूद जमीनों की मापी की दर में तकरीबन दो गुणा की बढ़ोतरी की है। बढ़ोतरी के बाद नई दर के मुताबिक नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र में मौजूद रैयती जमीन की मापी के लिए प्रति खेसरा 2 हजार रुपये और अधिकतम 8 हजार रुपये की दर निर्धारित की गई है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में प्रति खेसरा 1 हजार रुपये और अधिकतम 4 हजार रुपये मापी शुल्क निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित कैबिनेट की विशेष बैठक में इससे संबंधित मसौदे पर मुहर लगी। कैबिनेट में 25 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के बारे में विस्तृत जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। श्री चौधरी ने कहा कि इस नए प्रावधान के तहत शहरी क्षेत्र में तत्काल मापी के लिए प्रति खेसरा 4 हजार और अधिकतम 16 हजार रुपये का शुल्क देना होगा। वहीं, ग्रामीण इलाकों में तत्काल मापी के लिए प्रति खेसरा 2 हजार और अधिकतम 8 हजार रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं इससे पहले सामान्य जमीन की मापी की यह दर शहरी इलाकों के लिए 1 हजार रुपये प्रति खेसरा और अधिकतम 4 हजार रुपये थी। इसी तरह ग्रामीण इलाकों के लिए यह दर 500 रुपये और अधिकतम 1 हजार रुपये थी। परंतु अब इसे बढ़ाकर दोगुणा कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में 15 वर्ष पुराने गैर-सरकारी वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए जारी एसओपी जारी है। इसके तहत निबंधित यान स्क्रैपिंग सुविधा के माध्यम से वाहन को स्क्रैप कराने पर सीओडी जारी किया जाता है। अब इस सीओडी के आधार पर नए वाहनों के निबंधन में मोटरवाहन कर में निर्धारित छूट दी जाएगी। इससे अधिक से अधिक संख्या में गैर-सरकारी वाहनों को स्क्रैप किए जाने और नए वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित किया जा सकेगा। इससे वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा रबी मौसम 2026-27 से केंद्र सरकार की तरफ से प्रायोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को कार्यान्वित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# लैंड बैंक निर्माण में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं : मंत्री

## राजस्व महा अभियान के आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुंगेर, पूर्णिया एवं कैमूर जिलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें, अन्यथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान मंत्री ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों और औद्योगिक निवेश को गति देने के लिए प्राथमिकता के आधार पर लैंड बैंक का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि दस वर्ष से अधिक पुराने मामलों की विशेष समीक्षा की जाए तथा सरकारी जमीनों पर की गई अवैध अथवा गलत जमाबंदियों को तत्काल रद्द करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसे मामलों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि केवल वादों के निष्पादन की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्णयों की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देना होगा।

# पीड़ित पशुपालक परिवारों के बीच 30 लाख रुपए की सहायता राशि का वितरण

## पटना डेयरी प्रोजेक्ट, सुधा डेयरी, पटना द्वारा 'जन कल्याण कोष योजना' का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पटना (सुधा डेयरी) द्वारा सोमवार को दुग्ध उत्पादकों एवं पशुपालकों के कल्याणार्थ समर्पित 'जन कल्याण कोष सह योजना' का उद्घाटन और सहायता राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम दशरथ मांझी सभागार, पटना में हुआ। इस विशेष कल्याणकारी योजना के माध्यम से दुग्ध संघ ने अपने सदस्य किसानों और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी सामाजिक और सहकारी प्रतिबद्धता को धरातल पर उतारा है। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव सह अध्यक्ष, कॉम्फेड शीर्षत कपिल अशोक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संघ का यह प्रयास सराहनीय है, विपरीत परिस्थितियों में पशुपालकों को संबल प्रदान करना ही सहकारिता का असली मूल मंत्र है। साथ ही इस जन कल्याण योजना को कॉम्फेड के द्वारा बिहार के सभी दुग्ध संघों में जल्द से जल्द लागू करने को कहा। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक समीर सौरभ ने किसानों के स्वावलंबन पर जोर देते हुए कहा कि 'सुधा' ब्रांड की असली ताकत हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के परिश्रमी किसान हैं और संकट की हर घड़ी में महासंघ उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस विशेष कोष का निर्माण पूरी तरह से सहकारिता की भावना के साथ किया गया है। इस कोष का मुख्य उद्देश्य सक्रिय पशुपालकों एवं दुग्ध समिति के संबद्ध कर्मियों की असामयिक मृत्यु अथवा उनके दुधारू पशुओं की हानि होने पर तत्काल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सोमवार के इस ऐतिहासिक अवसर पर कुल 30 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि सीधे लाभार्थियों और उनके आश्रितों के बीच वितरित की गई है। संघ के प्रबंध निदेशक रुपेश राज ने कहा कि संघ की यह 'जन कल्याण योजना' केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह हमारे किसान भाई-बहनों और उनके मूक पशुओं के प्रति एक श्रद्धांजलि और कृतज्ञता है, जिन्होंने असमय दुनिया को अलविदा कह दिया। मरणोपरांत उनके परिवारों को दी गयी यह सहायता राशि उनके दुख को तो कम नहीं कर सकती, परन्तु यह इस बात का प्रतीक है कि संकट के इस घड़ी में पूरा दुग्ध संघ परिवार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। कार्यक्रम में समारोह में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रतिनिधि और वरीय प्रबंधक डॉ. पदम वीर सिंह, संघ के निदेशक मंडल, अधिकारी, कर्मचारी तथा संघ क्षेत्र पटना, सारण तथा वैशाली जिला के विभिन्न दुग्ध समितियों से जुड़े अध्यक्ष, सचिव तथा समिति से जुड़े दुग्ध उत्पादक किसान उपस्थित थे।

# आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किए 50 गौरवशाली वर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आरएसपीएल ग्रुप जिसने कानपुर की धरती से अपना सफर शुरू किया और आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में भारतीय गुणवत्ता, भरोसे और मूल्यों का प्रतीक बनकर उभरा है। भारत के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में शामिल आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। आरएसपीएल के प्रमुख और लोकप्रिय ब्रांड घड़ी डिटर्जेंट ने भी अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं। पिछले 50 वर्षों में आरएसपीएल ने सदैव भारत में बना, भारतीयों के लिए बना के अपने मूल विचार को केंद्र में रखा है। देशभर में स्थापित 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के माध्यम से समूह ने घरेलू उत्पादन को सशक्त बनाया और भारतीय उद्योग की सामर्थ्य को नई पहचान दिलाई है। इसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश के कानपुर में मुरलीधर ज्ञानचंदानी और बिमल कुमार ज्ञानचंदानी ने एक साधारण लेकिन बड़े सपने के साथ की थी। आज घड़ी डिटर्जेंट देश के करोड़ों परिवारों का भरोसेमंद साथी बन चुका है और लगभग 32 प्रतिशत भारतीय घरों तक इसकी पहुंच है। साबुन और डिटर्जेंट से शुरू हुई यह यात्रा आज हाइजीन केयर, पर्सनल केयर, डेयरी एवं आइसक्रीम, केमिकल निर्माण, फैशन एवं लाइफस्टाइल तथा खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसे विविध क्षेत्रों तक विस्तार पा चुकी है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश सहित अनेक राज्यों में स्थापित इसकी उत्पादन इकाइयों ने न केवल औद्योगिक विकास को गति दी है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और आधारभूत ढांचे को भी सशक्त बनाया है।

# कराकाट में खुलेगा एल्युमीनियम प्लांट, पांच सौ से ज्यादा युवाओं को मिलेगा रोजगार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज में स्थित नगर पंचायत काराकाट के चिल्हा क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी है। यहां जल्द ही एक बड़ा एल्युमिनियम उद्योग लगने जा रहा है जिससे क्षेत्र की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड (एसआईपीबी) की 67वीं बैठक में केएनएसजी एल्युमिनियम प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना को मंजूरी दे दी गई है। बैठक की अध्यक्षता विकास आयुक्त सह राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद के सह-अध्यक्ष मिहिर कुमार सिंह ने की। बैठक में कुल 16 औद्योगिक परियोजनाओं को स्टेज-1 क्लियरेंस और चार परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति मिली। काराकाट में लगने वाले इस प्लांट से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। इससे न सिर्फ स्थानीय युवाओं को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा बल्कि परिवहन, व्यापार, लघु उद्योग और सेवा क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। उद्योग विभाग ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है। कंपनी के निदेशकों में करण फूल सिंह, सोनिया सिंह और निरंजन सिंह शामिल हैं। पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी पिंटू सिंह उर्फ बौके सिंह ने बताया कि यह परियोजना युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा स्रोत बनेगी और पलायन रोकने में मदद करेगी। स्थानीय लोगों ने भी उद्योग स्थापना का स्वागत किया है और इसे क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है। कंपनी ने कहा है कि परियोजना पर काम जल्द शुरू किया जाएगा। इस उद्योग के आने से काराकाट में औद्योगिक गतिविधियां तेज होंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।




## अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** थाना क्षेत्र के सतर विगहवा-खराड़ी मार्ग पर रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों ने इलाके को झकझोर कर रख दिया। इन घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक ही परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार सुबह सतर विगहवा गांव के समीप एक ऑटो और पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में संझौली थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव निवासी एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि सभी लोग सासाराम रेलवे स्टेशन से ऑटो रिजर्व कर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे पिकअप वाहन से टक्कर हो गई।

# तिलई मुसहर टोली में पुलिस कार्रवाई के खिलाफ डीआईजी कार्यालय पहुंचे सैकड़ों महादलित, जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के संझौली थाना क्षेत्र के तिलई गांव की मुसहर टोली के सैकड़ों महिला-पुरुष रविवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक (शाहाबाद रेंज) कार्यालय, डिहरी पहुंचे और आवेदन देकर पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि 7 जून को संझौली थाना पुलिस ने गांव में पहुंचकर कई महिला-पुरुषों के साथ मारपीट की और बाद में उन्हें झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची। आवेदन में कहा गया है कि तिलई गांव की मुसहर बस्ती के लोगों के साथ पिछले दो माह से दबंगों द्वारा कथित रूप से उत्पीड़न किया जा रहा था। आरोप है कि बस्ती के आने-जाने के रास्ते, पानी निकासी की नाली तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों के मुख्य द्वार को ईंट की दीवार खड़ी कर बंद कर दिया गया। इसके अलावा जातिसूचक गालियां देने और घरों को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में अनुसूचित जाति-जनजाति थाना, डिहरी में प्राथमिकी संख्या 17/2026 दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि इसी मामले में समझौते का दबाव बनाया जा रहा था और विरोध करने पर पुलिस कार्रवाई कराने की धमकी दी जा रही थी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि 7 जून को संझौली थाना पुलिस ने गांव में छापेमारी के दौरान महिलाओं और पुरुषों की पिटाई की। वहीं पुलिस की ओर से शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई और पुलिस पर हमले की जो बात कही गई है, उसे ग्रामीणों ने निराधार बताया है। उन्होंने पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी सार्वजनिक करने और स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। आवेदन में मांग की गई है कि यदि कार्रवाई का वीडियो उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो घटना में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर संबंधित थाना अध्यक्ष सहित सभी पुलिस बल को निलंबित किया जाए। यह आवेदन अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के जिला कार्यालय सचिव संजय यादव, जिला सचिव अशोक बैठा, राजेश गुप्ता तथा मुनेश्वर गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने पुलिस कार्रवाई की न्यायिक जांच की मांग की तथा आरोप लगाया कि गरीब, दलित और कमजोर वर्गों पर पुलिसिया दमन बढ़ रहा है।

## खरीफ महाअभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कृषि विभाग द्वारा सोमवार को शहर के लिच्छिवी भवन में शारदीय खरीफ महाअभियान के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला स्तरीय कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों तथा कृषि वैज्ञानिकों ने भाग लिया, इन्हें सरकार द्वारा संचालित कृषि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम नितिन कुमार सिंह व डीडीसी दिव्या शक्ति ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित एवं अत्यधिक प्रयोग से मृदा की उर्वराशक्ति तथा जैविक गुणवत्ता प्रभावित होती है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के उपयोग की सलाह देते हुए जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, हरी खाद एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने प्राकृतिक खेती एवं 'खेत बचाओ अभियान' के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से अभिलेख संधारण की आवश्यकता बतायी।

## महिला कॉलेज में साइंस-कॉमर्स की पढ़ाई शुरू करने और डिहरी को जिला बनाने की मांग को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय कुमार सिंह 'टाइगर' के डिहरी आगमन पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बबल कश्यप के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़ी दो प्रमुख मांगों को लेकर मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से डिहरी महिला कॉलेज में छात्राओं के लिए जल्द से जल्द विज्ञान (साइंस) और वाणिज्य (कॉमर्स) संकाय की पढ़ाई शुरू करने की मांग की गई। भाजपा नेता बबल कश्यप ने बताया कि स्थानीय स्तर पर सुविधा न होने से क्षेत्र की मेधावी बेटियां उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। इसके शुरू होने से बेटियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही ऐतिहासिक और भौगोलिक दृष्टिकोण से उपयुक्त बताते हुए डिहरी को अविलंब जिला घोषित करने की मांग भी तार्किक तथ्यों के साथ उठाई गई। मंत्री संजय कुमार सिंह 'टाइगर' ने दोनों मांगों को बेहद संवेदनशील व जरूरी बताते हुए आश्वासन दिया कि वे महिला कॉलेज में नए संकायों की स्वीकृति और डिहरी को जिला बनाने के विषय को मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट के समक्ष मजबूती से रखेंगे। इस अवसर पर अजय यादव, अजय सिंह, प्रकाश गोस्वामी, अंबुज साहू, विनय गुप्ता, अर्जुन केसरी, काशी प्रसाद, चंदन गुप्ता, मनोज सोनी, गोपाल सोनी सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मीडिया संवाद कार्यक्रम में कमल किशोर को आमंत्रण मिलने पर जताया हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 जून को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के समिट हॉल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों के साथ एक विशेष मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में बिहार से नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर को विशेष आमंत्रण प्राप्त हुआ है। कमल किशोर को मिला यह आमंत्रण बिहार की पत्रकारिता के लिए सम्मान और राष्ट्रीय स्तर पर उसकी बढ़ती पहचान का प्रतीक माना जा रहा है। इस पर डिहरी प्रेस क्लब के संयोजक मदन कुमार, अध्यक्ष उपेन्द्र मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह नवबिहार टाइम्स परिवार के लिए गर्व और खुशी का विषय है तथा इससे बिहार की पत्रकारिता को राष्ट्रीय मंच पर और अधिक पहचान मिलेगी।

## अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 265 लीटर शराब के साथ छह गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ थाने की पुलिस ने काई नदी के किनारे कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध देशी महुआ शराब बनाने के अड्डे का भंडाफोड़ किया। इस संबंध में दावथ थाना अध्यक्ष मनीष पंजियार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापामारी में पुलिस ने मौके से करीब 265 लीटर तैयार देशी महुआ शराब, 08 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर, 02 दोपहिया वाहन और शराब बनाने में प्रयुक्त अन्य उपकरण बरामद किए हैं। जब्त सामानों में बड़े नीले ड्रम, मोटर, पाइप, प्लास्टिक के गैलन में भरी शराब और भट्ठी के उपकरण शामिल हैं। मौके से दो बाइक भी जब्त की गई है। इस दौरान पुलिस ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रंजन कुमार पिता शिवजी सिंह ग्राम दावथ, काजू कुमार पिता दशरथ साह ग्राम सुन्दर थाना दावथ, मंतोष कुमार भारती पिता धुरा राम ग्राम कोआथ थाना दावथ, रंजीत सिंह कुशवाहा पिता लक्ष्मण सिंह ग्राम दावथ, अरुण कुमार कुशवाहा पिता रंजीत सिंह कुशवाहा ग्राम दावथ और जितेन्द्र कुमार पिता महेन्द्र सिंह ग्राम बेलवाई टोला थाना काराकाट के रूप में हुई है। सभी आरोपी रोहतास जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त उपकरणों से स्पष्ट है कि यहां बड़े पैमाने पर अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा था। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

## रोहतास में सड़क हादसा बना जानलेवा, छह जून तक 189 की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में सड़क हादसा मौत का तांडव मचा रहा है। 6 जून तक 189 लोगों की जान चली गई और 342 घायल हुए। गत 6 जून तक 5 की मौत और 4 लोग घायल हुए।

साइकिल सवार और पैदल यात्री भी बड़ी संख्या में शिकार हो रहे हैं। जनवरी में 45, फरवरी में 27, मार्च में 35, अप्रैल में 20 और मई में 46, गत 6 जून 6 लोगों की सड़क हादसे में मौत हुई। वहीं जनवरी में 52, फरवरी में 85, मार्च में 45, अप्रैल में 80, मई में 86 व जून में अब तक 4 लोग घायल हुए। दोपहिया और टेंपो की टक्कर से 25 साइकिल सवारों की मौत हुई। बिजली के खंभे से टकराकर 8 लोगों की जान गई। पुलिस के अनुसार 80 प्रतिशत हादसे तेज रफ्तार, नींद, शराब पीकर गाड़ी चलाने, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने और बिना हेलमेट के कारण हो रहे हैं। अधिकतर घटनाएं देर रात और अहले सुबह घटी हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट हाइवे पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। एसपी एसपी रौशन कुमार ने कहा कि आज राज्य के सबसे शिक्षित जिले में सड़क दुर्घटना सबसे विकराल समस्या बन गई है। स्थिति इतनी भयावह है कि जैसे सड़कों पर मौत तांडव कर रही हो। पुलिसकर्मी और पत्रकार भी जान गंवा रहे हैं, अपाहिज हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारा रोहतास, सबसे शिक्षित सबसे सुरक्षित अभियान शुरू किया गया है। एसपी ने कहा कि अब तक पुलिस-प्रशासन और मीडिया ने जागरूकता व जांच अभियान चलाए, लेकिन परिणाम अपेक्षित स्तर से कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए समाज के सभी स्तंभों, खासकर पुलिस और मीडिया को संगठित होकर लगातार काम करना होगा। हाल की विचलित करने वाली घटनाओं को देखते हुए सड़क सुरक्षा अभियान को और मजबूती से चलाया जा रहा है। रोहतास पुलिस ने सुनियोजित तरीके से अभियान शुरू कर दिया है।


## सूर्यपुरा महाविद्यालय में एक जुलाई से शैक्षणिक सत्र शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** क्षेत्र के छात्रों के लिए खुशखबरी है। सूर्यपुरा महाविद्यालय में आगामी 1 जुलाई 2026 से विधिवत पढ़ाई शुरू हो जाएगी। उसी दिन महाविद्यालय का भव्य उद्घाटन भी किया जाएगा। इस संबंध में महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मो. अलाउद्दीन अजीज ने निर्माणाधीन मॉडल भवन का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य मो. अजीज ने बताया कि उद्घाटन से पहले सभी बुनियादी सुविधाएं पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि भवन की मरम्मत, रंग-रोगन का कार्य अंतिम चरण में है। साथ ही अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब की स्थापना, कक्षाओं के लिए नई कुर्सी-टेबल और अन्य जरूरी फर्नीचर की व्यवस्था भी तेजी से की जा रही है। महाविद्यालय परिसर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्री वॉल का निर्माण भी उद्घाटन तिथि से पूर्व पूरा कर लिया जाएगा। प्रभारी प्रधानाचार्य ने स्पष्ट किया कि महाविद्यालय प्रशासन छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों तथा अन्य स्टाफ के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में जुटा है। पेयजल, शौचालय, बिजली और पुस्तकालय जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि पहले दिन से ही पठन-पाठन का माहौल बेहतर रहे। स्थानीय लोगों ने महाविद्यालय शुरू होने पर प्रसन्नता जताई है। वर्षों से क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की मांग उठ रही थी। अब सूर्यपुरा में कॉलेज खुलने से आसपास के गांवों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी, खासकर छात्राओं को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्रथम चरण में कला एवं विज्ञान संकाय से पढ़ाई शुरू की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया की तिथियां जल्द ही जारी की जाएंगी। 1 जुलाई को उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना, (नोटिस)**


COURT OF
SRI NARENDRA KUMAR
JUDICIAL MAGISTRATE 1st CLASS

Form no- 5 (See Section 84 of the BNSS-2023)

IN THE COURT OF SRI NARENDRA KUMAR
JUDICIAL MAGISTRATE FIRST CLASS, GARHWA

BHANDARIYA P.S CASE NO- 05 of 2019

TO,
The Officer Incharge of Bhandariya P.S

WHEREAS Complaint has been made before me that the accused Sunny Kumar, s/o- Arvind Chaudhary has committed (or is suspected to have committed) the offence... Punishable under section- 419/420/467/468/470/471/120-B of the IPC_and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said _accused__ cannot be found ;and whereas it has been shown to my satisfaction that the said _accused - has absconded ( or is concealing himself to avoid the service of said warranty.)

Proclamation is hereby made that the said accused -1. Sunny Kumar, S/o- Arvind Chaudhary, R/o- Baliguma Bagan Area, P.S- M.G.M. Dist OF - EAST SINGHBHUM (Jamshedpur)

is required to appear at- Garhwa, Civil Court, In the Court of Sri NARENDRA KUMAR, J.M. 1st Class At GARHWA (BEFORE ME) - to answer the said complaint on the 20th day of July 2026

Dated, this the 6th day of May 2026

Seal of court

( SIGNATURE )
NARENDRA KUMAR
J.M.1st Class,Garhwa
ID-JHO0675

नाम—(1) सन्नी कुमार उम्र—करीब 26 वर्ष पिता—अरविन्द चौधरी, ग्राम—बालीगुमा बगान एरिया सुमन दत्ता स्कुल के नजदीक थाना—MGM जिला—पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), राज्य—झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0—05/2019 दिनांक—19.01.2029 धारा—419, 420, 467, 468, 470, 471, परिवर्तित धारा—419, 420, 467, 468, 470, 471, 120(बी), भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा दिनांक—06.05.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक—19.05.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक—20.07.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक—20.07.2026 तक माननीय न्यायालय माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 381788 Police(26-27)#D


## 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज की अनुपस्थिति में भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिक्रमगंज द्वारा सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान - जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में अनुमंडल क्षेत्र के आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। जनता दरबार में कुल 43 परिवादी उपस्थित हुए जिनमें भूमि विवाद से संबंधित सर्वाधिक 24 मामले दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं को लेकर 13 नागरिकों ने आवेदन दिए जबकि बिजली, पेंशन, आवास योजना एवं अन्य विभागों से संबंधित 06 मामले भी सामने आए। भूमि सुधार उप समाहर्ता ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## नगर पंचायत में विकास की खुली पोल, वार्ड पार्षद ने अपनी जेब से कराई पुलिया व नाली की मरम्मत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** नगर पंचायत रोहतास में विकास कार्यों की स्थिति पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए। वार्ड संख्या 8 के बेलापुर मोहल्ले को जाने वाली मुख्य पुलिया लंबे समय से जर्जर और क्षतिग्रस्त पड़ी थी जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय वार्ड पार्षदों द्वारा पुलिया के निर्माण एवं मरम्मत के लिए कई बार नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन दिया गया। बावजूद इसके समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत बनने के बाद भी इस महत्वपूर्ण पुलिया की मरम्मत नहीं हो सकी। स्थिति से परेशान होकर वार्ड पार्षद आकिब जावेद ने स्वयं पहल करते हुए अपने निजी खर्च से पुलिया की मरम्मत कराई। इसके साथ ही उन्होंने नाली की क्षतिग्रस्त स्लैब की भी मरम्मत करवाई, ताकि लोगों को राहत मिल सके। बताया जाता है कि इससे पहले भी उन्होंने अपने स्तर से नाली की मरम्मत का कार्य कराया था। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पंचायत बनने के बाद क्षेत्र में अपेक्षित विकास कार्य नहीं दिख रहे हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार मांग उठाने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। लोगों का आरोप है कि विकास कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है जिसके कारण जनप्रतिनिधियों को अपनी जेब से खर्च कर आवश्यक कार्य कराने पड़ रहे हैं। वार्ड पार्षद की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है, वहीं नगर पंचायत की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं।



## 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सोमवार को सुबह योगाभ्यास करने के बाद 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह धूमधाम से मनाने के लिए पतंजलि आदर्श योग कक्षा एनिकट डिहरी-(रोहतास) में पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक किया गया। पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि 10 जून से लगातार 21जून तक योग शिविर लगाया जाएगा। समय- सुबह- 5:30बजे से 7:30 तक।

## डालमियानगर ने जीता खिताब, कारगिल किंग को 55 रन से हराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पड़ाव मैदान में आयोजित चक दे इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का फाइनल मुकाबला रोमांचक माहौल के बीच संपन्न हुआ जिसमें डालमियानगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कारगिल किंग को 55 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। इससे पूर्व विजेता एवं उपविजेता टीमों की ट्रॉफी को हाथी, घोड़ा और ऊंट के साथ मैदान में घुमाया गया। इस आकर्षक दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में मौजूद रहे और पूरे उत्साह के साथ मैच का आनंद लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डालमियानगर की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। टीम की ओर से अनिल लेफ्टी ने 29 गेंदों में 76 रन की विस्फोटक पारी खेली। वहीं राजू कुदरा ने 32 तथा सुनील यादव ने 31 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कारगिल किंग की टीम 8 ओवर में 6 विकेट पर 104 रन ही बना सकी।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN:U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in
Telephone:-06562-295539

**1st e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons **e-tender Notice No.100 & 101/PR/JBVNL /2026-27** O&M, (33 KV CT (Current Transformer) & 11 KVCT (Current Transformer) under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Up to 17.06.2026 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | Up to 17.06.2026 17:00 Hrs. |
| 3 | Date and time of Opening of tender (Technical and commercial Part-I) | 19.06.2026 at 15:00 Hrs. |

4. Tender Notice is also available on our website :www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification please contact: 7488397213 EE (I.T)
6 Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 380501

Sd/-
GM-cum-Chief Engineer
E.S.A., Medininagar

PR 381794 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN:U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in
Telephone:-06562-295539

**E-Procurement Short E-NIT Notice of procurement of materials under O&M and ADP head 2026-27 under Electric Supply Area, Medininagar .**

Online Tenders are invited from reputed and experienced Manufacturers having adequate manufacturing capability & best testing facilities and permanently registered with SSI/MSME/NSIC units OR Authorized dealer/Financially Sound & reputed regular supplier firms authorized by such principle manufacturers having best testing facilities conforming to standard specification for supply of under mentioned different types of materials under O&M and ADP Head for the financial year 2026-27.
Manufacturing,testing & supply of following O&M and ADPMaterials:-
Online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

| SL No | E-NIT No | Gr. | Name of Materials | unit | O&M Qnty. | ADP Qnty. | Earnest Money (in Rs) | BOQ (Non Refundable, including 18% GST) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 147/PR/JBVNL/ 2026-27 | A | 2.5 mm2 copper 2 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 1500 | 1000 | Rs 58000/- | Rs 5900/- |
| | | B | 2.5 mm2 copper 4 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 1500 | 1000 | | |
| | | C | 2.5 mm2 copper 6 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 800 | 1000 | | |
| | | D | 2.5 mm2 copper 10 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 1500 | 1000 | | |
| | | E | 2.5 mm2 copper 12 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 1500 | 1000 | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. Availability of tender document on website | :- | Date 09.06.2026 time 02:00 PM |
| 2. Start Date and time for submitting e-tender | :- | Date 09.06.2026 time 02.00 PM |
| 3. Pre Bid Meeting | :- | Date 15.06.2026 time 10.00 Hrs |
| 3. Last Date and time of submission of E Tender Towards Cost of BOQ & EMD/Documents etc. online | :- | Date 24.06.2026 time 01.00 PM |
| 4. Date and time of opening of tender(Techno-Commercials Cover) i.e Cover-I) | :- | Dated 25.06.2026 at 15:00 PM |

1. Guideline for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
2. Interested bidders can download the bid from the website http:// jharkhandtenders.gov.in
. Tender Notice is also available on our website: www.juvnl.in.
ii. For any clarification please contact : - 7488397213. EE (IT)

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM-cum-Chief Engineer
E.S.A., Medininagar

PR 381771 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D

# किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में डिजिटल तकनीक निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) भवन में शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय शारदीय (खरीफ) कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों, प्रखंड स्तरीय कृषि कर्मियों तथा प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का युग है और कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सरल, सुलभ एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग लगातार डिजिटल अवसंरचना को सुदृढ़ कर रहा



है। उन्होंने कहा कि बिहार कृषि ऐप के माध्यम से किसानों को विभागीय योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण, कृषि तकनीक एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे किसान घर बैठे योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 1 जून से 30 जून 2026 तक चलाए जा रहे "खेत बचाओ अभियान" की चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर अनुशंसित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने तथा कृषि भूमि के कम-से-कम एक चौथाई हिस्से में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए जागरूक करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एवं संतुलित पोषण प्रबंधन से भूमि की उर्वरता बरकरार रहेगी तथा उत्पादन लागत में कमी आएगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने खरीफ मौसम की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले को 413 क्विंटल संकर धान एवं 250 क्विंटल संकर मक्का बीज का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इन बीजों के माध्यम से 25-25 एकड़ के क्लस्टर तैयार कर प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल किसानों के बीच बीज वितरण कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि वितरित बीजों की वास्तविक बुआई खेतों में हो तथा किसान उन्नत तकनीकों का उपयोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त करें। उन्होंने भारत विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों के लिए सरकार द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर 155261 के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिला उद्यान पदाधिकारी, सहायक निदेशक (शस्य) प्रक्षेत्र-सह-अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक (आत्मा), जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिले के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार तथा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नूरसराय प्रखंड स्थित दहपर हाई स्कूल मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के सातवें दिन धार्मिक माहौल के बीच बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कार्यक्रम में शिरकत की। कथा स्थल पहुंचने पर समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुनील कुमार ने प्रसिद्ध कथावाचक श्याम शुभम महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा श्रवण कर धार्मिक वातावरण का आनंद लिया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा



और भगवद्गीता भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं, जो मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता का मुख्य संदेश कर्मयोग है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मनुष्य को अपने कर्म करते रहना चाहिए और उसके फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। यदि व्यक्ति निस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करता है तो उसे सफलता अवश्य प्राप्त होती है। भाजपा विधायक ने कहा कि आज के समय में समाज को धार्मिक और नैतिक मूल्यों की सबसे अधिक आवश्यकता है। श्रीमद्भागवत कथा जैसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को कथा आयोजन के आयोजनकर्ता अरविंद कुमार सिन्हा को बधाई देते हुए कहा कि कथा में बताए गए आदर्शों और भगवद्गीता के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

# युवक पर जानलेवा हमला, हत्या के प्रयास का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नगर थाना क्षेत्र के खरीदी बिगहा निवासी एक युवक ने कुछ लोगों पर जानलेवा हमला, गोलीबारी और हत्या के प्रयास का गंभीर आरोप लगाते हुए नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार घटना 31 मई 2026 को दिन के लगभग दो बजे की बताई गई है। आवेदन में कहा गया है कि वह सोम मंदिर की ओर जा रहा था, तभी गुलजार नगर भदोनी के समीप पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। पीड़ित ने साजिद भाट, सकील भाट तथा अन्य अज्ञात लोगों को आरोपी बताया है। आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड और पिस्तौल के साथ उस पर हमला किया तथा गोली भी चलाई। हालांकि गोली उसके सिर के ऊपर से निकल गई, जिससे उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। पीड़ित ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि हमलावर क्षेत्र में दहशत फैलाने और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। उसने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, गोलीबारी, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। नगर थाना पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि की है।

# अधिनायक लिपिक भर्ती परीक्षा की तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना द्वारा गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में "अधिनायक लिपिक" पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा 10 जून 2026 (बुधवार) को नवादा जिला मुख्यालय के 19 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक संचालित होगी तथा अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग समय पूर्वाह्न 08:30 बजे निर्धारित किया गया है। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में केन्द्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला




पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में कदाचार, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा सुरक्षा मानकों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा एवं कदाचारमुक्त वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से विद्यालय भवनों की छतों से भी सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी बाहरी तत्व की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके तथा परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता अक्षुण्ण बनी रहे। जिला पदाधिकारी ने सभी केन्द्राधीक्षकों से परीक्षा संचालन के दौरान आयोग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर), भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, नवादा सदर, स्थापना प्रभारी, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डाक अधीक्षक ने छात्रवृत्ति का चेक प्रदान कर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा डाक मंडल द्वारा दीनदयाल स्पर्श योजना 2025-26 के तहत चयनित विद्यार्थियों को मंगलवार को छात्रवृत्ति राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा जिले के अन्य विद्यार्थियों से भी इस योजना से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में चयनित छात्र वैभव कुमार, सनबीम सेंट्रल स्कूल बिहारशरीफ तथा अभिनव कुमार सिन्हा, सदर आलम मेमोरियल स्कूल, बिहारशरीफ को 6- 6 हजार की छात्रवृत्ति राशि का चेक प्रदान किया गया। दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि पर उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि दीनदयाल स्पर्श योजना विद्यार्थियों में डाक टिकट संग्रह (फिलेटली) के प्रति रुचि विकसित करने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल आर्थिक सहायता मिलती है, बल्कि उनकी रचनात्मक एवं बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों से इस योजना में भाग लेने और अपनी प्रतिभा को निखारने का आह्वान किया। साथ ही सफल विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### बी के पाठशाला सकरोढ़ा में मनाया गया प्रकृति परिवर्तन दिवस

**नगरनौसा(नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड के सकरोढ़ा बी के पाठशाला में प्रजापिता बर्ह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय फतुहां के संचालित बी के अंजू दीदी के द्वारा शिव झंडा फहराया गया तथा सभी माताओ एवं भाइयो तथा बहनों को झंडा के नीचे संकल्प दिलाया गया तथा ओम ध्वनि के द्वारा योग कराया गया। जिसमें अरविंद भाई, कांति माता, बन्दना बहन, विभा बहन, जागृत बहन, उर्मिला बहन,पूजा बहन, सरस्वती बहन, सुजन्ति माता, उर्मिला माता एवं अन्य माता बहन भी उपस्थित थे। इसके बाद बी के पाठशाला स्करोढ़ा में प्रकृति परिवर्तन दिवस मनाया गया। इसमें अरविंद भाई, अंजू दीदी तथा विभा बहन के द्वारा पेड़ लगाने के लिए पौधा वितरण किया गया। कार्यक्रम में अंजू दीदी द्वारा कार्यक्रम समाप्त के बाद अरविंद भाई को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### घरेलू गैस की कीमतों में बढ़ोतरी पर युवा शक्ति संगठन ने जताया विरोध

**हिलसा (नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी को लेकर युवा शक्ति संगठन नालंदा के जिला अध्यक्ष मनीष यादव ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि लगातार पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में वृद्धि से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। इससे विशेष रूप से महिलाओं, गरीबों, मजदूरों और छात्रों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मनीष यादव ने बताया कि इससे पहले 7 मार्च 2026 को घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी और अब पुनः 29 रुपये बढ़ाए गए हैं। उन्होंने कहा कि छोटे गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ने से निम्न आय वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है, जबकि कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में लगातार वृद्धि से होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की परेशानी भी बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव समाप्त होने के बाद केंद्र सरकार आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही है। उनका कहना है कि बढ़ती कीमतें किसानों, छात्रों, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए चिंता का विषय हैं। युवा शक्ति संगठन ने केंद्र सरकार से जनहित को ध्यान में रखते हुए गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में राहत देने की मांग की है। संगठन का कहना है कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

### देसी और अंग्रेजी शराब का हुआ विनिष्टिकरण

**नारदीगंज,नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। थाना परिसर में देसी और अंग्रेजी शराब का विनिष्टिकरण हुआ। मजिस्ट्रेट में सीओ रईस आलम,थानाध्यक्ष राजेश कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में अंग्रेजी व देसी शराब का को विनिष्टिकरण किया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा इस कार्यक्रम के तहत 978 लीटर शराब को विनष्ट किया गया है। जिसमे 828 लीटर अंग्रेजी और 150 लीटर देसी शराब था। यह शराब विभिन्न कांडों में जब्त किया गया था। वरीय अधिकारियों के आदेशानुसार जब्त शराब को विनष्ट किया गया।

### रजौली में टीकाकरण को लेकर बैठक

**रजौली (नवादा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के डिजिटल माइक्रो प्लान को अद्यतन करने तथा समीक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को रजौली प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. योगेंद्र प्रसाद ने की। बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति, डिजिटल माइक्रो प्लान के अद्यतनकरण, सत्र स्थलों की समीक्षा, छूटे हुए लाभार्थियों की पहचान एवं उन्हें टीकाकरण सेवाओं से जोड़ने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे माइक्रो प्लान को नियमित अपडेट करें तथा टीकाकरण गतिविधियों की समयबद्ध समीक्षा सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रोहित कुमार, बीएचएम रविचंद्र प्रसाद, पीसीआई जिला समन्वयक कुमार अभिषेक, पीसीआई प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार, डब्ल्यूएचओ एफएम अनिल कुमार तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला एवं बच्चे तक समय पर टीकाकरण सेवाएं पहुंचाई जा सकें। बैठक में प्रखंड में कार्यरत सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

# धार्मिक वर्जना के बावजूद अर्थी को कंधा दे शमशान घाट तक पहुंची महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला मुख्यालय के लाइन पर मिर्जापुर निवासी सह मानववादी संगठन अर्जक संघ आर्थिक समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी 70 वर्षीया सुधारानी का निधन उपरांत आज महिलाओं ने अरथी को कंधा देकर शमशान घाट तक पहुंची। ऐसे धार्मिक व रूठीवादी मान्यताओं के अनुसार महिलाओं के द्वारा अरथी कंधा देना व शमशान घाट तक पहुंचाना वर्जित है। ऐसे में मानववादी संगठन अध्यक्ष संघ के पहल पर महिलाओं ने न सिर्फ अरथी को कंधा दी बल्कि शमशान घाट तक भी पहुंचाई और चिता को अग्नि भी दिया। जिसके कारण यह बात इलाके में चर्चा की विषय बनी हुई है। अरथी को कंधा देने वालों में मृतका की पुत्री इंजीनियर विदुषी भारती, पतोहू मधुवाला कुमारी व नेहा



कुमारी, पोती टिमतिम, टूटू व टिया के अलावा बड़ी संख्या में अर्जक्र संघ से प्रभावित महिलाओं सुरभि कुमारी, रंजू कुमारी आदि ने अरथी को कंधा दी। शव यात्रा का नेतृत्व कर रहे अर्जक संघ सांस्कृतिक समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र पथिक ने बताया कि स्त्री पुरुष की समानता को स्थापित करने के लिए यह पहल की जा रही है। साथ ही अवैज्ञानिक व रूढ़िवादी व्यवस्थाओं को नकार कर मानववादी व्यवस्था स्थापित करने के लिए यह कदम द्वारा उठाया गया। इंजीनियर ब्रह्मदेव प्रसाद मूल रूप से रोह प्रखंड के मनियोचक गांव के निवासी हैं। इस मौके पर मृतिका के पुत्र ई मनीष कुमार, ई नीतीश कुमार के अलावा वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षाविद अविनाश निराला, रामसहाय महतो, सुमन सौरभ, सुरेन्द्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद केशरी, परमेश्वर मंडल, भुवनेश्वर प्रसाद, राम सहाय प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, सुनील कुमर, नरेंद्र कुमार, गोरेलाल कुमार, सुशील कुमार सिंह, गोपाल भगत, किशोरी शरण वर्मा आदि दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीएम-एसपी ने मलमास मेला का निरीक्षण कर लिया सुरक्षा व सुविधाओं का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर मलमास मेला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने देर रात्रि तक संपूर्ण मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा यातायात प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मेला क्षेत्र के विभिन्न प्रवेश एवं निकास द्वारों, प्रमुख धार्मिक स्थलों, श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों, पार्किंग स्थलों, नियंत्रण कक्ष, अस्थायी शिविरों, बैरिकेडिंग व्यवस्था तथा संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरी की जाएं। जिला पदाधिकारी ने मेले में



आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिकित्सकीय टीमों की तैनाती, दवा उपलब्धता, एम्बुलेंस सेवा तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेला क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं तथा प्रत्येक गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मेला में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, प्रखंड एवं अनुमंडल स्तरीय अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आमजनों की समस्याओं के समाधान हेतु जिलेभर में जनसुनवाई आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान " के तहत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता वरीय उपसमाहर्त्ता, नवादा श्री मनोज चौधरी ने की। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 13 शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्राप्त शिकायतों में भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, बैंक खाते से अनधिकृत निकासी सहित अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याएं शामिल थीं। जनसुनवाई के दौरान थाना नवादा सदर अंतर्गत अस्पताल मोड़ निवासी मनोज कुमार द्वारा निजी भूमि पर अतिक्रमण किए जाने, मिर्जापुर निवासी परमेश्वर महतो द्वारा भूमि नामांतरण, थाना नरहट अंतर्गत जमुआरा निवासी अश्विनी कुमार शर्मा द्वारा बैंक खाते से अनधिकृत निकासी तथा थाना नेमदारगंज अंतर्गत बरेव निवासी अजय प्रसाद द्वारा दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। वरीय उपसमाहर्त्ता द्वारा कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजनों को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में अपर समाहर्ता , नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालय सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

# सीएसपी समेत चार दुकानों से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के दीपनगर बाजार में रविवार की देर रात चोरों ने सीएसपी समेत चार दुकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी और कीमती सामान की चोरी कर ली। एक ही रात में कई दुकानों में हुई चोरी की घटना से स्थानीय व्यवसायियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सीएसपी संचालक शशि कुमार की दुकान में चोर वेंटिलेटर के रास्ते घुसे। चोरों ने काउंटर का ताला तोड़कर करीब चार लाख रुपये नकद, दो लैपटॉप और एक एलईडी टीवी चोरी कर ली। घटना को अंजाम देने के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से दुकान में लगे चार से पांच सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरों ने आसपास की अन्य दुकानों में भी सेंधमारी की। मोबाइल दुकानदार पिंकू कुमार ने बताया कि उनकी दुकान से पांच से छह हजार रुपये नकद और छह से सात मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए। वहीं सागर कुमार की दुकान से करीब छह हजार रुपये नकद की चोरी हुई। इसके अलावा एक आभूषण दुकान में भी चोर घुसे और तोड़फोड़ की, हालांकि वे लॉकर तोड़ने में सफल नहीं हो सके। एक ही रात में कई दुकानों को निशाना बनाए जाने से व्यापारियों ने पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। दुकानदारों का कहना है कि चोरों को घटना को अंजाम देने में काफी समय लगा होगा। यदि नियमित रूप से रात्रि गश्ती होती तो इतनी बड़ी चोरी की घटना को रोका जा सकता था। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल की जांच की जा रही है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल पीड़ितों की ओर से लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन प्राप्त होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसटीए गोप गुट की जिला कार्यकारिणी बैठक रजौली में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन (बीएसटीए) गोप गुट की जिला कार्यकारिणी की बैठक रजौली प्रखंड इकाई की मेजबानी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज कुमार ने की, जबकि मंच संचालन रंजन कुमार ने किया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि जिले में कई नवनियुक्त प्रधान शिक्षकों को लगभग ग्यारह माह बीतने के बाद भी प्रभार नहीं मिल सका है। साथ ही प्रधान शिक्षकों के विशिष्ट शिक्षक के रूप में किए गए कार्य का एरियर भुगतान भी अब तक लंबित है। संगठन के पुनर्गठन को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। चर्चा के दौरान कई शिक्षकों ने आरोप लगाया कि जब भी कोई शिक्षक प्रखंड या जिला कार्यालय किसी कार्य से जाता है तो उसे उचित सम्मान नहीं दिया जाता। सम्मान की बात केवल पत्रों तक ही सिमट कर रह गई है। बैठक में सर्वसम्मति से सभी बकाया एरियर और प्रधान शिक्षकों को एक सप्ताह के अंदर प्रभार देने की मांग पदाधिकारियों से की गई। चेतावनी दी गई कि मांग पूरी नहीं होने पर संगठन अपनी चट्टानी एकता दिखाते हुए आंदोलन को विवश होगा। जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने संगठन का चुनाव हुए तीन वर्ष से अधिक होने पर मौजूदा कमिटी को भंग करते हुए राज्य कमिटी से अविलंब चुनाव कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया। जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने बैठक की बेहतर मेजबानी और प्रबंधन के लिए रजौली प्रखंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार, गौतम कुमार, सुबोध कुमार, भोला दास, राजेंद्र कुमार समेत सभी सक्रिय सदस्यों को विशेष धन्यवाद दिया। बैठक को जिला महासचिव नीरज कुमार, उपाध्यक्ष लल्लू कुमार, वरीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष बारीक खान तथा सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं सचिवों ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष ने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अंत में रजौली के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार ने सभी का धन्यवाद कर बैठक की समाप्ति की घोषणा की।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर परिषद्, दाउदनगर (औरंगाबाद)**

nagarparishad.daudnagar@gmail.com

**जन साधारण हेतु आवश्यक सूचना**

1. एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत सभी 27 वार्डो को "SBM ODF+" घोषित किया जाता है, एवं नगर परिषद्, दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत सभी 27 वार्डो में खुले में शौच करना एवं खुले में पेशाब करना दण्डनीय अपराध है। ऐसा कृत्य करते हुए पाये जाने पर 500 रू० (पाँच सौ रूपया) तक की जुर्माना की राशि वसुल की जायेगी तथा विभागीय नियमानुसार कानुनी कारवाई की जायेगी।

2. एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान, सड़क, गली, बाजार, धार्मिक स्थल, बस स्टैण्ड अथवा भीड़ वाले स्थानों पर पान/गुटखा खाकर थुकना (Redspot), खुले में पेशाब करना (Yellowspot), पूर्णतः प्रतिबंध एवं दण्डनीय अपराध है। उक्त कृत्य करते हुए पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति से 500 रू० (पाँच सौ रूपया) तक का जुर्माना वसुला जायेगा। तथा विभागीय नियमानुसार कानुनी कारवाई की जायेगी।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद्, दाउदनगर**


उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 005220 (B&C) 2026-27**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

# भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श आज भी समाज को कर रहे प्रेरित : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने महान आदिवासी जननायक एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा आदिवासी समाज के सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान के लिए आजीवन संघर्ष किया। अल्पायु में ही उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जनजागरण का ऐसा अभियान चलाया जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा प्रदान की। उनका जीवन त्याग, साहस, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक न्याय का अद्वितीय उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके विचार और आदर्श आज भी सामाजिक समरसता, आत्मसम्मान तथा राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को सम्मान देने तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक एकता, न्याय एवं राष्ट्रहित के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र उनके अद्वितीय योगदान और बलिदान को सदैव कृतज्ञता के साथ स्मरण करता रहेगा।

## बड़की पइन चालू कराने को लेकर किसानों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड के अईमा पंचायत के मकसूदपुर बड़ी बाग में बड़की पईन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामजन्म शर्मा की अध्यक्षता में किसानों की एक बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि अगर 2 किलोमीटर तक बड़की पईन का मुहाने साफ कर दिया जाए तो किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सकता है। इस मामले में पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव ने लघु सिंचाई मंत्री के पी ए और कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई से वार्ता की। सभी ने निर्णय लिया कि इस मामले को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिला जाए। इसमें निर्णय लिया गया कि अगर यह कार्य नहीं किया जाता है तो एक निश्चित अवधि के बाद चरणबद्ध तरीके से आंदोलन शुरू किया जाए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** सरबहदा में सोमवार को नव स्थापित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन विधायक रोमित कुमार ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इस केंद्र के संचालन से स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह में डीपीएम निलेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मुख्य चिकित्सिका सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मी एवं विधायक प्रतिनिधि दयाशंकर, मनोज कुशवाहा, श्रवण केवट जी एल, किशोरी जी उपस्थित रहे। अतिथियों ने केंद्र का निरीक्षण कर यहां उपलब्ध कराई जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से सामान्य उपचार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श जैसी सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर विधायक रोमित कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी और उन्हें बेहतर इलाज के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्वास्थ्यकर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने केंद्र के उद्घाटन पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने किया बोधगया बरिस्ता कॉफी कैफे का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** गया जी में भारत के प्रमुख घरेलू कॉफी ब्रांडों में से एक बरिस्ता कॉफी ने बोधगया में अपने पहले कैफे के उद्घाटन की घोषणा की है। यह ब्रांड भारत में लगातार विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मारुति शोरूम के समीप, दोमुहान, बोध गया में स्थित यह नया कैफे स्थानीय निवासियों, पर्यटकों, विद्यार्थियों एवं तीर्थयात्रियों के लिए एक आकर्षक और स्वागतपूर्ण वातावरण प्रदान करेगा जहां लोग बेहतरीन कॉफी, स्वादिष्ट व्यंजनों और सार्थक संवादों का आनंद ले सकेंगे। यह उद्घाटन देश के उभरते एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहरों तक प्रीमियम कैफे अनुभव पहुंचाने की बरिस्ता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व के सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थलों में से एक बोध गया में स्थापित यह कैफे बरिस्ता की उत्कृष्ट कॉफी विशेषज्ञता और आधुनिक एवं सुकूनदायक माहौल का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर फ्रेंचाइजी पार्टनर अतुल कुशवाहा ने कहा हमें पहली बार बोधगया में बरिस्ता लाने की अत्यंत खुशी है। दुनिया भर से आने वाले आगंतुकों का स्वागत करने वाले इस शहर को एक ऐसे कैफे अनुभव की आवश्यकता थी, जो गुणवत्ता, आराम और सामुदायिक जुड़ाव का बेहतरीन मिश्रण हो। हम स्थानीय निवासियों और यात्रियों दोनों की सेवा करने तथा बातचीत, बैठकों और यादगार कॉफी पलों के लिए पसंदीदा स्थान बनने की आशा रखते हैं। इस कैफे में ग्राहकों के लिए हस्तनिर्मित कॉफी, सिग्नेचर बेवरेज, रिफ्रेशिंग फ्रैपे, स्वादिष्ट डेजर्ट, बेकरी उत्पाद एवं अन्य लोकप्रिय कैफे व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी जिससे उन्हें एक संपूर्ण कॉफी हाउस अनुभव प्राप्त होगा।

## पिकअप की टक्कर से घायल मैट्रिक के छात्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में चेई गांव के मैट्रिक के छात्र की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोलू कुमार 7 जून 2026 की शाम करीब 7:30 बजे अपने दो दोस्तों चंदन कुमार और रवि कुमार के साथ मोटरसाइकिल से गांव के नहर पर दोनों दोस्त होमगार्ड की तैयारी के लिए दौड़ लगाने नहर पर गए थे। तभी नहर के पास सड़क किनारे उतरने के दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात पिकअप वाहन ने गोलू कुमार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर चंडी स्थान की ओर फरार हो गया। घटना के बाद दोनों दोस्तों ने घायल छात्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुआ पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया।

# एमएलसी पुनर्निर्वाचन पर सुनील सिंह को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** राष्ट्रीय जनता दल की ओर से एक बार फिर से विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) बनाए जाने पर राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शेरघाटी के वरिष्ठ राजद नेता ने सोमवार को पटना स्थित एमएलसी सुनील सिंह के आवास पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि सुनील सिंह को पुनः एमएलसी बनाए जाने से पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि सुनील सिंह लंबे समय से पार्टी और जनता के हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ संगठन को आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सुनील सिंह विधान परिषद में जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाते रहेंगे तथा राज्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं सुनील सिंह ने शुभकामनाएं देने पहुंचे नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर राजद के कई कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे तथा उन्होंने सुनील सिंह के पुनर्निर्वाचन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## शराब मामले में विवाद को लेकर मारपीट, तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के काबर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में आंती थाना में कांड संख्या 67/26 दर्ज किया गया है। यह मामला पीड़ित के फर्द बयान के आधार पर दर्ज किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी ने बताया कि काबर गांव निवासी रंजीत चौधरी, पिता कृष्णा चौधरी, ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया है कि कुछ दिन पूर्व उसके भाई राहुल चौधरी के घर पुलिस ने छापेमारी की थी जिसमें राहुल की पत्नी रानी देवी को पुलिस अपने साथ थाना ले गई थी। इसके बाद भाई राहुल चौधरी, पिता कृष्णा चौधरी एवं मां गीता देवी ने उस पर शराब पकड़वाने के लिए पुलिस को सूचना देने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़ित के अनुसार पारिवारिक मामला समझकर उसने तत्काल कोई शिकायत नहीं की। हालांकि दो दिन बाद आरोपितों ने पुनः लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक ने की जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अरवल।** अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक, अरवल द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस कार्यालय, अरवल में आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गई। जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं आवेदन पत्रों के साथ उपस्थित हुए। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की प्रकृति के अनुसार उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामलों, अनुसंधान संबंधी शिकायतों एवं अन्य जनसामान्य से जुड़े विभिन्न मामलों पर सुनवाई की गई। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निष्पक्षतापूर्वक परीक्षण कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई से अवगत कराएं।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर इंडिया गठबंधन एकजुट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** धरती का दूसरा भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर के पढ़ाई हेतु नामांकन की परीक्षा नीट में लगातार हो रहे पेपर लीक, भ्रष्टाचार, धांधली तथा सीबीएससी की परीक्षा परिणाम में उजागर हुए व्यापक अनियमितता आदि के खिलाफ आज कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों ने चट्टानी एकजुटता दिखाते हुए केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की आवाज बुलंद की है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, प्रो विश्वनाथ कुमार, डॉ अनिल कुमार सिन्हा आदि ने कहा कि देश के 22 लाख नीट परीक्षार्थियों सहित 18 लाख सी बी एस सी के छात्रों एवं उनके परिजनों में भारी आक्रोश है साथ ही साथ अभी तक देश के दर्जनों छात्र आत्महत्या भी कर चुके हैं। नेताओं ने कहा नीट परीक्षा आयोजित करने वाला एन टी ए की विश्वसनीयता पर वर्षों से गंभीर सवाल उठ रहे हैं वहीं दूसरी ओर सी बी एस सी परीक्षा परिणाम में हुई घोर अनियमितता को मीडिया के समक्ष केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने स्वीकार करते हुए इसके अध्यक्ष एवं सचिव को भी बदलने का काम किया है।

# चटकबीघा नाली-गली नहीं होने से नारकीय जीवन जीने को ग्रामीण मजबूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** काज टोला चटकबिघा में स्वास्थ्य उपकेंद्र से सुनील प्रसाद के घर तक नाली एवं गली का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाली के अभाव में गंदा पानी सड़क पर बह रहा है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में हल्की बारिश होते ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। सड़क पर जलजमाव और गंदगी फैलने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ग्रामीण अमरेंद्र कुमार, सुनील प्रसाद एवं राजाराम प्रसाद ने बताया कि नाली-गली निर्माण की मांग को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक और सांसद से गुहार लगाई गई। लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि करीब 20 घरों की आबादी इस समस्या से प्रभावित है और लोगों का जीवन नारकीय बन गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द नाली एवं गली निर्माण कराने की मांग की है ताकि जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0– 1, औरंगाबाद।**
Email ID :- eercdaurangabad01@gmail.com, ee-rd-aurangabad-bih@nic.in
Mobile No. + 91-9470001281

**नोटिस**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद के क्षेत्राधीन विभिन्न पथों 1. अम्बा नबीनगर पथ के प्रथम कि0मी0, 2. अम्बा नबीनगर पथ के 17वें कि0मी0, 3. गया पंचानपुर दाउदनगर पथ के प्रथम कि0मी0, 4. ओल्ड जी0टी0 रोड पथ के प्रथम एवं तृतीय कि0मी0 तथा 5. बारूण दाउदनगर पथ के 27वें से 29वें कि0मी0 तक में स्थानीय लोगों/फुटपाथी दुकानदार/ठेला/स्थानीय बिक्रेताओं, बालू लदे ट्रक्टर आदि द्वारा अस्थायी अतिक्रमण किया गया है।

उक्त को सूचित किया जाता है कि विभिन्न पथों को यथाशीघ्र अतिक्रमणमुक्त किया जाय, अन्यथा बाध्य् होकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही इन पथों के अलावे अस्थायी अतिक्रमणकारियों को निदेशित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद के अन्य पथों में भी किये गये अतिक्रमण से पथों को अतिक्रमणमुक्त करें।

इसे सर्वोच्य प्राथमिकता दी जाय।

PR. No. 005217 (RCD) 2026-27

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# खड़ी ट्रक में लगी भीषण आग, एक और वाहन भी जला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड किनारे स्थित भारत पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को खड़ी एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और उसकी चपेट में पास में खड़ी एक अन्य ट्रक भी आ गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर पास के एक होटल में भोजन करने गया था। इसी दौरान ट्रक से धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में आग की तेज लपटें उठने लगीं। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलने पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। आग की चपेट में आने से दोनों ट्रकों को भारी क्षति पहुंची है।

# खरीफ फसल महा अभियान के तहत कृषि कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिले में खरीफ फसल महा अभियान 2026 के तहत संयुक्त कृषि भवन के प्रांगण में कृषि कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार और जिला कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार झा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर खरीफ फसल महा अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि इसका उद्देश्य जिले में खरीफ के पैदावार बढ़ाना और किसानों को अधिक लाभ दिलाने के लिए वैज्ञानिक और जैविक खेती को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल में धान, अरहर, मक्का, बाजरा, रागी सहित अन्य फसलों के बीज किसानों को उपलब्ध कराया जायेगा। यह अभियान प्रखंड स्तर पर भी चलाया जाएगा और पंचायत स्तर पर कृषि चौपाल का आयोजन कर किसानों को वैज्ञानिक और जैविक खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें।

## महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ राजद का एकदिवसीय धरना आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** राष्ट्रीय जनता दल के तत्वावधान में जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय कोंच परिसर में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रखंड राजद प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार ने बताया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, कमजोर कानून-व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई जाएगी।


**शपथ-पत्र**

मैं सुपन साह उर्फ अक्षय कुमार उम्र करीब 66 वर्ष पिता स्व. नारायण साह निवासी ग्राम + पोस्ट करवन्दिया थाना-सासाराम (मु.) जिला-रोहतास शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।

मेरे निर्गत आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा पासबुक में मेरा नाम सुपन साह दर्ज है जिसका आधार नं.- 9438 0416 3871 है, पैन नं.- UDMPS3372A एवं खाता सं.- 2169001700152756 है जो पंजाब नैशनल बैंक शाखा करवन्दिया का है।

भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा सासाराम तथा ड्राईवरी लाइसेंस में मेरा नाम अक्षय कुमार दर्ज है जिसका पॉलिसी नं.- 517175593 है। सुपन साह उर्फ अक्षय कुमार दोनों नाम मेरा ही है।

मैं सुपन साह उर्फ अक्षय कुमार दोनों नामों से जाना वो पहचाना जाता हूं। उपरोक्त बयान मेरी जानकारी व विश्वास में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 8213 दिनांक 24.03.26

शपथकर्ता
सुपन साह



**योजना एवं विकास विभाग**
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

**अंतिम मापी हेतु सूचना**

योजना का नाम :– नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत बेलाई ग्राम बसडीहा (महादलित टोला) में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य।
संवेदक का नामः– श्री धर्मेन्द्र सिंह, पिता– श्री लालु सिंह, आनंद विहार कॉलनी, पो0+था0– रामपुर, जिला– गया।
निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं ग्रुप सं0 :– 02/20–21, ग्रुप सं0–12

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधूरे सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड, पंचायत बेलाई के ग्राम बसडीहा की अंतिम मापी हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 178 दिनांक 19.01.26, पत्रांक 257 दिनांक 29.01.26 द्वारा क्रमशः 27.01.26 एवं 03.02.2026 निर्धारित था। उक्त के आलोक में आपके द्वारा उपरोक्त पत्र वापस कर गया।

इस कार्यालय के पत्रांक 508 दिनांक 06.03.2026 द्वारा अंतिम मापी दिनांक 16.03.26 को निर्धारित थी। जिसके आलोक में आपके द्वारा 25 दिनों में अवशेश कार्य को पूर्ण कराने हेतु आवेदन दिया गया परन्तु इतने माह बीत जाने के उपरांत भी अवशेश कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया है।

इस कार्यालय के पत्रांक 955 दिनांक 14.05.2026 द्वारा अंतिम मापी हेतु दिनांक 20.05.2026 को तिथि निर्धारित था जिसमें पत्र प्राप्त होने के उपरांत भी कार्य पूर्ण कराने हेतु आपके द्वारा किसी प्रकार की अभिरूची नहीं ली जा रही है।

अतः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि श्री धर्मेन्द्र सिंह, पिता– श्री लालु सिंह, आनंद विहार कॉलनी, पो0+था0–रामपुर, जिला–गया, स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि को अंतिम मापी हेतु निर्धारित तिथि 16.06.2026 को उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने पर एकतरफा अंतिम मापी कर ली जायेगी। भविश्य में उक्त मापी संबंधी किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन
कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR- 005195 (Planning) 2026-27
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


# दिग्घी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, टिकारी किला बना चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** प्रखंड के दिग्घी गांव में 6 जून से आयोजित डीपीएल सीजन-3 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन सोमवार को हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद चैनपुरा और टिकारी किला की टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में चैनपुरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में टिकारी किला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और डीपीएल सीजन-3 की चैंपियन बनी। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चैनपुरा के खिलाड़ी अभिषेक शर्मा को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्हें स्मार्ट वॉच एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं फाइनल मैच में बेहतरीन खेल के लिए टिकारी किला के खिलाड़ी रॉकी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उपविजेता चैनपुरा टीम को रनर-अप ट्रॉफी एवं 5,100 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन समारोह में वरिष्ठ नागरिक रामजन्म शर्मा, रामानुज शर्मा, श्याम दर्शन शर्मा उर्फ गुड्डू सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य राहुल कुमार उर्फ मोती सिंह, हम पार्टी के नेता अजीत कुमार एवं निर्भय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में हिमांशु कुमार, नन्नू सिंह, रैना, प्रत्यूष कुमार, संजीव कुमार उर्फ लाल बाबू, अंकित कुमार उर्फ गोलू, बालाजी तथा दिग्घी गांव के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ढिबरी से गया के लिए सरकारी बस सेवा शुरू, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के श्रीगांव पंचायत के ढिबरी गांव से गया तक आवागमन के लिए सरकारी बस सेवा का शुभारंभ सोमवार को किया गया। सुबह 10 बजे आयोजित उद्घाटन समारोह में पैक्स अध्यक्ष वृजनंदन सिंह यादव एवं भूतपूर्व मुखिया रामेश्वर विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जानकारी के अनुसार बस प्रतिदिन सुबह 6 बजे ढिबरी गांव से खुलेगी तथा प्यारेचक, सिंदुआरी, कोंच और पंचानपुर होते हुए गया पहुंचेगी। वहीं गया से सुबह 10 बजे वापस ढिबरी के लिए रवाना होगी। बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र के छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों तथा आम ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, दिनेश कुमार, राहुल कुमार, कर्मेंद्र कुमार, मो शाहिद सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

संपादकीय

# ताकि अलनीनो का कम पड़े दुष्प्रभाव

साल 2026 में प्रशांत महासागर में सक्रिय 'अल नीनो' का साया भारत के कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने संशोधित पूर्वानुमान के अनुसार, इस वर्ष मानसून सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। नए पूर्वानुमान के अनुसार, इस साल औसत से करीब दस फ़ीसद कम बारिश होने की आशंका है। भारत में, जहाँ कृषि अभी- भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है, उसके लिए मानसूनी बारिश की कमी और भीषण सूखा एक तरह से विपत्ति का ही द्योतक है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सिंचाई का भी प्रबंधन किया जाए।

भारत की करीब साठ प्रतिशत अब भी सीधे तौर पर खेती-किसानी पर निर्भर है। सूखे की मार की वजह से इस बड़ी आबादी के सामने सहज तरीके से रोजी-रोटी का संकट उठ खड़ा होगा। इससे बचाव के लिए जरूरी होगा कि सिंचाई के ऐसे साधनों और तकनीक को अपनाया जाए, जिनके ज़रिए पानी को बचाया जा सके और तुलनात्मक रूप से ज़्यादा पैदावार ली जा सके। अल नीनो का दूसरा अर्थ है, कम वर्षा और भीषण सूखा। इस परिस्थिति में भारत में सिंचाई साधनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है, जिनसे न केवल फसलों का बचाव हो सके, बल्कि खाद्य सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जा सके। जहाँ तक भारत में सिंचाई व्यवस्था की बात है, तो मुख्य रूप से यह भूजल और सतही जल यानी नहरों और तालाबों पर आधारित है। चूँकि इस साल अल नीनो के कारण कम बारिश होने की आशंका है, इसलिए इन साधनों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है।

वर्षा की कमी के कारण भूजल का पुनर्भरण यानी रिचार्ज कम होता है, जिससे भूजल स्तर और नीचे चला जाता है। वैसे भी उत्तर भारत के कई हिस्सों में पहले से ही भूजल स्तर काफ़ी नीचे चला गया है। इसलिए सूखे की स्थिति विशेषकर उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के लिए बहुत खतरनाक है। अल नीनो के चलते इस साल वर्षों पहले बने बांधों और जलाशयों में पानी का भंडारण सामान्य से कम होने की आशंका है। इस पानी का इस्तेमाल ज्यादातर रबी फसलों के लिए होता है। जब पानी कम होगा तो रबी फसलों की सिंचाई के लिए कम उपलब्ध होगा। अल नीनो के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों के सूखे की चपेट में आना स्वाभाविक है। इसकी वजह से पैदावार पर बुरा असर पड़ना तय है। इससे फसलों की बुवाई में देरी हो सकती है और फसलों की बुआई के लिए अतिरिक्त सिंचाई की आवश्यकता पड़ेगी। इसके लिए भूजल की आवश्यकता होगी और उसे चूँकि ट्यूबवेल से निकाला जाएगा, लिहाजा बिजली की माँग बढ़ेगी।

इसके लिए सिंचाई के दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी हो जाता है कि किसानों को कम पानी की जरूरत वाली फसलों, जैसे बाजरा, मूँग, अरहर, मक्का आदि को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसे कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपाय को अपनाने की बात भी की है। सरकार की ओर से इस संबंध में किसानों को तैयार भी किया जा रहा है। इसके तहत मिट्टी की नमी बनाए रखने के लिए पौधों की जड़ों के आसपास सूखी पत्तियों या प्लास्टिक की शीट की परत बिछाने का सुझाव दिया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, देशी पौधों को आमतौर पर बढ़ने के लिए कम पानी की आवश्यकता होती है या वे अन्य प्रकार की घासों, पेड़ों और झाड़ियों की तुलना में उपलब्ध पानी का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि किसान और बागवानी करने वाले लोग अपने बगीचों या यहां तक कि अपने व्यवसायों के सामने भी पत्थरों या अन्य प्रकार के भू-आवरण का उपयोग करके रचनात्मक तरीके से पानी को बचा सकते हैं।

# शिक्षा सुधार की नई दिशा : निवेश एवं नवाचार



प्रो. तपन कुमार शांडिल्य

पूर्व कुलपति, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची

प्राचार्य, ठाकुर प्रसाद सिंह कॉलेज, पटलीपुत्र विश्वविद्यालय, पटना, बिहार

भारत आज एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहाँ उसकी शिक्षा व्यवस्था एक साथ दो परस्पर विरोधी धाराओं में बह रही है। एक ओर, देश के लाखों मेधावी युवा विदेशी विश्वविद्यालयों की राह पकड़ रहे हैं और हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा बाहर जा रही है। दूसरी ओर, सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने का संकल्प लेकर चल रही है। इस द्वंद्व के बीच 'स्टडी इन इंडिया' जैसे कार्यक्रम, विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय परिसरों की स्थापना और बजटीय निवेश में वृद्धि – ये तीनों मिलकर एक नई तस्वीर उकेर रहे हैं, जो भारतीय शिक्षा के भविष्य को परिभाषित करेगी। प्रश्न यह हैः क्या यह तस्वीर उतनी उज्ज्वल है, जितनी दिखाई जाती है, या फिर इसमें वे गहरे धब्बे भी हैं, जिन्हें अनदेखा किया जा रहा है?

**विदेश पलायनः एक भारी आर्थिक और बौद्धिक क्षति** – नीति आयोग की दिसंबर 2024 की रिपोर्ट 'भारत में उच्च शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण' ने एक चौंकाने वाला तथ्य उजागर किया। वर्ष 2024 में 13.35 लाख से अधिक भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। कनाडा शीर्ष पर रहा (4.27 लाख), उसके बाद अमेरिका (3.37 लाख), ब्रिटेन (1.85 लाख), ऑस्ट्रेलिया (1.22 लाख) और जर्मनी (लगभग 43,000) का स्थान रहा। यह संख्या न केवल भारतीय परिवारों की आर्थिक क्षमता का प्रमाण है, बल्कि घरेलू उच्च शिक्षा की सीमाओं का भी दर्पण है।

इस पलायन की आर्थिक कीमत चौंका देने वाली है। केवल चार देशों – कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया – में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों ने वर्ष 2023-24 में लगभग ?2.9 लाख करोड़ खर्च किए। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह राशि 2025 तक 70 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग ?5.8 लाख करोड़) तक पहुँच सकती है, जो भारत के वार्षिक उच्च शिक्षा बजट से लगभग दस गुना अधिक है। यह असंतुलन और भी चिंताजनक हो जाता है जब हम यह देखते हैं कि वर्ष 2024 में प्रत्येक एक विदेशी छात्र के भारत आने के बदले लगभग 28 भारतीय छात्र विदेश गए। यह केवल आर्थिक क्षति नहीं, बल्कि बौद्धिक पूँजी का भी भारी बहिर्वाह है।

हालाँकि, वर्ष 2025 में एक उत्साहजनक बदलाव देखने को मिला। विदेश मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार, 2025 में विदेश में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 2024 की तुलना में लगभग 5-7 प्रतिशत घटी। यह गिरावट कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की प्रतिबंधात्मक वीजा नीतियों, अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन के कड़े रुख और घरेलू शिक्षा विकल्पों में सुधार का संयुक्त परिणाम है। यह संकेत देता है कि वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है और भारत के पास अपने युवाओं को रोकने का एक ऐतिहासिक अवसर है।

**बजट 2026-27: ऐतिहासिक आवंटन, लेकिन लक्ष्य से दूर** – 1 फरवरी, 2026 को प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में शिक्षा मंत्रालय को ?1,39,289 करोड़ आवंटित किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.27% अधिक है। यह अब तक का सर्वाधिक शिक्षा बजट है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसे 'युवा शक्ति चालित बजट' बताया। विद्यालय शिक्षा को ?83,562 करोड़ (6.35% वृद्धि) और उच्च शिक्षा को ?55,727 करोड़ (11.28% वृद्धि) आवंटित किए गए। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटी और यूजीसी के बजट में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 'विश्व-स्तरीय संस्थानों' की फंडिंग लगभग दोगुनी होकर ?900 करोड़ हो गई है।

सबसे महत्वाकांक्षी घोषणा पाँच 'विश्वविद्यालय टाउनशिप' की स्थापना है, जो प्रमुख औद्योगिक गलियारों के निकट बनाई जाएंगी। अटल टिंकरिंग लैब्स के लिए ?3,200 करोड़, एआई उत्कृष्टता केंद्रों के लिए ?250 करोड़ (25% वृद्धि) और मेराइट योजना के लिए ?300 करोड़ (36.36% वृद्धि) आवंटित किए गए हैं। लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक जिले में एक बालिका छात्रावास बनाने की योजना भी सराहनीय है।

लेकिन इस उत्साहजनक तस्वीर के बीच एक चिंताजनक तथ्य यह भी है कि यह आवंटन कुल अनुमानित व्यय का मात्र 2.6% है, जबकि एनईपी 2020 में निर्धारित 6% जीडीपी व्यय का लक्ष्य अभी भी कोसों दूर है। इससे भी बड़ी चुनौती क्रियान्वयन की है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐतिहासिक रूप से आवंटित राशि का 10-15% तक उपयोग नहीं हो पाता। 2023-24 में ?1,20,000 करोड़ के बजट के विरुद्ध वास्तविक व्यय केवल ?1,14,054 करोड़ रहा। यह क्रियान्वयन की खाई एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।

**'स्टडी इन इंडिया' और विदेशी विश्वविद्यालयः बदलाव की किरण** – 'स्टडी इन इंडिया' कार्यक्रम, जो 2018 में शुरू हुआ, भारत को विदेशी छात्रों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने का प्रयास कर रहा है। एडसिल इंडिया लिमिटेड इसके संचालन में जुटा है। जनवरी 2025 में सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए एक नया वीजा ढाँचा घोषित किया, जो प्रशासनिक सुगमता की दिशा में एक बड़ा कदम है। वर्तमान में भारत का उच्च शिक्षा नामांकन 5 करोड़ से अधिक है, जो इसे विश्व का सबसे बड़ा उच्च शिक्षा बाजार बनाता है। 2026 तक भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी उच्च शिक्षा-आयु जनसंख्या (12 करोड़ से अधिक) होगी।

विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने की अनुमति शायद सबसे क्रांतिकारी कदम है। यूजीसी के नियामक ढाँचे के तहत वैश्विक शीर्ष 500 विश्वविद्यालय पूर्ण स्वायत्तता के साथ भारत में आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के डीकिन और वोलोंगोंग विश्वविद्यालयों ने गिफ्ट सिटी में परिसर खोल दिए हैं। ब्रिटेन के साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय ने गुरुग्राम में परिसर स्थापित किया, जहाँ शुल्क ब्रिटेन की तुलना में आधे से भी कम है। 2025 तक 17 विदेशी विश्वविद्यालयों को मंजूरी मिल चुकी है। अमेरिका का इलिनॉय इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मुंबई में अपना परिसर खोल रहा है। डीकिन विश्वविद्यालय के पहले बैच में 87.5% छात्रों को 12 महीनों के भीतर इंटर्नशिप या रोजगार मिल गया – यह प्रमाण है कि भारत में अंतर्राष्ट्रीय डिग्री न केवल सस्ती है, बल्कि करियर की दृष्टि से भी फलदायी है।

**एनईपी 2020: बदलाव का ब्लूप्रिंट, पर गति धीमी** – एनईपी 2020 की वैचारिक नींव पर ही ये सारे प्रयास टिके हैं। चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी) 105 से अधिक विश्वविद्यालयों में लागू हो चुका है। 2021-22 में उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 4.33 करोड़ था, जो 2014-15 की तुलना में 26.5% अधिक है। सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 23.7% से बढ़कर 28.4% हो गया है। महिला नामांकन में 32% की वृद्धि हुई है, जो सकारात्मक संकेत है। भाषायी समावेश के तहत एआईसीटीई के पाठ्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हैं, और जेईई-नीट जैसी परीक्षाएँ 13 भाषाओं में हो रही हैं। राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) की स्थापना शोध को बढ़ावा देगी।

**आगे की राहः अवसर और चुनौतियाँ** – बीआईटीएस पिलानी के कुलपति रामगोपाल राव के अनुसार, 2025 में 8 लाख से अधिक छात्रों के विदेश जाने से भारतीय परिवारों पर लगभग 7 अरब डॉलर का खर्च आएगा। यह आँकड़ा सरकार को यह सोचने पर विवश करता है कि विश्व-स्तरीय संस्थान देश में ही बनाए जाएँ। वर्तमान में भारत में केवल 1,213 विश्वविद्यालय और 58,643 कॉलेज हैं, जबकि नामांकन तेज़ी से बढ़ रहा है। यह माँग और आपूर्ति का असंतुलन स्पष्ट है। गुणवत्तापूर्ण शोध, उद्योग-शिक्षा जुड़ाव, और शिक्षकों का प्रशिक्षण – ये वे क्षेत्र हैं जहाँ अभी बहुत काम होना बाकी है।

निष्कर्ष यह है कि भारत के पास एक स्वर्णिम अवसर है। विदेशी विश्वविद्यालयों का आगमन, बढ़ता बजट, और एनईपी की दूरदर्शी नीतियाँ – ये सब मिलकर एक नई शिक्षा व्यवस्था का निर्माण कर सकते हैं। लेकिन जब तक क्रियान्वयन की खाई को नहीं पाटा जाता, जब तक जीडीपी का 6% शिक्षा पर व्यय नहीं होता, और जब तक घरेलू संस्थानों की गुणवत्ता वैश्विक मानकों के बराबर नहीं हो जाती, तब तक यह पलायन थमेगा नहीं। हमें यह तय करना है कि हम केवल 'ब्रेन ड्रेन' देखते रहेंगे, या फिर 'ब्रेन गेन' की नीति बनाकर भारत को वास्तव में एक वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाएँगे। समय कम है, और जवाब स्पष्ट है।

अध्यात्म

## दूसरों की गलतियों को क्षमा करें, धैर्य रखें

एक दिन महावीर स्वामी किसी गांव के बाहर जंगल में ध्यान कर रहे थे। वे शांत और अपने ध्यान में मग्न थे। तभी कुछ अशिक्षित गांववाले अपनी गायों को चराने जंगल में आए। उन्होंने ध्यान में बैठे महावीर स्वामी को एक सामान्य इंसान समझा और उनके साथ मजाक-मस्ती करने लगे।

चरवाहों ने स्वामी जी को परेशान किया, लेकिन स्वामी का ध्यान बिल्कुल भी नहीं टूटा। वे अपनी साधना में मग्न थे।

गांव के कुछ विद्वान लोगों को इस बारे में मालूम हुआ, तो वे तुरंत स्वामी जी के पास पहुंचे। वे जानते थे कि यह महावीर स्वामी हैं। उन्होंने चरवाहों की हरकत के लिए क्षमा मांगी। स्वामी जी ने आंखें खोलीं और सभी की बातें ध्यान से सुनीं।

विद्वानों ने कहा, 'स्वामी जी, हम आपके लिए जंगल में एक कमरा बनवा देंगे, जिससे आपकी साधना में कोई बाधा न आए।'

महावीर स्वामी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'ये सभी चरवाहे भी मेरे अपने ही हैं। बच्चे नादानी में अपने माता-पिता का मुंह नोचते हैं, मारते हैं, फिर भी माता-पिता नाराज नहीं होते। मैं इन चरवाहों से नाराज नहीं हूं। मुझे कमरे की आवश्यकता नहीं है। आप जो धन कमरे में लगाने की सोच रहे हैं, उसे जरूरतमंदों की भलाई में खर्च करें। यही मेरे लिए सबसे अच्छा होगा।'

महावीर स्वामी ने सभी को संदेश दिया कि दूसरों की गलती पर प्रतिक्रिया देने के बजाय धैर्य और करुणा से काम लेना चाहिए।

### सीख

धैर्य रखें - दूसरों की गलती पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें। शांत मन से सोचें।

क्षमा करने का अभ्यास करें - दूसरों की नादानी और भूलों को समझें, नाराज न हों, उन्हें क्षमा करें।

अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाएं - विवाद और गुस्से से बचें, अपनी ऊर्जा समाज सेवा और दूसरों की मदद में लगाएं।

अन्याय पर प्रतिक्रिया सोच-समझकर दें - जैसे महावीर स्वामी ने चरवाहों के लिए अपनाई। दूसरों गलतियों को क्षमा करें और शांत रहें।

विनम्रता बनाए रखें - महावीर स्वामी ने विनम्रता बनाए रखी और गांव के लोगों से दूसरों दूसरों की भलाई में धन लगाने का निवदेन किया।

साधना और आत्म-नियंत्रण - मन को स्थिर रखें, बाहरी परेशानियों से विचलित न हों।

# आकाशवाणी के 90 वर्ष : विश्वास, संस्कृति और जनसंवाद की अमर ध्वनि

लोकतंत्र की मज़बूती में भी आकाशवाणी का योगदान कम महत्त्वपूर्ण नहीं रहा है। युद्धकाल हो या चुनावी प्रक्रिया, राष्ट्रीय संकट हो या प्राकृतिक आपदा–हर अवसर पर इसने ज़िम्मेदार और संतुलित पत्रकारिता का परिचय दिया। 1962, 1965 और 1971 के युद्धों के दौरान प्रसारित समाचारों और देशभक्ति कार्यक्रमों ने राष्ट्रीय मनोबल को सुदृढ़ किया। वहीं, चुनावों के दौरान मतदाता जागरूकता और निष्पक्ष सूचना के प्रसार ने लोकतांत्रिक चेतना को मज़बूत आधार प्रदान किया। ग्रामीण भारत के विकास में आकाशवाणी की भूमिका विशेष रूप से रेखांकित की जानी चाहिए।



अभिषेक दास

जब सूचना की दुनिया अभूतपूर्व बदलावों से गुज़र रही है, जब ख़बरों की गति उनकी सत्यता पर भारी पड़ती दिखाई देती है, और जब सोशल मीडिया का शोर संवाद की गंभीरता को चुनौती दे रहा है, ऐसे समय में आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होना केवल एक प्रसारण संस्था का पड़ाव नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, संस्कृति और जनसंचार की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नौ दशकों की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि तकनीक बदल सकती है, माध्यम बदल सकते हैं, लेकिन विश्वसनीयता, जनसरोकार और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता की प्रासंगिकता कभी समाप्त नहीं होती।

8 जून 1936 को ऑल इंडिया रेडियो के रूप में स्थापित यह संस्था आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए भरोसे का पर्याय बनी हुई है। स्वतंत्रता से पहले शुरू हुई इसकी यात्रा ने भारत के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को न केवल देखा है, बल्कि उसे आकार देने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही कारण है कि आकाशवाणी को केवल एक रेडियो नेटवर्क के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के जीवंत इतिहास के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्र-निर्माण के दौर में आकाशवाणी की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। 14-15 अगस्त 1947 की ऐतिहासिक मध्यरात्रि में पंडित जवाहरलाल नेहरू का 'नियति से साक्षात्कार' भाषण देश के कोने-कोने तक पहुँचाने का दायित्व इसी माध्यम ने निभाया। विभाजन की विभीषिका के समय जब लाखों लोग अपने परिवारों से बिछड़ गए थे, तब लापता व्यक्तियों की सूचनाओं और शांति-संदेशों के प्रसारण के माध्यम से आकाशवाणी ने सामाजिक पुनर्संवाद की भूमिका निभाई। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उस दौर में रेडियो केवल सूचना का साधन नहीं, बल्कि उम्मीद की आवाज़ था।

लोकतंत्र की मज़बूती में भी आकाशवाणी का योगदान कम महत्त्वपूर्ण नहीं रहा है। युद्धकाल हो या चुनावी प्रक्रिया, राष्ट्रीय संकट हो या प्राकृतिक आपदा–हर अवसर पर इसने ज़िम्मेदार और संतुलित पत्रकारिता का परिचय दिया। 1962, 1965 और 1971 के युद्धों के दौरान प्रसारित समाचारों और देशभक्ति कार्यक्रमों ने राष्ट्रीय मनोबल को सुदृढ़ किया। वहीं, चुनावों के दौरान मतदाता जागरूकता और निष्पक्ष सूचना के प्रसार ने लोकतांत्रिक चेतना को मज़बूत आधार प्रदान किया।

ग्रामीण भारत के विकास में आकाशवाणी की भूमिका विशेष रूप से रेखांकित की जानी चाहिए। आज जब कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों की चर्चा होती है, तब यह याद रखना आवश्यक है कि हरित क्रांति के शुरुआती दौर में वैज्ञानिक खेती की जानकारी किसानों तक पहुँचाने का सबसे प्रभावी माध्यम रेडियो ही था। 'कृषि जगत', 'चौपाल' और 'फार्म एंड होम' जैसे कार्यक्रमों ने किसानों को नई तकनीकों, उन्नत बीजों और मौसम संबंधी सूचनाओं से जोड़ा। वास्तव में, भारत की कृषि क्रांति की कहानी में आकाशवाणी एक मौन लेकिन निर्णायक पात्र रही है।

सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में इसकी भूमिका और भी व्यापक है। स्वतंत्रता के बाद जब शास्त्रीय संगीत के पारंपरिक संरक्षक तंत्र कमज़ोर पड़ रहे थे, तब आकाशवाणी ने कलाकारों को मंच प्रदान किया। पंडित रविशंकर, उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ, पंडित भीमसेन जोशी और बेगम अख़्तर जैसी विभूतियों की कला को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। 'विविध भारती' ने भारतीय जनजीवन में मनोरंजन का नया अध्याय जोड़ा और रेडियो को घर-घर की धड़कन बना दिया। यही नहीं, विभिन्न भाषाओं और बोलियों में प्रसारण के माध्यम से आकाशवाणी ने भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने का भी ऐतिहासिक कार्य किया है।

आज जब इंटरनेट और स्मार्टफ़ोन संचार के प्रमुख साधन बन चुके हैं, तब भी आपदाओं के समय रेडियो की उपयोगिता कम नहीं हुई है। ओड़िशा के सुपर साइक्लोन से लेकर सुनामी और उत्तराखंड आपदा तक, ऐसे अनेक अवसर आए जब आधुनिक संचार तंत्र विफल हो गए, लेकिन रेडियो ने लोगों तक आवश्यक सूचनाएँ पहुँचाना जारी रखा। यही कारण है कि आकाशवाणी को आपदा प्रबंधन की 'लाइफ़लाइन' कहा जाता है।

डिजिटल युग में आकाशवाणी ने स्वयं को समयानुकूल ढालने का प्रयास भी किया है। 'मन की बात' कार्यक्रम ने रेडियो को नई पीढ़ी के विमर्श का हिस्सा बनाया। इसके साथ ही, न्यूज़ ऑन एआईआर ऐप, वेव्स ऐप, पॉडकास्ट और डिजिटल स्ट्रीमिंग के माध्यम से संस्था ने अपने पारंपरिक स्वरूप को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा है। यह परिवर्तन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी भी सार्वजनिक प्रसारण संस्था की सफलता उसकी अनुकूलन क्षमता पर निर्भर करती है।

फिर भी, चुनौतियाँ कम नहीं हैं। युवा पीढ़ी का ध्यान आकर्षित करना, डिजिटल रेडियो तकनीक को व्यापक बनाना और अपने समृद्ध अभिलेखागार को आधुनिक स्वरूप में संरक्षित करना ऐसे कार्य हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। विशेष रूप से उस समय, जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एल्गोरिदम आधारित संचार व्यवस्था मीडिया के स्वरूप को तेज़ी से बदल रही है, आकाशवाणी के सामने अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखते हुए नई पीढ़ी के साथ संवाद स्थापित करने की चुनौती है।

लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक तथ्य निर्विवाद है–फ़ेक न्यूज़ और सूचनात्मक अराजकता के इस दौर में आकाशवाणी आज भी भरोसे की आवाज़ बनी हुई है। इसकी सबसे बड़ी पूँजी न तो इसके ट्रांसमीटर हैं और न ही इसके स्टूडियो; इसकी सबसे बड़ी ताकत है जनता का विश्वास। यही विश्वास नौ दशकों की यात्रा का वास्तविक पुरस्कार है।

आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होने का अवसर केवल अतीत का उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का भी है। यह संस्था भारत की सामूहिक स्मृति, सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक चेतना का अभिन्न हिस्सा रही है। वर्तमान में आकाशवाणी अपनी प्रसारण भाषाओं की संख्या, सामाजिक-आर्थिक विविधता और अपने विशाल संगठनात्मक ढांचे के दृष्टिकोण से विश्व के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्कों में से एक है। देश भर में 420 स्टेशनों के साथ, आकाशवाणी की घरेलू सेवा भारत के लगभग 92% भौगोलिक क्षेत्र और 99.19% जनसंख्या तक पहुँचती है, जिसके तहत 23 भाषाओं और 179 बोलियों में कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। नौ दशकों के कालजयी सफ़र में आकाशवाणी ने अपने ध्येय-वाक्य 'बहुजनहिताय, बहुजनसुखाय' को अक्षरशः जीकर दिखाया है। जब तक भारत में संवाद, संस्कृति और सार्वजनिक हित की आवश्यकता बनी रहेगी, तब तक 'यह आकाशवाणी है...' की आत्मीय पुकार भारतीय जनमानस में गूँजती रहेगी। यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है और यही इसके अगले सौ वर्षों की सबसे मज़बूत आधारशिला भी है।

**(लेखक आकाशवाणी समाचार, पटना में समाचार वाचक हैं )**

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपकी जेब से पैसे जरूर निकलेंगे, लेकिन दिल में चिंता नहीं होगी, क्योंकि कमाई भी अच्छी बनी रहेगी। घर में आपकी राय को गंभीरता से सुनेंगे।

**वृषभ**
कोई सरकारी काम अगर अटका हुआ है, तो उस पर खास ध्यान देने की जरूरत है। परिवार में शादी-ब्याह जैसी खुशखबरी का माहौल बन सकता है।

**मिथुन**
खर्चे ज्यादा हो सकते हैं, जेब और जरूरत दोनों का संतुलन बनाकर चलना बेहतर रहेगा। किसी पुराने फैसले को लेकर मन में हल्का पछतावा भी हो सकता है।

**कर्क**
आज आपको हर काम प्लानिंग के साथ करना होगा। मेहनत का रास्ता थोड़ा कठिन जरूर रहेगा, लेकिन धीरे-धीरे बाधाएं हटती दिखाई देंगी।

**सिंह**
वाहन चलाते समय सावधानी रखें, खासकर किसी और का वाहन मांगकर चलाने से बचें। मन थोड़ा आलसी रहेगा और काम टालने का मन करेगा।

**कन्या**
आज नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर मिल सकती है। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

**तुला**
आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। जीवनसाथी से कोई बात छुपाने की कोशिश रिश्तों में दूरी ला सकती है, इसलिए खुलकर बात करें।

**वृश्चिक**
आज काम का दबाव काफी ज्यादा रह सकता है, लेकिन आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। नए लोगों से मुलाकात होगी।

**धनु**
आज धैर्य और मीठी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। किसी काम को टालना बाद में परेशानी बढ़ा सकता है। संतान से किया वादा निभाने का समय आ सकता है।

**मकर**
आज का दिन सामान्य लेकिन राहत भरा रहेगा। नौकरी से जुड़ी परेशानियां धीरे-धीरे खत्म होंगी। जीवनसाथी बिजनेस और काम में पूरा साथ देंगे। मेहनत पर भरोसा रखेंगे तो परिणाम अच्छे मिलेंगे।

**कुंभ**
आज विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद शानदार रहने वाला है। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आप पढ़ाई पर पूरा ध्यान देंगे और आपका फोकस पहले से मजबूत होगा।

**मीन**
ऑफिस में बॉस के साथ बहस होने की संभावना है, इसलिए शांत रहकर काम करें। परिवार के बड़े सदस्यों का सहयोग आपको मजबूती देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आशियाना एमजी ने राजेंद्र पथ स्थित अपने शोरूम में मैजेस्टर लॉन्च की

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना स्थित आशियाना एमजी ने राजेंद्र पथ स्थित अपने शोरूम में मैजेस्टर लॉन्च की। इस कार का अनावरण मुख्य



अतिथि सहवीर कुमार, मुख्य प्रबंधक, एसबीआई पीबीबी शाखा, बोरिंग रोड, पटना ने आशियाना एमजी की मालिक श्रीमती संचिता अग्रवाल की उपस्थिति में किया। नई कार, मैजेस्टर, भारत की पहली डी + सेगमेंट एसयूवी और एम-क्रॉल सेगमेंट की पहली कार है, जिसमें 8 मसाज मोड, वेंटिलेटेड सीटें, एडीएएस लेवल 2, सेगमेंट में पहली बार ट्रिपल डिफरेंशियल लॉक और गैलेक्सी व्यू रूफ जैसी सुविधाएं हैं। इसकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 44,99,000 रुपये (4 x 4, 7 सीटर SAVVY), 40,99,000 रुपये (4 x 2, 7 सीटर SAVV ) और 40,99,000 रुपये (4 x 2, 6 सीटर SAVV ) है। यह कार चार रंगों में उपलब्ध है - पर्ल व्हाइट, मेटल ब्लैक और ऐश एंड कंक्रीट ग्रे। अब तक 25 बुकिंग हो चुकी हैं।

### संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के पुनपुन ब्लॉक के पास शनिवार को एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ है। मृतक की पहचान भोला कुमार, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता कालीचरण



राम, ग्राम बढ़िया कोल, थाना पुनपुन, जिला पटना के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुनपुन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को बुलाया गया। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया और साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। यह हत्या है या आत्महत्या, इसका पता लगाया जा रहा है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### पटना-गया पैसेंजर ट्रेन में मिली 10 दिन की नवजात बच्ची

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया पैसेंजर ट्रेन में लावारिस हालत में मिली करीब 10 दिन की नवजात बच्ची को यात्रियों ने पुनपुन थाने में सौंप दिया। पुलिस ने बच्ची को बाल कल्याण समिति, पटना के हवाले कर दिया है। बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है।थानाध्यक्ष ने बताया कि दिनांक 07-06-26 को रात करीब 8 बजे कुछ ट्रेन यात्री एक नवजात बच्ची को लेकर थाने पहुंचे। यात्रियों



ने बताया कि पटना-गया पैसेंजर ट्रेन में कोई अज्ञात व्यक्ति इस बच्ची को छोड़कर चला गया था। मानवता दिखाते हुए यात्रियों ने बच्ची को पुनपुन स्टेशन पर उतारकर थाने पहुंचाया।पुलिस ने बच्ची के माता-पिता का पता लगाने की काफी कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बच्ची की उम्र करीब 10 दिन बताई जा रही है। माता-पिता का पता नहीं चलने पर जीआरपी रेल थाना तारेगना की मदद से बच्ची को बाल कल्याण समिति, पटना में सुपुर्द कर दिया गया है। चिकित्सकीय जांच में बच्ची पूरी तरह स्वस्थ पाई गई है।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को बच्ची के माता-पिता के बारे में जानकारी हो तो पुनपुन थाना या बाल कल्याण समिति पटना से संपर्क करें।

### मोकामा में आंधी-तूफान का कहर, कई पेड़ उखड़े

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार दोपहर मोकामा प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाकों में तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। कुदरत के इस कहर से सबसे ज्यादा नुकसान वृक्षों को पहुंचा। इलाके में कई छोटे-बड़े पेड़ जड़ से उखड़ गए, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।हाथीदह थाना क्षेत्र की दरियापुर और औन्टा पंचायतों में



सड़क पर पेड़ गिरने से वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप हो गया।सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।हाथीदह पुलिस ने हालात को तुरंत संभाला। जेसीबी मशीन की मदद से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने का काम शुरू किया गया। पुलिस की सक्रियता के चलते करीब एक घंटे के भीतर सभी क्षतिग्रस्त पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ कर दिया गया। इसके बाद सड़क पर यातायात सामान्य हो सका।

### यूपीपीएससी टॉपर हर्ष कुमार का नागरिक अभिनंदन, बने डीएसपी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मरांची गांव स्थित ननिहाल में बेगूसराय के रामदीरी निवासी हर्ष कुमार का सोमवार को नागरिक अभिनंदन किया गया। हर्ष ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2026 की परीक्षा में 7वीं रैंक हासिल कर बिहार का नाम रौशन किया है। अब वे उत्तर प्रदेश में डीएसपी पद पर योगदान देंगे।सोमवार को मरांची गांव में आयोजित समारोह में हर्ष का भव्य स्वागत हुआ।यूपीपीएससी का परीक्षा परिणाम 29 मार्च 2026 को घोषित हुआ था, जिसमें हर्ष ने 7वीं रैंक के साथ सफलता का परचम लहराया।ग्रामीणों और क्षेत्रीय नेताओं ने फूल-माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर हर्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।हर्ष के नाना मरांची निवासी विपिन कुमार हैं। किसान नेता अरविंद सिंह उनके चचेरे नाना हैं।समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने हर्ष को बधाई दी और उनसे अपील की कि वे अपने पद पर रहते हुए पीड़ित, शोषित और प्रताड़ित लोगों को न्याय दिलाएं।

### बूंद बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं लोग

**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर क्षेत्र के चोंदी मोहल्ले स्थित पंप हाउस का मोटर 5 दिन पहले जल गया है। पूरे मोहल्ले में इस भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा है। लोग को पीने के लिए पानी दूर-दूर से लाना पड़ता है महिला बुजुर्ग सभी दूर- दराज से चिलचिलाती धूप में पानी लाने को मजबूर हैं । लोग परेशान हैं और विभागीय अधिकारी की रवैया ठीक नहीं है। अधिकारी से बात करने पर 5 दिनों से कह रहे हैं कि आज मोटर लग जाएगा कल लग जाएगा लेकिन आज 5 दिन बीत गया अभी तक मोटर लगा नहीं है। अधिकारी टाल मटोल कर रहे हैं वहीं पीएचडी विभाग के प्रति लोगों का आक्रोश देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज अगर पानी नहीं मिला तो हम लोग पानी के लिए सड़क पर उतर जाएंगे ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि 5 दिन बीतने के बाद भी अभी तक मोटर बनाने की कोई पहल नहीं हो रही है। लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

### हथियार के साथ लूटपाट करने वाले चार गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में पहली बार पटना में संचालित हो रहे रैपीडो और ओला में मोटरसाइकिल चलाकर काम करने वाले युवक को बाढ़ के अपराधी के द्वारा निशाना बनाते हुए उसे तीन और 5 जून को लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया युवक को सुनसान जगह में ले जाकर उसके मोबाइल मोटरसाइकिल नगदी और यूटीआई से पैसा ट्रांसफर कराया गया मामले की शिकायत जब बाढ़ पुलिस को मिली तो सीडीपीओ बाढ़ वन राम कृष्ण ने स्क्वाड का गठन करते हुए बाढ़ थाना क्षेत्र के इलाके से चार अपराधी को गिरफ्तार



कर लिया राजू, गौतम कुमार, सत्यम कुमार और शंकर रविदाससभी अपराधी एक ही गांव अचुआड़ा गांव के रहने वाले हैं वहीं मुख्य सरगना रौनक सिंह की खोज में पुलिस जुटी हुई है पकड़े गए अपराधियों के पास से दो मोबाइल मोटरसाइकिल ₹1600 नगद एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ आवश्यक कागजात भी बरामद हुए हैं पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है पुलिस ने पहले तो एक साइबर दुकान में छापेमारी की लेकिन उसकी सनलिस्ट मामले में नहीं थी लिहाजा उसे छोड़ दिया गया और चार शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# मसौढ़ी में आरओबी निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का विरोध









**स्थानीय लोगों ने मांगा दो दिन का वक्त, अभियान रहा जारी ● 10 मकानों पर चली जेसीबी, बिना नोटिस तोड़फोड़ का आरोप, पुल निगम बोला- पहले दी गई थी सूचना**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में बन रहे आरओबी के निर्माण कार्य के दौरान पहुंच पथ और सर्विस रोड बनाने मे बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए सोमवार को प्रशासन ने अभियान चलाया। इस दौरान 10 मकानों को ध्वस्त करने पर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और जमकर हंगामा हुआ। लोगों ने बिना नोटिस मकान तोड़ने का आरोप लगाते हुए दो दिन का समय मांगा। दरअसल बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के द्वारा मसौढ़ी में आरओबी का निर्माण को लेकर पहुंच पथ बनाया जा रहा है। आरओबी के पाया से 23 फीट तक सर्वीस रोड का निर्माण होना है। इसी जद में आ रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए सोमवार को टीम पहुंची थी। स्थानीय लोगों ने कहा कि उन्हें बिना किसी नोटिस के मकान तोड़ा जा रहा है। "हमें दो दिन का समय चाहिए ताकि हम खुद अपना मकान तोड़ लें, लोगों ने मांग की। हंगामा बढ़ता देख मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। पुल निगम के अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन द्वारा पहले ही जमीन चिन्हित कर निशान लगाया गया था और माइकिंग के जरिए घोषणा भी की गई थी। अतिक्रमण हटाओ अभियान में पुल निगम के एसडीओ अदिति झा व एसडीओ प्रभात कुमार, दंडाधिकारी के तौर पर नगर परिषद के सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद और रामाधार प्रसाद मौजूद रहे। पुल निगम के एसडीओ ने बताया कि आरओबी के पाया से 23 फीट की दूरी तक सर्वीस रोड बननी है। इसी दायरे में आने वाले सभी अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। घंटों चले हंगामे के बाद स्थानीय लोगों ने दोबारा दो दिन का समय मांगा। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखी। दंडाधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान चल भी जारी रहेगा,सोमवार को सभी को अपने-अपने स्तर से को चिन्हित निशान तक तोड़ लेने की अपील की गई है। एवं मंगलवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा।

## किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग एवं कृषि यांत्रीकरण की दी जानकारी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत 08 जून को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की एक टीम ने पटना जिले के फुलवारी शरीफ प्रखंड अंतर्गत महांगूपुर गांव का भ्रमण किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार सुंदरम, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. मणिभूषण, प्रधान वैज्ञानिक तथा श्री रवि रंजन, तकनीकी अधिकारी ने किसानों के साथ संवाद कर संतुलित एवं वैज्ञानिक उर्वरक प्रबंधन के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से उत्पादन लागत कम की जा सकती है तथा फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उचित मात्रा में उपलब्ध कराए जा सकते हैं। किसानों को प्रति बोरी यूरिया पर सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली पर्याप्त सब्सिडी के बारे में जानकारी दी गई तथा उर्वरकों के विवेकपूर्ण एवं संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा आधुनिक कृषि यंत्रों एवं सटीक उर्वरक अनुप्रयोग तकनीकों के उपयोग से उर्वरकों की बचत, लागत में कमी तथा उत्पादन में वृद्धि के बारे में विस्तार से बताया गया । इस दौरान किसानों ने मृदा स्वास्थ्य, उर्वरक प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका वैज्ञानिकों द्वारा समाधान किया गया।

## एमपीए फिजिकल एकेडमी खगौल के 90 से अधिक अभ्यर्थियों का बिहार पुलिस में चयन

**सम्मान समारोह आयोजित किया गया**




**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एमपीए फिजिकल एकेडमी, खगौल में शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 90 से अधिक अभ्यर्थियों के बिहार पुलिस में अंतिम रूप से चयनित होने पर महादेव स्थान स्थित अभिनंदन आईएएस एकेडमी के प्रांगण में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमपीए फिजिकल एकेडमी के निदेशक एवं फिजिकल ट्रेनर मुन्ना कुमार द्वारा किया गया।इस अवसर पर बिहार पुलिस में चयनित सभी सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से चयनित अभ्यर्थियों में महिला एवं पुरुष उम्मीदवारों के साथ-साथ 12 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी भी शामिल हैं। इन ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों की सफलता को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए मुन्ना कुमार ने उन्हें पुलिस की वर्दी भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर अभ्यर्थियों ने यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों का पुलिस सेवा में चयन समाज में समान अवसर और समावेशी विकास की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद् गुरु रहमान सर उपस्थित रहे। इसके अलावा शशि प्रभा, विकास योजना की उपनिदेशक, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मधुकर, रंजीत प्रसाद सिन्हा, पूर्व रेंजर ऑफिसर संजीव कुमार जवाहर, अभिनंदन आईएएस एकेडमी के निदेशक अभिनंदन यादव, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वशिष्ठ भाई सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुन्ना कुमार ने कहा कि एमपीए फिजिकल एकेडमी का उद्देश्य केवल अभ्यर्थियों को शारीरिक प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भावना का विकास करना भी है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता आने वाले युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी चयनित अभ्यर्थियों को सम्मान-पत्र प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की गई। समारोह का वातावरण उत्साह, गर्व और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।

## अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौके पर मौत



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा रोड स्थित नेवा पुल के पास सोमवार की तड़के सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।मृतक की पहचान शाहबाजपुर निवासी पिंटू चौधरी के बड़े बेटे रोहित कुमार (19) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रोहित अपने पिता से मिलने दानापुर गया था। पिता मजदूरी कर परिवार चलाते हैं। मुलाकात के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। सुबह करीब 5 बजे नेवा पुल के पास अनियंत्रित ट्रक ने उसे रौंद दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और रोहित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। पिंटू चौधरी के दो बेटे थे। रोहित बड़ा था और खुद भी काम कर परिवार की आर्थिक मदद करता था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे शाहबाजपुर गांव में मातम पसरा है।पिपरा थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### धनरूआ के फन सिटी वाटर पार्क में किशोरी से छेड़खानी, विरोध करने पर भाइयों को पीटा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बीर स्थित फन सिटी वाटर पार्क में रविवार दोपहर 12 वर्षीय किशोरी से छेड़खानी और विरोध करने पर उसके नाबालिग भाइयों की पिटाई का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चार अन्य आरोपी फरार हैं।मसौढ़ी के एक गांव की 12 वर्षीय किशोरी अपने चार नाबालिग भाइयों के साथ बीरेन्द्र स्थित फन सिटी वाटर पार्क गई थी। आरोप है कि स्नान के दौरान वहां पहले से मौजूद स्थानीय युवकों ने पानी में ही किशोरी से छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर एक युवक ने किशोरी को गोद में उठाकर पानी के नीचे ले जाकर छेड़खानी की।जब किशोरी के भाइयों ने पानी में ही युवक से उलझने की कोशिश की तो सभी ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों की सलाह पर जब पीड़िता अपने भाइयों के साथ पार्क से निकल रही थी तो गेट पर घेरकर उनकी दोबारा जमकर पिटाई की गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को स्थानीय लोगों ने भखरी गांव के दीपक कुमार व मनीष कुमार को पकड़कर सौंप दिया। पूछताछ में दोनों ने अपने साथियों के नाम बताए। अन्य आरोपियों की पहचान भखरी गांव के राजू कुमार, हर्ष कुमार, गुलशन कुमार एवं अमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस छापेमारी कर रही है, लेकिन सभी घर से फरार हैं। दीपक व मनीष को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## फर्जी लगान रसीद मामले में कार्रवाई: पुनपुन राजस्व कर्मचारी मधेश राम सेवा से बर्खास्त

**डीएम ने कहा- घोर कदाचार, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत हुई कार्रवाई**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी पटना ने कार्यों में घोर लापरवाही एवं अनियमितता के आरोप में पुनपुन के राजस्व कर्मचारी मधेश राम को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है। वर्तमान में अंचल कार्यालय, पुनपुन में पदस्थापित मधेश राम पर फर्जी लगान रसीद के आधार पर जमाबंदी कायम करने का आरोप प्रमाणित हुआ है।जांच में प्रमाणित हुआ कि मधेश राम ने मसौढ़ी अंचल में पदस्थापना के दौरान फर्जी तरीके से लगान रसीद काटी और उसी के आधार पर भू-धारियों को लाभ पहुंचाने के लिए एलपीसी निर्गत करने की अनुशंसा की। वर्ष 2019-20 में ऐसे आवेदकों के नाम से रसीद निर्गत की गई जो उस समय थे ही नहीं। जबकि जमाबंदी विभिन्न दाखिल-खारिज वाद के जरिए वर्ष 2021-22 में कायम हुई। यानी पहले जाली रसीद काटी गई, बाद में जमाबंदी कायम की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व कर्मचारी ने पद का दुरूपयोग कर गलत मंशा से नियम के विरुद्ध कार्य किया। फर्जी जमाबंदी के आधार पर फर्जी लगान रसीद और उस पर भू-स्वामित्व प्रमाण-पत्र की अनुशंसा पूर्णतः गलत है। इससे सरकार के राजस्व नियमों का घोर उल्लंघन हुआ और कार्यालय की छवि धूमिल हुई।अनुमंडल पदाधिकारी, मसौढ़ी द्वारा आरोप पत्र गठित कर भेजा गया था। डीएम ने अपर समाहर्ता, पटना को संचालन पदाधिकारी और अंचल अधिकारी, मसौढी को प्रस्तोता पदाधिकारी नियुक्त कर विधिवत अनुशासनिक कार्रवाई कराई। सभी आरोप प्रमाणित पाए गए। आरोपी को सुनवाई का पर्याप्त मौका दिया गया, लेकिन उनका स्पष्टीकरण बनावटी एवं मनगढ़ंत पाया गया।राजस्व कर्मचारी का आचरण बिहार सेवा संहिता के नियमों के प्रतिकूल है। इनका सेवा में बने रहना लोकहित के विरुद्ध है।" बिहार सरकारी सेवक नियमावली, 2005 के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का अक्षरशः पालन किया जा रहा है। सभी पदाधिकारियों को जनहित के कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है।

## पटना डेयरी प्रोजेक्ट, सुधा डेयरी द्वारा 'जन कल्याण कोष योजना' का भव्य उद्घाटन

**पीड़ित पशुपालक परिवारों को 30 लाख की सहायता राशि का हुआ वितरण**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पटना (सुधा डेयरी) द्वारा आज एक गरिमामयी और भावुक समारोह में दुग्ध उत्पादकों एवं पशुपालकों के कल्याणार्थ समर्पित 'जन कल्याण कोष सह योजना' का उद्घाटन और सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन दशरथ मांझी सभागार, पटना में किया गया। इस विशेष कल्याणकारी योजना के माध्यम से दुग्ध संघ ने अपने सदस्य किसानों और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी सामाजिक और सहकारी प्रतिबद्धता को धरातल पर उतारा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शीर्षत कपिल अशोक, सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार सह अध्यक्ष, कॉम्फेड ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने संघ के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में पशुपालकों को संबल प्रदान करना ही सहकारिता का असली मूल मंत्र है। साथ ही इस जन कल्याण योजना को कॉम्फेड के द्वारा बिहार के सभी दुग्ध संघो में जल्द से जल्द लागू करने को कहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक समीर सौरभ ने किसानों के स्वावलंबन पर जोर देते हुए कहा कि 'सुधा' ब्रांड की असली ताकत हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के परिश्रमी किसान हैं और संकट की हर घड़ी में महासंघ उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस विशेष कोष का निर्माण पूरी तरह से सहकारिता की भावना के साथ किया गया है। इस कोष का मुख्य उद्देश्य सक्रिय पशुपालकों एवं दुग्ध समिति के संबद्ध कर्मियों की असामयिक मृत्यु अथवा उनके दुधारू पशुओं की हानि होने पर तत्काल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार ने बताया कि आज के इस ऐतिहासिक अवसर पर कुल ₹30 लाख की आर्थिक सहायता राशि सीधे लाभार्थियों और उनके आश्रितों के बीच वितरित की गई है।

### सैलून के अंदर उस्तरे से हमला, आरोपित गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के हाई स्कूल के पास स्थित एक सैलून में रविवार देर रात खूनी झड़प हो गई। मैनक टोला निवासी राहुल कुमार पर गुरुदेव टोला के सिंटू कुमार ने नाई के हाथ से उस्तरा छीनकर हमला कर दिया।हमले में राहुल के पेट पर गहरा जख्म हो गया। घायल अवस्था में उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## दनियावां में 12 जून को खरीफ महोत्सव, 2400 हेक्टेयर में धान रोपनी का लक्ष्य

**डॉ. राजीव नयन सिंह**





**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोहिणी नक्षत्र में हुई हल्की बारिश ने दनियावां के खेतों को जीवन दे दिया है। नतीजा प्रखंड की 6 पंचायतों के 33 राजस्व गांवों में किसान बिजली चालित मोटर और निजी पंपिंग सेट के सहारे धान का बिचड़ा डालने में जुट गए हैं। इस खरीफ सीजन में प्रखंड में 2400 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती का लक्ष्य रखा गया है। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी लखिम चंद्र ने बताया कि बांकीपुर-मछरियावां, सिंगरियावां, दनियावां, सलारपुर, खरभैया और शाहजहांपुर पंचायतों में विचड़े गिराने का काम अब तेज हो गया है।

**12 जून को जुटेंगे कृषि विशेषज्ञ और किसान**

प्रखंड प्रांगण और ई-कृषि भवन में आगामी 12 जून को आयोजित खरीफ महोत्सव किसानों के लिए खेती की नई तकनीक सीखने का मंच बनेगा। कृषि समन्वयक अमृता कुमारी,पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार (चकरज्जा गांव), किसान सलाहकार राजेश रंजन, शिवकुमार चौधरी, प्रवीण कुमार बीजोपचार, नमी प्रबंधन और श्रीविधि से धान की खेती पर व्यावहारिक जानकारी देंगे। कृषि सलाहकारों ने कहा, बुआई से पहले बीजोपचार करना बेहद जरूरी है। इससे फसल रोगमुक्त रहती है और उपज बढ़ती है। धान सिर्फ अनाज नहीं धन है, यह घर की लक्ष्मी है। अच्छी रोपनी का मतलब घर में समृद्धि की दस्तक।

**बीज आपूर्ति पर किसानों की चिंता**

प्रगतिशील किसान संघ के सुनील कुमार, कौशल किशोर,रामनाथ सिंह (हसनापुर), झूलन सिंह (शाहजहांपुर) नागेंद्र प्रसाद, बब्बन सिंह और अम्बर पटेल ने विभाग से समय पर बीज उपलब्ध कराने की मांग उठाई। उनका कहना है कि देरी से बीज मिलने पर रोपनी का रकवा घटता है और उपज पर सीधा असर पड़ता है। कृषि विभाग का दावा है कि इस बार तकनीकी मार्गदर्शन और समय पर खेती से दनियावां में धान का उत्पादन नया रिकॉर्ड बनाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आदापुर कटगेनवा में गन्ना ग्राम गोष्ठी का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्रीय विकास परिषद द्वारा एचपीसीएल बायोफ्यूल लि. इकाई - सुगौली के आरक्षित क्षेत्र में प्रखंड आदापुर के कटगेनवा ग्राम में गन्ना ग्राम गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में बिहार सरकार गन्ना उद्योग विभाग के गन्ना प्रसार अधिकारी श्रुतिध ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मिल प्रबंधन की और से गन्ना अधिकारी श्री अमित कुमार सिंह ने गन्ना सर्वे और गन्ना बुआई से जुड़ी हुई तकनीकी जानकारी दी। साथ ही अन्य गन्ना समसामयिकी विषय वस्तुओं पर अजय शर्मा द्वारा जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई गई। बैठक में स्थानीय BLW, MTS सहित मिल के क्षेत्रीय पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। बैठक में 90 किसानों के उपस्थिति रही।



### रमेश श्रीवास्तव को पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर खुशी की लहर

**चकिया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पद पर रमेश कुमार श्रीवास्तव के पुनः चुने जाने पर पार्टी कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए कहा है कि प्रखंड अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव के नेतृत्व में पार्टी संगठन का लगातार विस्तार हुआ है। बधाई देने वालों में पार्टी के जिला अध्यक्ष शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय, जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, महिला प्रकोष्ट की जिला अध्यक्ष किरण कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष नित्यानंद देव, महिला प्रकोष्ट की प्रखंड अध्यक्ष फूलकुमारी देवी, मोहमद फैयाजुद्दीन उर्फ मुन्ना मियां, विनय गुप्ता, मदन साहनी, मोहमद मोख्तार आलम, सुरेश राम, छात्र नेता सनी कुमार गुप्ता, अखिलेश यादव, भोला गुप्ता, शुभम ठाकुर, विवेक कुमार, विकास कुमार, वकील अंसारी, राकेश पासवान, बबलू श्रीवास्तव, रणजीत पांडे, हरिकिशोर पटेल, जागीर हुसैन, जावेद अली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल है।

### कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन के अलाउद्दीन चक गांव में सोमवार से सात दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हो गया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश रखकर हिस्सा लिया। पूरे गांव में धार्मिक उल्लास का माहौल है।कलश यात्रा अलाउद्दीन चक से शुरू होकर पुनपुन नदी के पावन तट पर पहुंची। यहां सैकड़ों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जल भरी कार्यक्रम में भाग लिया। जल भरने के बाद सभी श्रद्धालु वापस अलाउद्दीन चक स्थित यज्ञ स्थल पहुंचे, जहां अनुष्ठान शुरू हो गए।आयोजकों ने बताया कि यज्ञाधीश के रूप में सिद्धेश्वर आचार्य और सतीश तिवारी और महिला यज्ञाचार्य लाडली दुबे पधारे हैं। उनके मुखारविंद से पूरे यज्ञ के अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराए जाएंगे। रोज शाम को प्रवचन कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।सात दिवसीय महायज्ञ को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। खासकर महिला श्रद्धालुओं में कलश यात्रा और यज्ञ को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



### 310 बेटिकट यात्री पकड़े गए; 1,04545 लाख जुर्माना वसूला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड पर सोमवार की सुबह डुमरी जंक्शन पर चलाए गए सघन टिकट चेकिंग अभियान में 310 बेटिकट और अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए। इनसे जुमार्ने के रूप में 104545 रुपये रेल राजस्व वसूला गया।वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में यह अभियान सुबह 6 से 10 बजे तक चलाया गया। इसके लिए वाणिज्य विभाग की 19 टीटीई की टीम और पद्धत्रकी संयुक्त टीम ने विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन 'लाल गाड़ी' के साथ जटडुमरी स्टेशन पर जांच की। अभियान का असर पूरे रेलखंड पर दिखा। परसा बाजार, पुनपुन घाट, जटडुमरी, तारेगना, जहानाबाद समेत सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। हर स्टेशन पर टिकट बिक्री में प्रत्यक्ष वृद्धि दर्ज की गई। रेल प्रशासन ने बताया कि बिना टिकट और अनियमित यात्रा के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। टिकट चेकिंग कि शुरूआत पटना सिंगरौली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन से शुरू की गई, उसके बाद 63241 से लेकर तकरीबन 8 से 10 जोड़ी ट्रेनों में चार घंटे तक सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाई गई।बहरहाल दानापुर मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही यात्रा करें और भारतीय रेल की सेवाओं का लाभ उठाएं।







### मारपीट में लोहे की रॉड से हमला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के पंडितगंज गांव में रविवार देर रात एक युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर गाली-गलौज का विरोध करने पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित आनंद प्रकाश, पिता स्वर्गीय रविंद्र सिंह, ग्राम पंडितगंज ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि रविवार 7 जून की रात करीब 10:30 बजे गांव का जीसू कुमार उर्फ छवि उसके घर के पास पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे सिर गंभीर रूप से फट गया और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा।आरोप है कि घायल होकर गिरने के बाद भी आरोपी ने मारपीट जारी रखी, जिससे शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। इस दौरान बचाव करने पहुंची उसकी मां पर भी लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। पीड़ित ने आवेदन में बताया है कि वह अपनी मां, पत्नी और बच्चों के साथ घर में रहता है। उसने आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मैत्री क्रिकेट मैच का किया गया आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से स्थानीय गांधी मैदान में जिला प्रशासन, मोतिहारी एवं भारतीय स्टेट बैंक, मोतिहारी के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन किया गया। इस बेहद रोमांचक और सद्भावनापूर्ण मुकाबले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, मोतिहारी ने शिरकत की। जिलाधिकारी ने खेल भावना की सराहना करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को अपने हाथों से मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस गरिमामयी अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी तथा विजय सामल (महाप्रबंधक, एसबीआई) के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों की मौजूदगी में टॉस प्रक्रिया के साथ हुआ। भारतीय स्टेट बैंक की टीम ने टॉस जीता और पिच की स्थिति को भांपते हुए पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिला प्रशासन की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की बेहतरीन साझेदारी की बदौलत टीम ने 5 विकेट खोकर 144 रनों का एक मजबूत और विशाल स्कोर खड़ा किया। रवि शंकर, राज्य कर सहायक आयुक्त ने 3 चौके और 3 छक्के की मदद से 28 गेंदों में 42 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वही जवाबी पारी मे 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसबीआई की शुरूआत धीमी रही। जिला प्रशासन के गेंदबाजों की नपी-तुली और कसी हुई गेंदबाजी के सामने एसबीआई के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। पूरी टीम निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर केवल 84 रन ही बना सकी। इस प्रकार, जिला प्रशासन की टीम ने इस मुकाबले को 60 रनों के बड़े अंतर से जीतकर शानदार विजय दर्ज की। खिलाड़ियों के शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन को रेखांकित करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निम्नलिखित विशेष पुरस्कार बांटे गए:- मैन ऑफ द मैच अभिषेक कुमार, बेस्ट बैट्समैन : रविशंकर (राज्य कर सहायक आयुक्त) बेस्ट बॉलर:- इशांत कुमार। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी सेवा की व्यस्त और तनावपूर्ण दिनचर्या के बीच ऐसे खेल आयोजन मानसिक स्फूर्ति और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी हैं। इस तरह के आयोजनों से जिला प्रशासन और बैंकिंग सेक्टर के अधिकारियों व कर्मियों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग और टीम भावना को मजबूती मिलती है। इस रोमांचक मैच को देखने के लिए दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, भारी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे थे।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की दर्दनाक मौत, एक जख्मी

**मधुबनी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में मधुबनी जिला के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के गैबीपुर में रविवार की शाम दो बाइक की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई। वहीं, दूसरा बाइक सवार भी गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। जिसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान गैबीपुर गांव के शंकर चौधरी का पुत्र मयंक कुमार चौधरी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बाइक से दूध खरीदने के लिए नंदी भौजी चौक की ओर जा रहा था। जबकि, दूसरे साइड से तेज और अनियंत्रित बाइक महमदपुर की ओर जा रही थी। मृतक घर से बाइक लेकर जैसे ही कुछ ही आगे बढ़ा की, दूसरा बाइक ने सामने से ठोक दिया। ठोकर इतना जबरदस्त था कि, दूसरे युवक के सिर में छेद कर दिया। संभवतः युवक की मौत उसी कारण हो गई। स्थानीय लोगों ने उसे अनुमंडल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद स्थानीय लोग उसे लेकर घर पहुंच गए। उधर, दुर्घटना की सूचना मिलते ही बेनीपट्टी एसएचओ सह पुलिस इंस्पेक्टर शिव शरण साह , अपर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर घटना की पूरी जानकारी ली। फिलहाल, मृतक के पिता के गांव में नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम को लेकर कार्रवाई नहीं हुई है।

### घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**छपरा /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हर्षपुरा गांव निवासी वशिष्ठ साह गोंड (70)अपना काम खत्म करके रविवार की देर शाम को वापस घर लौट रहे थे। परिजन इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सात वर्षीय बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र में एक सात वर्षीय बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक सात वर्षीय बच्चा अपने घर के समीप खेल रहा था। इसी दौरान उसी गांव के धनु महतो नाम का व्यक्ति उसे बहला कर अपने मोटरसाइकिल पर बैठा कर घर से 02 किलोमीटर दूर एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार की घटना को अंजाम देने के बाद पुनः उसे मोटरसाइकिल पर बैठा कर उसके घर के समीप छोड़ कर भाग निकला। जिसके बाद रोते हुए बच्चे ने इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। सूत्रों ने बताया कि परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित बच्चे का बयान दर्ज कर इस मामले में भारतीय न्याय संहिता और पास्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापामारी शुरू कर दी है।

# जमुनिया पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री सतीशचंद्र दूबे

## बिहार सरकार के मंत्री नंदकिशोर राम हुआ भव्य स्वागत

## सहोदरा मंदिर पहुंच टेके माथा, किया पौधारोपण



**बेतिया/प.चम्पारण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौनाहा प्रखंड क्षेत्र के जमुनिया में आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री सतीश चंद्र दुबे व बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्यय व पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष निरंजन पंजियार का भव्य स्वागत किया गया एक नीजी विद्यालय परिसर मे । उपस्थित कार्यकताओं के द्वारा फुलों के माला व अंगवस्त्र व मेमोंटो देकर मंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने देशभक्ति गीत गाकर लोगों को मग्धमुग्ध कर दिया। अध्यक्षता कामेक्षा सिंह व संचालन चंदु कुमार ने किया। मंत्री नंदकिशोर राम ने कहा कि मेरे चुनाव में पर्दे के पिछे से भी अभिन्न कार्यकर्ता किये है। जो यहां उपस्थित है। उनके जज्बे को सलाम है। हमारी जीत अकेले की नही थी ये जीत एनडीए कार्यकर्ता के एक एक साथीयों की थी है और रहेगी। चुनाव के समय के पलों को याद कर भावुक हो गयें। विधायक और मंत्री परिषद में शामील हुआ ये आपकी कृपा है। कार्यकर्ता के रूप में मै लम्बे समय तक कार्य करता रहा हुं। सबसे गरीब जिम्मेदारी मुझे मिली है। मेरा क्षेत्र भी गरीब बहुल है।

# सोनपुर मंडल से पहली बार लीची की सीधी रेल लोडिंग, व्यापारियों में उत्साह




**सोनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल ने कृषि उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मंडल के क्षेत्राधिकार से इस वर्ष पहली बार लीची की सीधी रेल लोडिंग प्रारंभ की गई है, जिससे स्थानीय व्यापारियों एवं उत्पादकों को काफी सुविधा प्राप्त हो रही है। दिनांक 22 मई 2026 से 08 जून 2026 तक सोनपुर मंडल से कुल 55,000 किलोग्राम लीची का परिवहन किया गया। इस दौरान कुल 4,225 पैकेट विभिन्न शहरों के लिए रेल मार्ग से भेजे गए हैं। अब तक इस लोडिंग के माध्यम से सोनपुर मंडल को ₹1,24,794 का रेल राजस्व प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस क्षेत्र की लीचियों की रेल लोडिंग मुख्यतः मुजफ्फरपुर से की जाती रही है। किंतु इस वर्ष पहली बार सोनपुर मंडल के क्षेत्राधिकार से ही लीची की रेल लोडिंग प्रारंभ होने से व्यापारियों को अपने उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने के लिए अतिरिक्त दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है। इससे समय, श्रम एवं परिवहन लागत में कमी आई है तथा व्यापारियों को बेहतर व्यावसायिक अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इस नई पहल से स्थानीय व्यापारियों एवं कृषकों में उत्साह का वातावरण है। रेल परिवहन की सुरक्षित, त्वरित एवं किफायती सुविधा का लाभ उठाते हुए वे अपने उत्पाद देश के विभिन्न बाजारों तक आसानी से पहुँचा पा रहे हैं। सोनपुर मंडल द्वारा कृषि एवं बागवानी उत्पादों के रेल परिवहन को प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मंडल का उद्देश्य किसानों, व्यापारियों एवं ग्राहकों को बेहतर परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध कराते हुए रेलवे के माल राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करना है। सोनपुर मंडल भविष्य में भी स्थानीय उत्पादों के लिए रेल परिवहन को बढ़ावा देकर क्षेत्रीय आर्थिक विकास एवं रेलवे राजस्व संवर्धन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

# आरएसपीएल ने एक उत्पाद से शुरूआत कर एक बहुआयामी उपभोक्ता समूह के रूप में अपनी पहचान बनाई : मनोज ज्ञानचंदानी

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 50 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा में आरएसपीएल ने एक उत्पाद से शुरूआत कर एक बहुआयामी उपभोक्ता समूह के रूप में अपनी पहचान बनाई है। जैसे-जैसे हम लाइफस्टाइल और फूड श्रेणियों में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहे हैं, हमारा उद्देश्य बेहतर गुणवत्ता, नवीनता और उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराना है। ये बातें आरएसपीएल ग्रुप के डायरेक्टर मनोज ज्ञानचंदानी ने आरएसपीएल के स्थापना के गौरवशाली 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कही। भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पूरे टीम को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह उपलब्धि हमें भारत और वैश्विक बाजारों में आने वाले कल के लिए और अधिक मजबूत बनने की प्रेरणा देती है। वहीं आरएसपीएल ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा कि घड़ी डिटर्जेंट से शुरू होकर घरेलू और औद्योगिक क्षेत्रों में एक भरोसेमंद नाम बनने तक की आरएसपीएल की यात्रा हमारे भारत में बना, भारतीयों के लिए बना दर्शन की शक्ति को दशार्ती है। पिछले पांच दशकों में देश के करोड़ों उपभोक्ताओं ने जिस विश्वास के साथ हमारे उत्पादों को अपनाया है, वही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

# रेल संपत्ति एवं यात्री की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने चलाया अभियान

## हॉकर एवं वेंडर की रोकथाम को लेकर 15 दिनों तक जारी रहेगा अभियान : इंस्पेक्टर सुजीत




**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों और कर्मियों ने यात्रियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित यात्रा और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को लेकर यात्रियों में जागरूकता बढ़ाना था।आरपीएफ कर्मियों ने यात्रियों को बताया कि चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना अत्यंत खतरनाक होता है। इसलिए ऐसा करने से बचें।फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा करना स्वयं और दूसरों दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है।यात्रियों को यह भी सलाह दी गयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति से खाद्य या पेय पदार्थ न लें।क्योंकि इससे खतरा हो सकता है। आरपीएफ कर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे पत्थरबाजी जैसी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी कोई भी घटना होने पर तुरंत रेलवे प्रशासन को सूचित करें।यात्रियों को रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी दी गयी और बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर तुरंत संपर्क करें। कार्यक्रम के माध्यम से आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने यात्रियों से सहयोग की अपील की ताकि सभी के लिए सुरक्षित, सहज और जिम्मेदार रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अभी कहा कि मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर अवैध होकर एवं वेंडर के विरुद्ध लगातार अभियान चलाते हुए कार्रवाई। मौके पर सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा, कांस्टेबल काजल कुमारी अंकित सविता सहित कई मौजूद थी।

# रामनगर थाना क्षेत्र में ठगी गिरोह का हुआ खुलासा

## तीन अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार, 5 मोबाइल, 10 सिम और 4 एटीएम कार्ड बरामद

**बेतिया/प.चम्पारण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प.चम्पारण के रामनगर पुलिस ने ठगी गिरोह का खुलासा करते हुये तीन अंतर्राज्यीय ठग को किया गिरफ्तार साथ ही उनके पास से 5 मोबाइल, 10 सिम और 4 एटीएम कार्ड बरामद किया । रामनगर थाना क्षेत्र में महिलाओं के बैंक खातों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 5 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड, 4 एटीएम कार्ड और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस संबंध मे रामनगर एसडीपीओ रागिनी कुमारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताई कि कांड संख्या 188/26 के तहत दर्ज मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी अली असगर उर्फ अली अख्तर बैंक एजेंट और सीएसपी संचालक के रूप में कार्य करता था। उसने अपने सहयोगियों हजरत आलम और जफिर आलम के साथ मिलकर महिलाओं के नाम पर नए सिम कार्ड जारी कराए तथा लोन दिलाने के नाम पर उनके बैंक खाते खुलवाए। खाता खुलने के बाद आरोपित बैंक किट से एटीएम कार्ड की तस्वीर ले लेते थे और संबंधित सिम अपने पास रखकर उसे मोबाइल में सक्रिय कर महिलाओं के खातों से अवैध निकासी कर लेते थे। मांगुरहा गांव निवासी साजिया खान ने अपने खाते से 1 लाख 23 हजार 500 रुपये की ठगी होने की शिकायत रामनगर थाने में दर्ज कराई थी। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने महुई गांव निवासी अली असगर को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर मिल बहुवरी निवासी हजरत आलम तथा बड़गो देवराज निवासी जफिर आलम को भी दबोच लिया गया। पूछताछ में गिरोह की संलिप्तता सामने आने के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

# रक्सौल के मुख्य मार्ग पर बनेगी डिवाइडर रेलिंग, यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में बड़ी पहल



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या को कम करने के उद्देश्य से नगर परिषद ने मुख्य पथ पर डिवाइडर रेलिंग निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी है। सोमवार को आयोजित एक समारोह में इस महत्वाकांक्षी योजना का विधिवत शिलान्यास किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित कार्यक्रम में पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल तथा रक्सौल के विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर परिषद की कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी और कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार भी मौजूद रहे। सांसद डॉ. जायसवाल ने कहा कि डिवाइडर रेलिंग बनने से सड़क पर वाहनों का संचालन अधिक व्यवस्थित होगा तथा शहरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल यातायात सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के सौंदर्यीकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नगर परिषद के अनुसार, लगभग 64.76 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस योजना का कार्य ए.आर. कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। परियोजना को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में बाटा चौक से नागा रोड चौक और नगर परिषद कार्यालय तक, दूसरे चरण में नागा रोड चौक से प्रशासनिक भवन तक तथा तीसरे चरण में नगर परिषद कार्यालय से कोइरिया टोला होते हुए आईडीबीआई बैंक और पंकज चौक तक डिवाइडर रेलिंग का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में सिटी मैनेजर अभिनाश कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी कन्हैया कुमार यादव, सफाई निरीक्षक रामनरेश कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अजय पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नगर परिषद के इस कदम को शहर की यातायात व्यवस्था को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# सबवे निर्माण को लेकर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित, कई ट्रेनों के बदले मार्ग

## नवादा-तिलैया रेलखंड में आठ घंटे का ट्रैफिक व पावर ब्लॉक आज

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल अंतर्गत नवादा और तिलैया स्टेशनों के बीच सीमित ऊंचाई वाले सबवे (एलएचएस) निर्माण कार्य को लेकर मंगलवार को आठ घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस और मेमू ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा, जबकि एक ट्रेन को पुनर्निर्धारित भी किया गया है।मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि 9 जून 2026 को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक नवादा-तिलैया रेलखंड पर ट्रैफिक एवं बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। निर्माण कार्य को सुरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसके मद्देनजर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक परिचालन व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि दानापुर मंडल द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार ट्रेन नंबर 19604 गोड्डा-दौराई एक्सप्रेस अपने निर्धारित किऊल-नदवान-गया मार्ग के बजाय किऊल-पटना-जहानाबाद-गया होकर चलेगी। वहीं ट्रेन नंबर 63387 जमालपुर-गया मेमू को लखीसराय-नवादा-मानपुर मार्ग के स्थान पर शेखपुरा-बिहार शरीफ-राजगीर-तिलैया होकर परिचालित किया जाएगा। इसी तरह ट्रेन नंबर 13024 गया-हावड़ा एक्सप्रेस को वजीरगंज-शेखपुरा-किऊल मार्ग के बजाय गया-जहानाबाद-पटना-किऊल होकर चलाया जाएगा। वहीं ट्रेन नंबर 15619 गया-कामाख्या एक्सप्रेस को भी तिलैया-शेखपुरा-किऊल के स्थान पर गया-जहानाबाद-पटना-किऊल मार्ग से संचालित किया जाएगा। इसके अलावा ट्रेन नंबर 63388 गया-जमालपुर मेमू को गया स्टेशन से अपने निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से रवाना किया जाएगा।

# बिहार राज्य किसान सभा का 38 वां राज्य सम्मेलन मोतिहारी में शुरु



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य किसान सभा का 38 वां राज्य सम्मेलन विजयकांत ठाकुर नगर, वाई एस विवाह भवन,मोतिहारी में 6 जून को खुला अधिवेशन से प्रारंभ हुआ। सम्मेलन के खुला अधिवेशन को अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का. अशोक ढवले न बताया कि आज किसानों के लिए जमीन का सवाल बहुत महत्वपूर्ण है।जो जमीन जोतेगा वह उसका मालिक होगा।बिहार में 22 लाख भूमिहीन किसानों को जमीन देने को नीतीश कुमार ने कहा था।लेकिन नहीं कर सके।हमें इस लड़ाई को लड़ना है।अभी पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े, खाद के दाम जबरदस्त बढ़ा है।इसका जिम्मेदार मोदी की सरकार है।जो अमेरिकी सरकार को पूरा समर्थन दिया था।ईरान पर जंग के दो दिन पहले इजराइल में मोदी जाकर लड़ाई को मैं समर्थन देता है।उसके बाद ईरान पर अमेरिका और इजरायल द्वारा हमला किया गया।अमेरिका से ट्रेड डील करके मोदी सरकार ने कृषि के क्षेत्र में समझौता कर भारत के किसानों का कमर तोड़ दिया है।आज नरेन्द्र का मतलब सरेंडर हो गया है।आज मोदी और अमित शाह देश को बेंच रहे हैं और अंबानी और अडानी देश खरीद रहे हैं।आज धर्म के आधार पर देश की जनता को बांटने का काम मोदी सरकार कर रही है ।हमें इसके खिलाफ व्यापक लड़ाई करनी है ' अखिल भारतीय किसान सभा के उपाध्यक्ष तथा सांसद अमराराम ने सम्मेलन का उदघाटन करते हुए कहा कि आज संकट का सामना नहीं कर पा रहे 5 लाख किसानों ने आत्महत्या कर लिया।लेकिन किसानों को कर्ज से मुक्त मोदी सरकार ने नहीं किया।हमें इस किसान विरोधी मोदी सरकार से लड़ना होगा।पिछले दिनों हमने लड़ कर तीन किसान विरोधी काले कानूनों को वापस कराया था। आज मोदी सरकार देश की बिजली व्यवस्था को भी अदाणी के हाथों में सौंप देना चाहती है।जब लाल झंडे की ताकत बढ़ती है,तो मनरेगा मिलता है।सूचना का अधिकार मिलता है और जब लाल झंडे की ताकत कम हो जाता है तो हमारे अधिकार छीन लिए जाते हैं। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बादल सरोज ,संयुक्त सचिव अवधेश कुमार, बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव विनोद कुमार , उपाध्यक्ष ललन चौधरी, उपाध्यक्ष एवं विधायक अजय कुमार,रामजतन सिंह,प्रभुराज नारायण राव,श्याम भारती, संजय कुमार, रणधीर यादव, म. सत्तार अंसारी, अशोक पाठक, सत्येन्द्र मिश्र आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता का. राजेन्द्र प्रसाद सिंह और संचालन धनंजय गिरि ने की।

### घर में घुसकर मारपीट और लूट, महिला ने थाने में दी शिकायत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के महाराज चक गांव में 7 जून की शाम करीब 4:30 बजे मारपीट और लूटपाट की घटना सामने आई है। पीड़िता अंजू कुमारी, उम्र 29 वर्ष, पति प्रमोद कुमार ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।अंजू कुमारी ने बताया कि उनकी सास उषा देवी शनिवार शाम करीब 4:30 बजे घर से बाजार जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही रवि कुमार उर्फ शाहिल कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, बब्बी कुमार उर्फ अनिकेत कुमार, उम्र करीब 18 वर्ष, दोनों पिता स्व. विनोद कुमार और सविता देवी, उम्र करीब 45 वर्ष, पति स्व. विनोद कुमार ने उन्हें पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर अंजू के पति प्रमोद कुमार बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और गले से सोने की हनुमान जी की चेन छीन ली। किसी तरह बचकर वे घर भागे तो आरोपी पीछा करते हुए घर तक आ गए। वहां लोहे के रॉड और बेल्ट से परिवार के सभी लोगों की पिटाई की गई।अंजू कुमारी का आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उनके साथ गलत हरकत की और गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। मारपीट के दौरान बच्चों के गले से सोने की कान की बाली भी छीन ली गई।

# चिंतामण बीघा में एक दिवसीय योग कार्यशाला का शुभारंभ, योग के महत्व पर दिया गया जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुटुंबा (औरंगाबाद)**। पतंजलि योग समिति हरिद्वार के दिशा-निर्देश एवं योग ऋषि के मार्गदर्शन में सोमवार को कुटुंबा प्रखंड के चिंतामण बीघा गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्रामीणों एवं योग साधकों को योग, प्राणायाम, आसन और व्यायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में पतंजलि किसान प्रकोष्ठ के प्रभारी बृजमोहन शर्मा ने योगाभ्यास कराते हुए योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम भारतीय ऋषि-मुनियों द्वारा मानव समाज को दिया गया अमूल्य उपहार है। यदि व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाए तो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन संभव है। योग न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि व्यक्ति के विचारों और जीवनशैली को भी सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, थायराइड, माइग्रेन सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं के नियंत्रण में सहायता मिल सकती है। साथ ही योग तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में उपस्थित योग साधकों ने अपनी आवश्यकता और स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर अंबिका पांडेय, दिव्यांशु राय, उर्मिला देवी, तारा देवी, उपेंद्र पांडेय, पवन पांडेय, शिवशंकर सिंह, बिंदेश्वरी पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय, कौशल कुमार, दिनेश पांडेय, रघुनाथ पांडेय, मनी पांडेय, शंभू पांडेय, राकेश पांडेय, गुप्तेश्वर पासवान, रामप्रवेश पांडेय सहित कई ग्रामीण एवं योग साधक उपस्थित थे।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की सख्ती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर संचालित किया गया। पुलिस की इस अचानक कार्रवाई से दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों के बीच हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। अभियान के तहत पुलिस टीम ने वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, हेलमेट उपयोग, ट्रिपल लोडिंग आदि की जांच की गई। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए वाहनों की डिक्की, कागजात और आवश्यकतानुसार यात्रियों की भी जांच की गई। पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह अभियान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को सुनिश्चित करने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने कहा कि वाहन जांच का मुख्य मकसद आम लोगों को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित सफर के लिए प्रेरित करना है। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालक बिना आवश्यक कागजात के पकड़े गए, जबकि कुछ लोग यातायात नियमों का उल्लंघन करते भी पाए गए। ऐसे मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहा और आने-जाने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी गई।

# भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी झड़प, सात घायल


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के पोगर पंचायत स्थित रजौरा गांव में जमीन विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षों के बीच खूनी झड़प हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों से कुल सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। प्रथम पक्ष से सुरेंद्र यादव एवं रविंद्र यादव घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से अजय यादव, उनकी पत्नी ललिता देवी, संतोष कुमार, उनके पिता संजय यादव एवं कन्हाई यादव घायल बताए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना के दौरान लाठी-डंडे एवं अन्य हथियारों का भी प्रयोग किया गया, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि सभी घायलों का इलाज कराया जा रहा है आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सुबह होते ही झुलसाने लगे सूरज के तीखे तेवर, तापमान 40 डिग्री के पार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले में इन दिनों भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण सुबह से ही तेज धूप लोगों को झुलसाने लगी है। दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है और लोग घरों में रहने को मजबूर हो जाते हैं। जिले का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे आमजन की परेशानी लगातार बढ़ रही है। तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों के कारण बाजारों, चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर सामान्य दिनों की अपेक्षा भीड़ कम दिखाई दे रही है। लोग केवल अत्यावश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। राहगीर धूप से बचने के लिए छांव की तलाश करते नजर आ रहे हैं, जबकि खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी और उमस के कारण लोगों को अत्यधिक पसीना आ रहा है तथा शरीर में पानी की कमी महसूस हो रही है। इससे बचाव के लिए लोग बार-बार पानी, नींबू पानी, शरबत और अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। इसका असर बाजार में भी देखने को मिल रहा है। दुकानदारों के अनुसार कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, बर्फ और फलों के जूस की मांग में अचानक वृद्धि हुई है।



भीषण गर्मी का असर स्कूली बच्चों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण उन्हें आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बुजुर्गों, छोटे बच्चों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि की संभावना जताई है। इसे देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा हल्के सूती वस्त्र पहनने की सलाह दी है, ताकि लू और गर्मी से होने वाली समस्याओं से बचा जा सके।

## बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रिसीयप थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दुधार नदी से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि अवैध बालू उत्खनन की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान दुधार नदी से बालू लदा एक ट्रैक्टर पकड़ा गया। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि मामले से संबंधित लिखित प्रतिवेदन जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार को भेज दिया गया है। विभागीय निर्देशानसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी के लापता होने पर पति ने दर्ज कराई प्राथिमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पत्नी का लापता होने का मामला सामने आया है, इस मामले में ओबरा थाना के सोनूहुली गांव निवासी जयप्रकाश कुमार ने रफीगंज थाने में आवेदन देते हुए यह उल्लेख किया कि मेरी शादी करीब सात साल पूर्व रफीगंज थाना क्षेत्र के बालिगांव निवासी बैजनाथ के पुत्र लक्ष्मी कुमारी के साथ हुई थी, जिससे मेरे दो बच्चे भी हैं। मेरी पत्नी किसी प्रिंस कुमार गुप्ता से बात करती थी। 15 मई को बिना बताए हुए मैं के चली गई, पता किया की मायके पहुंची हुई। ससुराल से कही चली गई,किंतु काफी खोज भी किया गया तो पता नहीं चलने पर रफीगंज थाने में आवेदन दिया गया है। पत्नी का मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# अतिक्रमण और जल संकट से जूझ रहीं पुनपुन व अदरी नदियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले की जीवनदायिनी मानी जाने वाली पुनपुन और अदरी नदियां इन दिनों गंभीर संकट के दौर से गुजर रही हैं। कभी वर्षभर जल से लबालब रहने वाली ये नदियां अब कई स्थानों पर सिकुड़कर नाले जैसी दिखाई देने लगी हैं। लगातार घटते जलस्तर, बढ़ते अतिक्रमण, प्रदूषण और संरक्षण के अभाव ने दोनों नदियों के अस्तित्व पर खतरा खड़ा कर दिया है। स्थिति यह है कि कई स्थानों पर नदी का तल मैदान में तब्दील हो चुका है, जहां बच्चे खेलते नजर आते हैं, जबकि कुछ हिस्सों में पानी का नामोनिशान तक नहीं बचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में इन नदियों का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त होने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। विशेषज्ञों और ग्रामीणों के अनुसार नदियों के सिकुड़ने का सीधा असर जिले के भूजल स्तर, कृषि व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति पर पड़ रहा है। गर्मी का मौसम अभी प्रारंभ ही हुआ है, लेकिन जल संकट की स्थिति चिंता बढ़ाने लगी है। आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने के साथ समस्या और गंभीर हो सकती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि नदियों में प्राकृतिक जल प्रवाह बनाए रखने, अवैध अतिक्रमण हटाने तथा गंदे पानी के सीधे प्रवाह को रोकने के लिए व्यापक और प्रभावी नदी संरक्षण योजना लागू की जानी चाहिए। उनका कहना है कि पुनपुन और अदरी नदियां केवल जल स्रोत ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की पारिस्थितिकी और कृषि अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोनों नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए ठोस पहल करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में जिले को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

# पड़रिया गांव जाने वाली जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान, पक्कीकरण की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। कुटुंबा प्रखंड के पड़रिया टोला गांव को जोड़ने वाली सड़क वर्षों से कच्ची होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के अभाव में गांव के लोगों को प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त बर्बादी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव तक सीधी पक्की सड़क नहीं होने के कारण उन्हें सिमरा बाजार होकर आवागमन करना पड़ता है। हालांकि सिमरा से चोरहा गांव तक पक्की सड़क का निर्माण हो चुका है, लेकिन चोरहा से पड़रिया गांव की दूरी मात्र दो से ढाई किलोमीटर है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय मुखिया द्वारा गांव से कुछ दूरी तक सड़क का निर्माण कराया गया है, लेकिन इसके आगे भरौंधा पंचायत क्षेत्र शुरू हो जाता है, जहां सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार यदि चोरहा गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क का पक्कीकरण करा दिया जाए तो पड़रिया गांव सीधे पक्की सड़क नेटवर्क से जुड़ जाएगा। इससे ग्रामीणों को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय तक पहुंचने में काफी सुविधा होगी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर वे कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आवेदन एवं सूचना दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

# पौधा वितरण व जन जागरूकता कार्यक्रम में सुरक्षा संकल्प को दुहराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के तत्वधान में सात दिवसीय "पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह" अभियान के अंतर्गत आज शहर के हसौली एवं यमुना नगर क्षेत्रों में विशेष पौधा वितरण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों के बीच कुल 200 पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया तथा सभी को पौधारोपण कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी ले, तो पर्यावरणीय चुनौतियों का प्रभावी समाधान संभव है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा पौधों की सुरक्षा का संकल्प दोहराते हुए प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# एक्सयूवी वाहन से 600 लीटर स्पिरिट जब्त, चालक फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना क्षेत्र के ढ़ीबर फॉल के समीप रविवार की देर रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक्सयूवी वाहन से 600 लीटर स्पिरिट बरामद किया। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सफेद रंग की महिंद्रा एक्सयूवी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से नीले रंग के 15 गैलन में रखी हुई कुल 600 लीटर स्पिरिट जब्त की गई। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि वाहन को अपने कब्जे में लेकर जब्त स्पिरिट को सुरक्षित रखा है।

**पूर्व रेलवे**

सीनि. डीईएन/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/2/हावड़ा. 116_2026-27, दिनांक 05.06.2026, कार्य का विवरणः** एईएन/डीकेएई के अधीन लेवल क्रॉसिंग गेट की ओवरहॉलिंग, सड़क का सतहीकरण तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित लागतः** रु. 1,33,83,575.33; **बयाना राशिः** रु. 2,67,700। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 29.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-136/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-47 से 49-26-27 (ओपन), दिनांक 05.06.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-47-26-27; कार्य का नामः** डीईएन/4/आसनसोल के अधीन कॉर्ड लाइन में पुल सं. 42 (अजय नदी) के खम्भों के संरक्षा कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 3,24,17,839.96। **बयाना राशिः** रु. 6,48,400; **क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-48-26-27; कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के तहत ट्रैक रखरखाव के लिए बुनियादी सुविधा एवं संचालन कर्मियों के साथ गैंट हटों, गुमटियों, पेय जल की सुविधाओं, पाथवे इत्यादि के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 4,26,65,446.01। **बयाना राशिः** रु. 8,53,300; **क्रमांक 3, केस सं.: ओ-एसी-टी-49-26-27; कार्य का नामः** डीईएन/4/आसनसोल अनुभाग में परिहार्य ज्वाइंटों में एसकेवी वेल्डिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 47,59,304.50। **बयाना राशिः** रु. 95,200; **कार्य हेतु समापन अवधिः** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 02.07.2026 को 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-132/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Govt. of Bihar**

**OFFICE OF NAGAR PARISHAD DAUDNAGAR**

**NIT No:-04/2026-27**

1. LETTER OF INVITATION (LOI) FOR BIDS REQUEST FOR PROPOSAL
NAGAR PARISHAD DAUDNAGAR invites online proposals for Selection of Agencies for Providing Outsourced Manpower for Performing and managing Day to Day Activities related to sanitation work for NAGAR PARISHAD DAUDNAGAR...
Details of schedule for the bid are given below:-

| Sl. | Activity | Timeline & Address |
|---|---|---|
| 1 | Website for submission of proposal | www.eproc2.bihar.gov.in/ |
| 2 | Mode of Submission. | Online submission through eproc2 portal (www.eproc2.bihar.gov.in ) and at the same time submission of Hard copies at the office of NAGAR PARISHAD DAUDNAGAR . |
| 3 | Start date and time for Submission of Technical & Financial proposal on www.eproc2.bihar.gov.in | 24.06.2026 (11:00AM) |
| 4 | Last date and time for Submission of Technical & Financial proposal on www.eproc2.bihar.gov.in | 30.06.2026 (05:00PM) |
| 5 | Last date and time for Submission of Hard Copies (Payment Proof in the case of a Bank Guarantee, the Original Copy of the Power of Attorney and documents related to Blacklisting/Debarment shall be submitted in original ). | 01.07.2026 till 03:00 PM Address- NAGAR PARISHAD DAUDNAGAR Office , Daudnagar, Aurangabad Bihar -824143 |
| 6 | Date and time of opening of Technical Bids | 01.07.2026 till 03:30 PM On E- Tendering Website |
| 7 | Date of opening of financial bid Date and time of opening of Financial Proposal | After Technincal Evaluation |
| 8 | Date of Pre Bid meeting | 23.06.2026 At meeting Hall, NAGAR PARISHAD DAUDNAGAR Office |
| 9 | Method of Selection | Least Cost Selection (LCS) |
| 10 | Cost of Bidding Document (Tender Fee) | Tender Fee Rs 10000 (ten thousand). (Nonrefundable) to be paid through Online at www.eproc2.bihar.gov.in |
| 11 | Estimated cost | 110618214.00 |
| 12 | EMD (2% of the estimated cost) | 2212364.00 |
| 13 | Performance Guarantee@5% | 5530911.00 |
| 14 | Work Contract Validity | 24 Months |
| 15 | Bid Validity | 180 Days |

RFP document shall be available on website: www.eproc2.bihar.gov.in
For Queries & Clarifications, send e-mail to: nagarparishad.daudnagar@gmail.com

**EXECUTIVE OFFICER**
**NAGAR PARISHAD DAUDNAGAR**

This information is available on **www.state.bihar.gov.in/prdbihar also**

**PR. No. 005218 (B&C) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद**
**Notice Inviting Application (NIA) No- RWD/ Aurangabad/Circle/01/2026-27**

बिहार के राज्यपाल महोदय के निमित में अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त– सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक मु0 अ0 (अ0 उ0) 3054–01–122/2025 – 137 दिनांक 22.05.2026 के आदेश के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद द्वारा अत्यावश्यक/आकस्मिक/VVIP कार्यक्रम के तहत चिन्हित पथ/ पुल–पुलिया के निर्माण/ मरम्मति कार्य के क्रियान्वयन हेतु संवेदकों के Empanelment करने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद/ ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दाउदनगर/ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, अरवल/ ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जहानाबाद में कार्य करने के लिए औरंगाबाद/ अरवल/ जहानाबाद जिला के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

1. आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.06.2026 से 22.06.2026 तक (समय : 3:00 बजे आपराह्न तक)
2. बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.06.2026 को 3:30 बजे आपराह्न में
3. जिलावार आवेदन जमा करने की स्थान :–

**(क) औरंगाबाद जिला के लिए :–**
1. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद।
2. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
3. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दाउदनगर।

**(ख) अरवल जिला के लिए :–**
1. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद।
2. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, अरवल।

**(ग) जहानाबाद जिला के लिए :–**
1. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद।
2. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जहानाबाद।

**इम्पैनलमेंट हेतु तकनीकी मापदंड** :– ग्रामीण कार्य के पैनल में सम्मिलित होने हेतु निबंधित संवेदक को निम्नलिखित अर्हत्ताएँ अनिवार्य रूप से पूरी करनी होगी।
(i) ग्रामीण कार्य विभाग/पथ निर्माण विभाग में समुचित श्रेणी में वैद्य निबंधन।
(ii) GST एवं EPF में वैद्य निबंधन।
(iii) आधार कार्ड एवं पैन कार्ड।
(iv) ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग एवं उसके बोर्ड/निमग के अंतर्गत पथ निर्माण कार्य से संबंधित पिछले पाँच वर्षों में कुल 10 करोड़ का Turnover या उससे अधिक के Turnover /कार्य कराने का अनुभव होना चाहिए।
(v) पैनल संवेदकों को अपना ईमेल रजिस्टर्ड कराना होगा ताकि उसी ईमेल पर सूचित किया जा सके।
(vi) अभियंताओं एवं मशीनरी (Own एवं Lease) का शपथ पत्र।
(vii) संवेदकों द्वारा Financial Bid के साथ निम्नलिखित भापथ पत्र समर्पित करना होगा।
"If they are debarred or blacklisted by any state Govt./Central Govt./Public Under taking, they shall not participate in Quotation/Financial Bid, if particiapate in Quotation/Financial bid, they shall not be considered and further legal action shall be initiated."
(viii) अत्यावश्यक/आकस्मिक कार्य हेतु एकरारनामा एवं कार्यादेश का मानक प्रारूप (Standard Template for Agreement/Works Order) मुख्यालय से निर्गत होगा।
(ix) अनुमोदित पैनल की वैद्यता एक वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च तक के लिए वैद्य होगा।
(x) अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक मु0 अ0 (नि0 एवं गु0) –07–14/2026 – 1798 अनु0 दिनांक 14.05.2026 का अनुपालन किया जायेगा।

**अधीक्षण अभियंता**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद**

PR- 005193 ( RWD ) 2026-27

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से भी प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय और भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के बीच एमओयू

## शिक्षा एवं अनुसंधान को मिलेगा नया आयाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग और भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के बीच दो जून 2026 को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ एसएन सुशील तथा आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान विश्वविद्यालय के समकुलपति डॉ एसआर रथ, कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ अरविंद कुमार, सहायक प्राध्यापक डॉ सुजीत कुमार पटेल सहित दोनों संस्थानों के अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की ओर से पादप शरीर क्रिया विज्ञान एवं जैव रसायन विभाग के प्रमुख डॉ एमके श्रीवास्तव तथा संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई की प्रभारी डॉ स्वप्ना एम सहित अन्य कर्मियों ने सहभागिता की। समझौते के तहत दोनों संस्थान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, छात्र एवं शिक्षक आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी विशेषज्ञता के साझा उपयोग तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण भी किया। भ्रमण के दौरान उन्हें गन्ना अनुसंधान, आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रयोगशाला सुविधाओं तथा विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी दी गई। इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ कृषि अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से भी परिचित होने का अवसर मिला। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा, जो कृषि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को गति प्रदान करेगा। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दोनों संस्थानों के बीच स्थापित यह सहयोग ज्ञान, तकनीक और संसाधनों के आदान-प्रदान को सशक्त बनाएगा तथा विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त होगा। समकुलपति डॉ एसआर रथ ने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में ऐसे सहयोगात्मक प्रयास विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ कृषि क्षेत्र में नवाचार को भी नई दिशा देंगे। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों को कक्षा के ज्ञान के साथ अनुसंधान और तकनीक का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि यह साझेदारी उच्च शिक्षा और कृषि अनुसंधान के बीच सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और कृषि क्षेत्र को दीर्घकालिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

# अपराध नियंत्रण को लेकर एसडीपीओ ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बरही (हजारीबाग)।** अनुमंडल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को बरही एसडीपीओ कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राधा प्रेम किशोर ने की।

बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान लंबित कांडों की स्थिति, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की निष्पादन, वाहन जांच अभियान तथा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की रणनीतियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। उन्होंने रात्रि गश्ती को और प्रभावी बनाने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा नियमित वाहन जांच अभियान चलाने पर बल दिया।

बैठक में सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने और आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि थाना पहुंचने वाले फरियादियों की शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निपटारा किया जाए तथा उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नशाखोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, साइबर अपराधों की रोकथाम तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। चरित्र प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट सत्यापन से जुड़े मामलों में लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखने को कहा गया। बैठक में बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, पदमा थाना प्रभारी संचित दुबे, गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत, महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी समेत अनुमंडल क्षेत्र के अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** अपराध नियंत्रण व सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए शनिवार की शाम पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधीपुर में चैनपुर थाना व शहर थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के कड़े निर्देश पर चलाएं गए विशेष अभियान के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस टीम ने बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चलाने वाले चालकों को रोककर सख्त हिदायत दी। नियमों की अनदेखी करने वाले कई चालकों को पहली बार समझाकर छोड़ दिया गया। आगे से गाड़ी के सभी जरूरी कागजात व हेलमेट के साथ ही सड़क पर निकलने की हिदायत दी गई। पुलिस ने कुछ नियम तोड़ने वाले चालकों के वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया।

# दुर्घटना संभावित स्थलों पर लगाए जाएंगे सुरक्षा उपकरण

## एनएच-522 को सुरक्षित बनाने की पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दारू (हजारीबाग)।** दारू थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-522 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने ठोस पहल शुरू कर दी है। सड़क सुरक्षा को लेकर दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने एनएच-522 का विस्तृत निरीक्षण कर दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान की है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई ढलान वाले हिस्सों तथा घनी आबादी वाले क्षेत्रों में वाहनों की तेज रफ्तार दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही है। इसके बाद थाना स्तर से एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) हजारीबाग को भेजा गया। प्रतिवेदन में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए विभिन्न स्थलों पर स्लाइडर बैरियर, रम्बल स्ट्रिप तथा रिफ्लेक्टिव ट्रैफिक उपकरण लगाने की अनुशंसा की गई है। इन उपायों का उद्देश्य वाहनों की गति नियंत्रित करना तथा वाहन चालकों को पहले से सतर्क करना है, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीटीओ हजारीबाग ने आवश्यक सुरक्षा उपकरण जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। प्रशासन की इस पहल से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। स्थानीय नागरिकों ने सड़क सुरक्षा को लेकर उठाए गए इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से इस मार्ग पर प्रभावी सुरक्षा उपायों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब प्रशासन की सक्रियता से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# फरार अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा, दो आरोपित दबोचे गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चौपारण (हजारीबाग)।** अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर चौपारण पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चौपारण थाना कांड संख्या 163/25 के नामजद अभियुक्त चांद साह उर्फ फजले हसन (पिता- मोशीर साह), निवासी चयकला, थाना चौपारण को गिरफ्तार किया गया। वहीं एनआई एक्ट से संबंधित मामला संख्या ए/3550/23 के वारंटी अभियुक्त पंकज कुमार (पिता- मानकी रविदास), निवासी केंदुआ, थाना चौपारण को भी पुलिस ने दबोच लिया। दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि जिले में फरार अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। न्यायालय से निर्गत वारंटों का निष्पादन और कानून से बचने की कोशिश कर रहे आरोपियों को गिरफ्तार करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व वैक्सीनेशन में तेजी लाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कृषि, आत्मा शासकीय निकाय, पशुपालन, गव्य विकास, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं जिला भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त श्री शेखावत ने खरीफ मौसम की तैयारियों, बीज एवं उर्वरक उपलब्धता, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान पाठशाला, पशुधन विकास योजनाओं, वैक्सीनेशन अभियान तथा मत्स्य एवं उद्यान विभाग की योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों को अनुदान की राशि उपलब्ध करा दी गयी है, लेकिन उनके स्तर से योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि नहीं दिखाई जा रही है, ऐसे लाभुकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये साथ ही उन्होंने पशुओं के वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में खरीफ 2026-27 के लिए बीज वितरण, उर्वरक आवश्यकता एवं आपूर्ति योजना की समीक्षा की गयी। जिले में खरीफ फसलों के लिए 1 लाख 37 हजार 270 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।वहीं किसानों को अनुदानित दर पर धान बीज उपलब्ध कराने हेतु राज्य स्तर से अब तक 2000 क्विंटल बीज आवंटित किया गया है। उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अधिकाधिक किसानों को केसीसी से जोड़ने का निर्देश दिया। समीक्षा में बताया गया कि विशेष शिविरों के माध्यम से केसीसी आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। बैठक में किसान पाठशाला के अंतर्गत संचालित कार्यों की भी समीक्षा की गयी। विभिन्न केंद्रों पर फेंसिंग, सोलर पंप, पॉली हाउस, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, मत्स्य पालन तालाब, प्रशिक्षण केंद्र, पशु शेड एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गयी। मत्स्य विभाग अंतर्गत वेद व्यास योजना एवं मत्स्य विपणन योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वेद व्यास योजना के तहत कुल 35 लाभुकों को लाभान्वित किया जाना है तथा इसके लिए लाभुकों से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं।उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान सब्जी एवं पुष्प खेती, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, गृह वाटिका एवं शेड नेट जैसी योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गयी। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पांच सौ लीटर देसी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में सोमवार को थाना क्षेत्र में शराब माफियाओं और अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस दौरान भारी मात्रा में अर्धनिर्मित देशी शराब नष्ट की और एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। यह अभियान बखरी नगर परिषद के गोडियारी के विभिन्न इलाकों में केंद्रित था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने लगभग 500 लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब बरामद की, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, पांच लीटर अवैध देशी चुलाई शराब भी जब्त की गई। बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर संजीत कुमार को भी गिरफ्तार किया।

# हृदयानंद मिश्र बनाए गए पलामू जिला कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के मुख्य संरक्षक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों व कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष बिनोद पाठक उर्फ सीटू पाठक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, जनस्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के विस्तार व कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यसमिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रख्यात अधिवक्ता, झारखंड आंदोलनकारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य व हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र को पलामू जिला कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग का मुख्य संरक्षक मनोनीत करने का निर्णय लिया। बिनोद पाठक उर्फ सीटू पाठक ने कहा कि हृदयानंद मिश्र का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सेवा, वैचारिक प्रतिबद्धता व संगठन के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने झारखंड आंदोलन से लेकर कांग्रेस संगठन की मजबूती तक प्रत्येक मोर्चे पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका मार्गदर्शन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। साथ ही संगठन को नई दिशा व ऊर्ज़ा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हृदयानंद मिश्र का लंबा राजनीतिक व सामाजिक अनुभव, गरीबों, वंचितों व जरूरतमंदों के प्रति उनकी संवेदनशीलता व जनहित के मुद्दों पर उनकी सक्रियता उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए सर्वाधिक उपयुक्त बनाती है। उनके संरक्षण में कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग पलामू जिले में स्वास्थ्य जागरूकता, चिकित्सा सहायता, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर तथा जनसेवा के कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने हृदयानंद मिश्र के मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व व संरक्षण में संगठन जनसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। साथ ही कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बिनोद पाठक ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने व जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# किसानों को मिला वैज्ञानिक खेती का मंत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** खरीफ मौसम की तैयारियों के मद्देनजर विष्णुगढ़ प्रखंड के खरना गांव में सोमवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के कृषि प्रभाग आत्मा सहायता अनुदान योजना के तहत कृषि चौपाल एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए उत्पादन बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाना था। गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा उन्नत कृषि पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेहतर उत्पादन के लिए मिट्टी परीक्षण के आधार पर नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का संतुलित उपयोग आवश्यक है। इससे फसल की गुणवत्ता और पैदावार बढ़ने के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी बनी रहती है। विशेषज्ञों ने किसानों को रागी एवं दलहन फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रागी कम पानी और कम लागत में अच्छी उपज देने वाली फसल है, जिसकी बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है। वहीं दलहन फसलें मिट्टी में प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाकर भूमि को उपजाऊ बनाए रखने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, पोषक तत्व आधारित सब्सिडी, नीम लेपित यूरिया तथा नैनो उर्वरकों के लाभों की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। गोष्ठी की अध्यक्षता खरना मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा, कृषि विशेषज्ञ योगेंद्र कुमार महतो, प्रगतिशील किसान शिबू सोरेन, कृषक मित्र निर्मल कुमार एवं संजय कुमार सोरेन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खरीफ खेती, उर्वरक प्रबंधन और फसल उत्पादन से जुड़े विभिन्न सवाल विशेषज्ञों के समक्ष रखे, जिनका विस्तार से समाधान किया गया।

# विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव बारबिघी के वार्ड संख्या 9 में एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। जिसकी मृतक की पहचान बरबीघी निवासी संजय महतो की 25 वर्षीय पत्नी नूतन देवी के रूप में हुई है. मृतका के मायके पक्ष अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मझुआ लक्ष्मीपुर वार्ड 11 निवासी अशोक मंडल की पत्नी एवं मृतका की मां दाया देवी ने ससुराल पक्ष के द्वारा दहेज के लिये पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाते हुये स्थानीय थाना में आवेदन देकर पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि शनिवार देर शाम बारबिघी गांव निवासी संजय महतो की 25 वर्षीय पत्नी नूतन देवी के फंदे से लटककर आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की।

# एसआईआर को लेकर तोरपा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**खूंटी।** तोरपा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक विशेष बैठक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजय गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा एवं प्रखंड प्रभारी प्रनीत तोपनो की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य एजेंडा एस आई आर पर गहन चर्चा करना था। इस दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर पार्टी की आगामी रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी कांग्रेस बी.एल.ए. उपस्थित रहे। बी.एल.ए. साथियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने बूथों पर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य पूरी निष्ठा एवं सक्रियता से करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी योग्य मतदाता का नाम सूची से न छूटे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि एस आई आर लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेगा। प्रखंड प्रभारी प्रनीत तोपनो ने बी.एल.ए. साथियों के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तोरपा कांग्रेस एस आई आर के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी और पार्टी पूरी तरह से तैयार है। बैठक में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि तोरपा प्रखंड में एस आई आर. अभियान को सफल बनाने हेतु कांग्रेस संगठन कोई कसर नहीं छोड़ेगा। प्रखंड एवं जिला पदाधिकारियों को भी पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें ओकड़ा पंचायत में. बन्दु भेंगरा, जरिया.,ब्रजेश सिंह, डोडमा. प्रवीन कुमारकर, सोन्दारी अजय कुमार गुप्ता, हुसीर .. हेलेन तिडू,फटका सलीम तोपनो, तपकरा ,तैयब आन्सारी, बरकुली,परसुराम दास, तोरपा, फुलजेम्स तोपनो, उकडीमाडी, अमरदीप भेंगरा, दियाकेल, सामडोम तोपनो, अम्मा तुरतन तोपनो, उडिकेल, नमन तोपनो, मरचा, नामजन तोपनो, कमडा, नमन तोपनो को पंचायत प्रभारी नियुक्त किया गया। मौके पर आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, नमन तोपनो, नमजन तोपनो, सलिम तोपनो, विपिन तोपनो, पतरस तोपनो, बधना तोपनो, अनमोल होरो, विवेकानंद कुमार,तुरतन तोपनो, फिलिप तोपनो, सुजल तोपनो, विजय तोपनो, रोबिन तोपनो, जुनस तोपनो, मार्टिन हेम्ब्रोम आदि उपस्थित थे।

# एक वर्ष पूर्व खोया मोबाइल लौटाकर बड़कागांव थाना पुलिस ने जीता लोगों का विश्वास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** थाना पुलिस ने अपनी सक्रियता, बेहतर पुलिसिंग और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक वर्ष पूर्व खोए मोबाइल फोन को उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाकर सराहनीय कार्य किया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। जानकारी के अनुसार, करीब एक वर्ष पूर्व एक व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो गया था। काफी खोजबीन के बावजूद मोबाइल का कोई पता नहीं चल सका था, मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी जांच और पुलिसिया सूझबूझ के आधार पर मोबाइल की तलाश शुरू कराई।

# गर्भवती माताओं को दिया गया पोषण का संदेश

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं एवं अभिभावक महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान सेविकाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के तहत गर्भवती महिलाओं को लाल चुनरी ओढ़ाकर उनकी गोद भराई की तथा स्वस्थ मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सेविकाओं ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में रक्त की कमी की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# कृषि विभाग की तकनीक संरचना पंचायत स्तर तक विस्तारित : डीएम

## पारंपरिक खेती के साथ-साथ अधिक लाभकारी एवं बजारोन्मुखी फसलों की खेती पर दिया गया जोर

### खरीफ महाअभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** कंकौल स्थित आर्ट गैलरी सह प्रेक्षागृह में सोमवार को जिलास्तरीय कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) द्वारा शारदीय (खरीफ) महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री उप विकास आयुक्त, आकाश चौधरी, मक्का अनुसंधान केंद्र बेगूसराय के प्रधान वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र बेगूसराय के वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, जिला लीड बैंक प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण तथा कृषि विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के बाद ऐसा महत्वपूर्ण विभाग है जिसकी प्रशासनिक एवं तकनीकी संरचना जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक विस्तारित है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में योग्य मानव संसाधन की उपलब्धता किसानों तक योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 40 लाख की आबादी वाले बेगूसराय जिले में पर्याप्त उपजाऊ एवं खेती योग्य भूमि उपलब्ध है, जिससे कृषि विकास की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कृषि के साथ-साथ किसानों को अधिक लाभकारी एवं बाजारोन्मुखी फसलों की खेती की ओर प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने ब्लूबेरी, ड्रैगन फ्रूट, अमरूद, केला तथा अन्य उद्यानिक फसलों की खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में मशरूम उत्पादन की भी अपार संभावनाएं हैं, जिनका लाभ किसानों की आय बढ़ाने के लिए उठाया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों द्वारा उत्पादित जैविक उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार, ब्रांडिंग एवं विपणन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जिला पदाधिकारी ने कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को प्रत्येक किसान तक पहुंचाने के लिए कृषि अधिकारियों एवं कर्मियों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग, जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इन आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों से किसानों को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। मौके पर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित कृषि अधिकारियों एवं कर्मियों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र किसानों तक पहुंचाने का अनुरोध किया। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित अनुश्रवण, फील्ड विजिट तथा किसानों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने पर बल दिया। जिला कृषि पदाधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संतुलित उर्वरकों के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा जैविक खाद के लाभों के संबंध में किसानों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। मक्का अनुसंधान केंद्र, बेगूसराय के प्रधान वैज्ञानिक ने संकर मक्का बीज उत्पादन की संभावनाओं एवं उससे होने वाले आर्थिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मक्का अनुसंधान केंद्र के तकनीकी मार्गदर्शन एवं आत्मा बेगूसराय के सहयोग से किसानों के खेतों पर संकर मक्का बीज उत्पादन के सफल प्रयोग किए गए हैं। उन्होंने किसानों को खरीफ एवं रबी दोनों मौसमों में छोटे-छोटे रकबे पर संकर मक्का बीज उत्पादन अपनाने के लिए प्रेरित किया।कृषि विज्ञान केंद्र, बेगूसराय के वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान ने धान की नवीन एवं उन्नत किस्मों के उपयोग के साथ-साथ आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रीकरण से खेती की लागत में कमी आती है, समय की बचत होती है तथा किसानों की उत्पादकता एवं आय में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के विभिन्न शाखाओं से जुड़े पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा शारदीय (खरीफ) मौसम में संचालित की जाने वाली योजनाओं, अनुदान कार्यक्रमों, तकनीकी हस्तक्षेपों तथा किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की। इस अवसर पर आत्मा द्वारा मैनेज, हैदराबाद के निर्देशन में संचालित एक वर्षीय ''देसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम'' के अंतर्गत दो बैचों के सफलतापूर्वक उत्तीर्ण 73 अभ्यर्थियों को जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही लाभार्थियों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का भी वितरण किया गया। अधिकारियों ने प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को कृषि क्षेत्र में अर्जित ज्ञान एवं कौशल का उपयोग करते हुए किसानों के बीच नई तकनीकों के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में कृषि विभाग के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, आत्मा कर्मी, प्रगतिशील किसान एवं अन्य संबंधित हितधारक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पृष्ठ 1 का शेष

## बिहार कैबिनेट की...

ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के लिए बड़ी राहत दी है। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग और अन्य पेंशन योजनाओं के तहत मई, जून और जुलाई महीने की पेंशन देने के लिए 3662 करोड़ रुपये से अधिक की अग्रिम राशि मंजूर की गई है। इससे लाखों लाभार्थियों को समय पर पेंशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। कैबिनेट ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को फिर से लागू करने की मंजूरी दी है। यह योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के रबी सीजन से लागू होगी। इससे प्राकृतिक आपदा या फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। वहीं आईआईटी पटना रिसर्च पार्क के निर्माण और आईआईटी पटना फ़ेज-2 के तहत नए हॉस्टल निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। वहीं उद्योगों को मंजूरी देने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और मजबूत करने का फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने 15 साल से पुरानी सरकारी और निजी गाड़ियों की स्क्रैपिंग से जुड़े नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके अलावा विभिन्न सरकारी योजनाओं और वित्तीय कार्यों के लिए नए सॉफ्टवेयर के विकास पर भी मुहर लगाई गई है। बैठक में समस्तीपुर के तत्कालीन जिला अवर निबंधक मणिरंजन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को मंजूरी दी गई। गंभीर आरोपों के आधार पर उन्हें सरकारी सेवा से बर्खास्त करने के फैसले पर कैबिनेट ने अंतिम मुहर लगा दी। कैबिनेट ने बिहार काश्तकारी संशोधन नियमावली 2026 को मंजूरी दी है। इसके साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी नैदानिक संस्थानों की नियमावली में संशोधन को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

## बिहार विधान परिषद...

नामांकन नहीं किया। ऐसे में चर्चा शुरू हो गई है कि वह जल्द ही मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे क्योंकि वह किसी भी सदन के सदस्य नहीं है। हालांकि आरएलएम प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह का कहना है कि इस पर फैसला शीर्ष नेतृत्व करेगा।

## मोदी सरकार के ...

गई। 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं ने विनिर्माण एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि और कारोबारी माहौल में सुधार भी इस अवधि की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में गिने जाते हैं।

**बुनियादी ढांचा और ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार**

पिछले 12 वर्षों में देश में आधारभूत संरचना के विकास को नई गति मिली। राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की रफ्तार बढ़ी, जबकि हवाई अड्डों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वंदे भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक रेल सेवाएं देश के परिवहन तंत्र में बदलाव का प्रतीक बनीं। स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत योजना और जल जीवन मिशन के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर ध्यान दिया गया। ऊर्जा क्षेत्र में सौर ऊर्जा क्षमता में कई गुना वृद्धि हुई। उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए, जिससे स्वच्छ ईंधन तक पहुंच बढ़ी। बिजली पहुंच के विस्तार से लगभग सभी गांवों तक विद्युतीकरण सुनिश्चित किया गया।

**सामाजिक कल्याण और स्वास्थ्य सेवाएं**

सरकार की कई योजनाएं गरीबों और वंचित वर्गों के जीवन स्तर में सुधार पर केंद्रित रहीं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों शौचालयों का निर्माण किया गया, जिससे स्वच्छता अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला। आयुष्मान भारत योजना को दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं में गिना जाता है, जिसके माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता दी गई। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियानों में से एक संचालित किया। साथ ही 'वैक्सीन मैत्री' पहल के माध्यम से अनेक देशों को टीकों की आपूर्ति कर वैश्विक सहयोग का उदाहरण प्रस्तुत किया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित विधेयक का पारित होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना गया।

**राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन सुधार**

राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सरकार ने कठोर रुख अपनाया। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने का निर्णय स्वतंत्र भारत के सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक फैसलों में गिना जाता है। इसके अतिरिक्त सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों को आतंकवाद के विरुद्ध भारत की दृढ़ नीति के रूप में देखा गया। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से ऐतिहासिक घटना माना गया। वहीं तीन तलाक पर प्रतिबंध जैसे कदमों को महिला अधिकारों और सामाजिक न्याय से जोड़कर देखा गया।

**विदेश नीति और बढ़ता वैश्विक प्रभाव**

मोदी सरकार की विदेश नीति ने भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका को मजबूत बनाने का प्रयास किया। क्वाड जैसे रणनीतिक मंचों में सक्रिय भागीदारी, जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी तथा अमेरिका, जापान, यूएई सहित कई देशों के साथ संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के प्रयास उल्लेखनीय रहे। भारत की वैश्विक छवि में सुधार हुआ और वह विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति मजबूत करने में सफल रहा। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की अवधारणा को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। डिजिटल इंडिया, आधार और डीबीटी जैसी पहलों ने शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने महामारी के बाद आर्थिक पुनरुद्धार को गति देने का प्रयास किया। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है, जिसकी नींव पिछले 12 वर्षों में रखी गई विभिन्न योजनाओं और सुधारों पर आधारित मानी जा रही है।

# कहलगांव के गौरव ने वैश्विक मंच पर लहराया परचम, नवाचार से बदल रहे देश के कृषकों की तकदीर

### ब्रिक्स यूथ मीट में भारत का किया प्रतिनिधित्व

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कहलगांव (भागलपुर)।** बिहार की मिट्टी के हुनर ने एक बार फिर वैश्विक और राष्ट्रीय पटल पर राज्य का नाम रोशन किया है। जिले के कहलगांव निवासी गौरव चौधरी आज देश भर के किसानो और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके है। उनके द्वारा स्थापित डिजिटल प्लेटफार्म Pashushala.com पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में क्रांति ला रहा है। यह मंच आज देश के लाखों किसानों के लिए ज्ञान, आधुनिक तकनीक, सेवाओं और सीधे बाजार तक पहुंच का सबसे भरोसेमंद माध्यम बन चुका है। बीते 20 मई 2026 को गौरव चौधरी ने ब्रीक्स यूथ मीट 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक पैनलिस्ट के रूप में शिरकत की। इस वैश्विक मंच पर उन्होंने डेयरी और पशुपालन क्षेत्र में तकनीक आधारित नवाचार उद्यमिता और ग्रामीण विकास के माध्यम से सतत आजीविका सृजन के अपने जमीनी अनुभवों को दुनिया के सामने रखा। गौरव की इस अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें यूथ फॉर विकसित भारत इंटरप्रेनर कैटेगरी के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा है। नई दिल्ली में आयोजित इस भव्य समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया मौजूद रहे। गौरव चौधरी की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और उच्च शिक्षा की बुनियाद पर टिकी है। गौरव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा, सेंट जोसेफ स्कूल, पकड़तल्ला से की है। श्रद्धा साधना ट्रस्ट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जलगांव (कंप्यूटर इंजीनियरिंग) भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची से प्रबंधन एवं इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से उधमिता की पढ़ाई की। अपनी इस उच्च शिक्षा एवं तकनीकी ज्ञान का उपयोग उन्होंने कॉरपोरेट जगत में ना करके भारत के ग्रामीण समाज एवं अन्नदाताओं की आजीविका को सुधारने में किया। गौरव का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के भीतर जो डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टार्टअप इकोसिस्टम तैयार हुआ है, उसी की बदौलत आज छोटे शहरों के युवाओं को वैश्विक पहचान मिल रही है।

**बिहार के युवाओं के लिए बने रोल मॉडल**

गौरव की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कहलगांव समेत पूरे बिहार में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गौरव ने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प दृढ़ हो और सोच में नवाचार हो, तो छोटे शहरों से निकलकर भी वैश्विक क्षितिज पर अपनी चमक बिखेरी जा सकती है। गौरव चौधरी आज बिहार के उन लाखों युवाओं के लिए रोल मॉडल बन चुके हैं जो अपनी जड़ों से जुड़कर देश का भविष्य बदलना चाहते हैं

# सुरक्षित मातृत्व एक साझा सामाजिक दायित्व : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम का प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन, समेकित बाल विकास सेवा, स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित मातृत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच के लिए प्रेरित करना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने हेतु सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त खाद्य सामग्री एवं स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियों के सेवन, संस्थागत प्रसव तथा गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि प्रत्येक माह की 9 तारीख को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इस जांच के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय रहते पहचान कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

# सांसद आवास में चोरी से मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक बड़ी घटना सामने आई है। स्थानीय जदयू सांसद अजय कुमार मंडल के भागलपुर शहर के तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित बैंक कॉलोनी आवास में अज्ञात चोरों ने बीते रविवार की रात को सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। इधर सूचना मिलते ही तिलकामांझी थाना पुलिस और सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शातिर चोर रात के समय सांसद के आवास में घुसे और चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए । इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि एक संरक्षित परिसर में इस तरह की सेंधमारी को बड़ी चूक माना जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही तिलकामांझी थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। नगर पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। स्थानीय लोगों के बीच भी इस घटना को लेकर चर्चा तेज है। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। इस तरह की घटना ने शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर एक नयी बहस छेड़ दिया है।

# रंगदारी देने से मना किया तो बदमाशों ने कर दी पिटाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोइलवर।** कोइलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोईलवर-चांदी पथ पर धनडीहा गांव के समीप ट्रक चालकों से कथित रूप से रंगदारी वसूली का मामला सामने आया है। रंगदारी देने से इनकार करने पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ट्रक चालकों की लाठी-डंडों और बांस-बल्लों से जमकर पिटाई कर दी गई। घटना में कई चालक घायल हो गए, जिनका इलाज कराया गया है। घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। वीडियो में कुछ युवक लाठी-डंडों और बांस-बल्लों से लैस होकर सड़क से गुजर रहे ट्रक चालकों के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दो चालकों को बुरी तरह पीटते हुए देखा जा सकता है। मारपीट के दौरान एक चालक के सिर में गंभीर चोट लगने के बाद वह सड़क पर गिर पड़ा। आरोप है कि घायल होकर गिर जाने के बाद भी हमलावरों ने उन पर लाठियां बरसाना जारी रखा। घटना में घायल सारण जिले के मशरख थाना क्षेत्र के सरदारगंज निवासी ट्रक चालक राजकुमार राम ने वीडियो जारी कर अपनी आपबीती सुनाई है। उन्होंने बताया कि वह अपने तीन ट्रकों के साथ कोईलवर-चांदी मार्ग से संदेश क्षेत्र में बालू लोड करने जा रहे थे। इसी दौरान धनडीहा गांव के समीप कुछ लोगों ने ट्रकों को रोककर रंगदारी की मांग की। पीड़ित के अनुसार रुपये देने से इनकार करने पर पहले कहासुनी हुई, जो बाद में गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। आरोप है कि तीन-चार युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें तथा उनके साथ मौजूद अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस संबंध में राजकुमार राम ने एससी/एसटी थाना में आवेदन देकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# आज से खुलेगा समर्थ पोर्टल, स्नातक नामांकन प्रक्रिया होगी शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2026-30 के नामांकन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए समर्थ पोर्टल मंगलवार से विद्यार्थियों के लिए खोल दिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि छात्र-छात्राएं इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहली बार विश्वविद्यालय में नामांकन की पूरी प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के जरिए संचालित की जा रही है, जिससे प्रवेश व्यवस्था अधिक पारदर्शी और सुगम होने की उम्मीद है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 1 जुलाई से होनी है। इसे ध्यान में रखते हुए समय पर नामांकन प्रक्रिया पूरी कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नामांकन से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं और तकनीकी स्तर पर अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

हालांकि, पेमेंट गेटवे से जुड़ी तकनीकी समस्या के कारण पोर्टल शुरू होने में कुछ देरी हुई। जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन शुल्क जमा करने के लिए आवश्यक पेमेंट गेटवे की स्वीकृति समय पर नहीं मिल पाई थी। इसके लिए लगभग दस दिन पहले आवेदन किया गया था, लेकिन मंजूरी लंबित रहने के कारण दिल्ली स्थित तकनीकी टीम पोर्टल को सक्रिय नहीं कर पा रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कुलपति प्रो. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने स्वयं इसकी निगरानी की। पिछले एक सप्ताह से वे संबंधित अधिकारियों और विभागों के संपर्क में रहकर तकनीकी बाधाओं को दूर करने का प्रयास करते रहे। सोमवार को वैकल्पिक बैंकिंग व्यवस्था पर विचार किए जाने के बाद पेमेंट गेटवे संबंधी समस्या का समाधान निकाला गया और पोर्टल शुरू करने का रास्ता साफ हो गया। विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि हर हाल में मंगलवार तक समर्थ पोर्टल विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा। वहीं, राजभवन ने सभी विश्वविद्यालयों को 1 जुलाई से नियमित कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया है। ऐसे में समयबद्ध तरीके से नामांकन प्रक्रिया पूरी करना विश्वविद्यालय के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि परीक्षा और परिणाम समय पर जारी होने से विद्यार्थियों में नए सत्र को लेकर उत्साह बढ़ा है। इसके अलावा, जिले के 15 प्रखंडों में संचालित डिग्री कॉलेजों में भी इसी पोर्टल के माध्यम से नामांकन के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। यदि पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय के भीतर संपन्न हो जाती है तो शैक्षणिक कैलेंडर को नियमित बनाए रखने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

## बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की बैठक

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर के छोटी बलिया हरिओम नगर में शंकर पंडित के दरवाजे पर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य कुम्भकारी पेशा में खनन विभाग द्वारा की जा रही परेशानियों पर चर्चा करना था जिसमे सर्वसम्मति से खनन विभाग द्वारा की जा रही परेशानियों की निंदा की गई साथ ही बैठक में कई वक्ताओं ने अपने विचार प्रगट किया। वक्ताओं में विश्वनाथ पंडित, रामबहादुर पंडित, रामाश्रय पंडित, रामप्रीत पंडित, कन्हैया पंडित, अजय कुमार दिवाकर सहित कई लोग विचार रखे। बैठक में कुम्हार जाति के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर आशा कार्यकर्ताओं बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नावकोठी में सोमवार को विभिन्न पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों से संबद्ध आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने की। बैठक में डॉ. चौधरी ने कहा कि आरोग्य दिवस के अवसर पर शत-प्रतिशत संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए सर्वेक्षण एवं ड्यू-लिस्ट का डिजिटलाइजेशन किया गया है। उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ताओं को इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रत्येक आशा को अपने पोषक क्षेत्र का नियमित भ्रमण कर डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए ओआरएस का वितरण करने तथा इसके सही उपयोग की जानकारी लोगों तक पहुंचाने को कहा गया। उन्होंने बताया कि अधिकांश आशा कार्यकर्ताओं का कार्य एम-आशा एप पर संतोषजनक नहीं पाया गया है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें विशेष प्रशिक्षण देकर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। आरोग्य दिवस पर टीकाकरण अभियान को गंभीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर बल दिया गया। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत गर्भनिरोधक अस्थायी साधनों के प्रति लोगों को जागरूक करने, किशोरियों को टीकाकरण के दूसरे डोज के लिए प्रेरित करने, टेलीमेडिसिन सेवाओं को बढ़ावा देने तथा टीबी मुक्त पंचायत बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। साथ ही 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-436, दिनांक 05.06.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना।** सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-436, कार्य का नामः** (1) एमएलडीटी मंडल के तहत डीआरएच/एमएलडीटी, हेल्थ यूनिट एसबीजी एवं बीजीपी में विद्युत आपूर्ति में वृद्धि के संबंध में विद्युतीय कार्य के साथ अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। (2) एनएफके एवं एसजीजी स्टेशनों में 40 केएलडी क्षमता को पहले से तैयार वेस्ट वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट की स्थापना। **निविदा मूल्यः** रु. 1,27,51,029.40; **बयाना राशिः** रु. 2,55,000; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः** 15.06.2026 से 29.06.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः** www.ireps.gov.in तथा सीनियर डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय के सूचना पट्ट पर। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(MLD-79/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-433, दिनांक 05.06.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना।** सीनि. डीईई(जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-433. कार्य का नामः** (1) मालदा मंडल के एसबीजी-बीजीपी अनुभाग में जीजीए-एलएलएम स्टेशनों के बीच किमी. 286/5-6 पर एलसी गेट सं. 8/एसपीएल के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (2) मालदा मंडल के बीजीपी -जेएमपी अनुभाग में एनएटी-एकेएन स्टेशनों के बीच किमी. 314/9-315/0 पर एलसी गेट सं. 2ए के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (3) मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी अनुभाग में एनएटी-एकेएन स्टेशनों के बीच किमी. 316/7-8 पर एलसी गेट सं. 2 के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (4) मालदा मंडल के बीजीपी -जेएमपी अनुभाग में एकेएन-एसजीजी स्टेशनों के बीच किमी. 325.636 पर एलसी गेट सं. 7 के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (5) मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी अनुभाग में एसजीजी-जीएनएनए स्टेशनों के बीच किमी. 331.629 पर एलसी गेट सं. 11 के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (6) मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी अनुभाग में आरपीयूआर यार्ड में किमी. 351/8-9 पर एलसी गेट सं. 16 के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (7) मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी अनुभाग में जेएमपी-डीआरटीपी स्टेशनों के बीच किमी. 361/6-7 पर एलसी गेट सं. 16/एसपीएल के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (8) मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू अनुभाग में जेएमपी-डीआरटीपी स्टेशनों के बीच किमी. 362/7-8 पर एलसी गेट सं. 17/एसपीएल के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (9) मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू अनुभाग में एमएसडीएन-एएचए स्टेशनों के बीच किमी. 377/9-378/0 पर एलसी गेट सं. 23 के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (10) मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू अनुभाग में एएचए-केजेएच स्टेशनों के बीच किमी. 382/6-7 पर एलसी गेट सं. 26 के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (11) मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू अनुभाग में एएचए-केजेएच स्टेशनों के बीच किमी. 386/4-5 पर एलसी गेट सं. 27/एसपीएल के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (12) मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू अनुभाग में डीएनआरई-केईयू स्टेशनों के बीच किमी. 400/0-1 पर एलसी गेट सं. 34/एसपीएल के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। (13) मालदा मंडल के बीजीपी-एमडीएलई अनुभाग में बीएचएलपी-पीजेएलई स्टेशनों के बीच किमी. 41/14-15 पर एलसी गेट सं. 29 के स्थान पर सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 1,38,79,083.20; **बयाना राशिः** रु. 2,77,600; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः** 15.06.2026 से 29.06.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः** www.ireps. gov.in तथा सीनियर डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(MLD-77/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उत्तर कोयल नहर परियोजना का 64.42% कार्य पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल नहर परियोजना के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों, भूमि अधिग्रहण, वितरण प्रणाली, निविदा प्रक्रिया एवं परियोजना की समग्र प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा सोमवार को बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी शुभेंद्र कुमार झा, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान परियोजना के विभिन्न निर्माण पैकेजों की वर्तमान स्थिति, भौतिक प्रगति, मशीनरी एवं मानव संसाधन की उपलब्धता, भूमि अधिग्रहण की प्रगति, भुगतान की स्थिति, लंबित प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यों तथा वितरण प्रणाली के क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना की कुल प्रगति पर चर्चा करते हुए अवगत कराया गया कि वर्तमान में परियोजना की कुल भौतिक प्रगति 64.42 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है जबकि पिछले 14 दिनों में 3.01 प्रतिशत अतिरिक्त प्रगति दर्ज की गई है। विभिन्न निर्माण पैकेजों के अंतर्गत नहर निर्माण, संरचनात्मक कार्य एवं लाइनिंग कार्य प्रगति पर हैं। औरंगाबाद जिले के अंतर्गत परियोजना के कुल 07 निर्माण पैकेज (पीकेजी-3 से पीकेजी-9) संचालित हैं जिनकी कुल लंबाई लगभग 58.618 किलोमीटर है। कई पैकेजों में निर्माण कार्य संतोषजनक गति से संचालित पाए गए, जबकि कुछ पैकेजों में उपलब्ध मशीनरी एवं मानव संसाधन को बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता बताई गई। मानव संसाधन एवं मशीनरी की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा आवश्यक संख्या की तुलना में सीमित संसाधनों के साथ कार्य किया जा रहा है। इस पर मुख्य सचिव ने संबंधित कार्य एजेंसियों को संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर निर्माण कार्यों में अपेक्षित गति लाने का निर्देश दिया। भूमि अधिग्रहण की स्थिति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बिहार क्षेत्र में परियोजना हेतु कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी है, जिसमें से 38.5936 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 2.6574 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। संबंधित रैयतों को नोटिस निर्गत कर भुगतान एवं अभिलेखीय प्रक्रियाओं को त्वरित रूप से पूर्ण किया जा रहा है तथा शेष अधिग्रहण कार्य को 10 जून तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना से जुड़े सभी लंबित कार्यों, विशेषकर भूमि अधिग्रहण, भुगतान एवं निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए।

## दो पक्षों के बीच मारपीट, कई घायल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** माली थाना क्षेत्र के चरण गांव में मोबाइल को लेकर शुरू हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जातिसूचक गाली-गलौज, मारपीट और लाठी-डंडे से हमला करने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पहले पक्ष के रंजय कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि छह जून की रात चरण बाजार में मोबाइल विवाद को लेकर कुछ लोगों ने उसके मित्र राजा कुमार के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया जिसमें कई लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के रशीद अंसारी ने भी आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उसके पुत्र हदीश अंसारी के खोए हुए मोबाइल के संबंध में पूछताछ के बाद विवाद हुआ।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार को हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एनटीपीसी खैरा अंतर्गत नवीनगर-बारून पथ पर बाइक सवार एनटीपीसी कर्मी की मौत पीकअप की टक्कर से हो गई। मृतक की पहचान रतनकर्मा गांव निवासी 30 वर्षीय अनिल सिंह के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार वे थाना क्षेत्र के केरका गांव अपनी बहन के घर से एनटीपीसी जा रहे थे तभी उस जगह एक पीकअप की टक्कर से हादसे के शिकार हो गए। फिलहाल पीकअप को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा ओबरा थाना अंतर्गत ओबरा बाजार स्थित बेल मोड़ के समीप सड़क पार करते वक्त अज्ञात बाइक ने वृद्ध महिला को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के श्रीगोरेया गांव निवासी रामप्रसाद यादव की पत्नी मुंगेश्वरी देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार महिला ई-केवाईसी कराने के लिए बैंक जा रही थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

# 18 केंद्रों पर होगी अधिनायक लिपिक पद की लिखित परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग पटना के निर्देशानुसार बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में अधिनायक लिपिक पद पर नियुक्ति के लिए प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा 10 जून को जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसको लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशनुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन के उद्देश्य से ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहेंगे। स्टैटिक मजिस्ट्रेट प्रेक्षक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा परीक्षा प्रारंभ होने के कम-से-कम दो घंटे पूर्व संबंधित परीक्षा केंद्र पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय पूर्वाह्न 10 बजे से आधा घंटा पूर्व अर्थात 09:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। निर्धारित समय के पश्चात विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अपर समाहर्ता ने सभी केंद्राधीक्षकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों की सघन एवं प्रभावी फ्रिस्किंग सुनिश्चित की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र एवं वैध फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त किसी प्रकार का कागजात, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक एवं आपत्तिजनक सामग्री लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश न करे। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग हेतु अलग कक्ष अथवा घेरायुक्त स्थल की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया।

# विशेष अभियान के तहत 42 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 12 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एसटी-एससी एक्ट में 4, हत्या के प्रयास में 5, मद्य निषेध अधिनियम के तहत एक तथा अन्य मामलों में 32 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 600 लीटर स्प्रिट एवं एक कार जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1240 वाहनों की जांच की गई जिसमें 25000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# 15 दिनों में होटल, रेस्टोरेंट और अस्पताल में लगाना होगा फायर सेफ्टी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हालिया गंभीर अग्निकांडों की घटनाओं को देखते हुए जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा एवं अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु विभागीय निर्देशानुसार जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस निरीक्षण अभियान में सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी जयराम सिंह, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी सोनाली कुमारी, प्रधान अग्निक रोहित राज, अग्निक चालक गंजीत कुमार पाण्डेय एवं अग्निक सोनू कुमार शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान जिले के महत्वपूर्ण अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटलों, लॉज, अतिथि गृह तथा अन्य आवासीय एवं ठहराव संबंधी प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया गया। जिन संस्थानों में आवश्यक अग्नि सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं पाई गई, उन्हें 15 दिनों के भीतर सभी मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नोटिस निर्गत किया गया। निर्धारित अवधि के भीतर अनुपालन नहीं होने की स्थिति में संबंधित अस्पताल, नर्सिंग होम, होटल, लॉज, अतिथि गृह एवं अन्य प्रतिष्ठानों को सील करने की अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। इस क्रम में जिले के प्रमुख प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें स्काई व्यू होटल, शुभम इंटरनेशनल, मृगनयनी होटल सहित अन्य संस्थान शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अग्नि चेतावनी प्रणाली, धुआँ पहचान यंत्र, आपात निकासी योजना, अग्नि निर्गमन संकेतक तथा अग्निशमन यंत्रों की कार्यशीलता की जांच की गई। कई स्थानों पर अग्नि सुरक्षा उपकरण अक्रियाशील अथवा मानक अनुरूप नहीं पाए गए, जिस पर संबंधित संस्थानों को अविलंब सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिले के प्रमुख अस्पताल एवं नर्सिंग होम जैसे जेरों-गंगा अस्पताल, अनुशीला अस्पताल, अजनेरी अस्पताल तथा सुंदा नर्सिंग होम का भी निरीक्षण किया गया तथा सभी संस्थानों को अग्नि सुरक्षा प्रबंधन सुदृढ़ एवं मानकानुसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# भाजपा नेता विनय शर्मा के निधन पर पूर्व सांसद सुशील सिंह ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने ओबरा प्रखंड के खुदवां गांव निवासी भाजपा नेता विनय शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए नम आंखों से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। पूर्व सांसद ने अपने शोक संदेश में कहा कि विनय शर्मा उनके अनन्य सहयोगी थे और हर सुख-दुःख तथा विपरीत परिस्थितियों में चट्टान की तरह उनके साथ खड़े रहते थे। उन्होंने कहा कि विनय शर्मा के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद, पीड़ादायक और मर्माहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि विनय शर्मा का निधन उनके लिए केवल एक सहयोगी का नहीं, बल्कि एक आत्मीय अभिभावक और स्नेही बड़े भाई का बिछोह है, जो एक अपूरणीय व्यक्तिगत क्षति के समान है। पूर्व सांसद ने कहा कि उनका स्नेह, सहयोग, समर्पण और आत्मीय व्यवहार सदैव स्मृतियों में जीवंत रहेगा। वे परिवार के सदस्य की तरह थे और उनका जाना एक ऐसी रिक्तता छोड़ गया है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। पूर्व सांसद ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक-संतप्त परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति, धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। विनय शर्मा के निधन पर भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, मनोज शर्मा, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, अश्विनी सिंह, राजकुमार सिंह, अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, रवि सिंह, आशु अभिनव, आदित्य शेखर, प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह, सुनील शर्मा, मुकेश सिंह, अनिता सिंह, आलोक सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, नीलमणी कुमार, आशुतोष शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, बिनोद सिंह, अमरीश सिंह, रविन्द्र शर्मा, मुनीन्द्र राम, उदय सिंह, विनय सिंह, जिला खादी ग्रामोद्योग समिति के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शिक्षाविदों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

# एनएच-139 फोरलेन संघर्ष समिति ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-139) को फोरलेन बनाने की मांग को लेकर जिले में जनआंदोलन का स्वर तेज होता जा रहा है। एनएच-139 फोरलेन संघर्ष समिति, औरंगाबाद ने सोमवार को शहर के अनुग्रह मध्य विद्यालय के समीप धरना देकर बिहार के राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर इस महत्वपूर्ण सड़क को शीघ्र फोरलेन में परिवर्तित करने, प्रस्तावित बायपास योजना पर पुनर्विचार करने तथा सड़क सुरक्षा के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है। समिति ने अपने ज्ञापन में एनएच-139 को 'मौत का कुआं' बताते हुए कहा है कि सड़क की जर्जर और संकरी स्थिति के कारण पिछले दस वर्षों में औरंगाबाद जिले में करीब 2500 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में जान जा चुकी है। वहीं आईआरएडी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच औरंगाबाद-पटना मार्ग पर हर वर्ष औसतन 200 लोगों की मौत और लगभग 500 लोग घायल हुए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि बिहार सरकार ने सभी जिला मुख्यालयों को पटना से फोरलेन सड़क मार्ग से जोड़ने की नीति बनाई थी लेकिन औरंगाबाद एवं अरवल आज भी इस सुविधा से वंचित हैं। समिति ने दावा किया है कि एनएचएआई के मानकों के अनुसार किसी दो लेन सड़क पर प्रतिदिन 12 हजार से अधिक वाहनों का परिचालन होने पर उसे फोरलेन में परिवर्तित किया जाना चाहिए जबकि वर्तमान में इस मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 40 हजार वाहनों का आवागमन हो रहा है। इसके बावजूद अब तक सड़क का चौड़ीकरण नहीं किया गया है। समिति की ओर से कुमार सौरभ सिंह, ई. सुबोध कुमार सिंह, चुलबुल सिंह, रामानुज पांडेय, प्रेमेंद्र मिश्र, रामकेवल सिंह, मनोज कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, नंदकिशोर यादव, कमलेश कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सुचित कुमार सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर इस मांग का समर्थन किया है। जिले के लोगों का मानना है कि एनएच-139 का फोरलेन निर्माण न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और औद्योगिक विकास को भी नई गति देगा।

# देव सूर्य मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा पर जिलाधिकारी का जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण देव सूर्य मंदिर परिसर का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ रहे तापमान को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का आकलन करना तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाना था। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर में उपलब्ध पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंधन, छायादार विश्राम स्थल, शौचालय, चिकित्सा सहायता, साफ-सफाई एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू एवं प्रभावी रूप से संचालित रहें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने, अतिरिक्त जल बिंदु स्थापित करने, परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी एवं पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

